ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2079 • बुधवार, 01 मार्च 2023 • वर्ष-29 • अंक-136 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

रानी मुखर्जी ने 'मिसेज चटर्जी बनाम नॉर्वे' के... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

सदन में राष्ट्रगान के मुद्दे पर विपक्षी विधायकों का हंगामा

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में सोमवार को हुए राष्ट्रगान के अपमान के मुद्दा को लेकर विपक्षी विधायकों ने जमकर बवाल काटा। भाजपा के सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि कल सदन में राज्यपाल के अभिभाषण से पहले राष्ट्रगान के समय कई अधिकारी दीर्घा में बैठे थे। यह राष्ट्रगान का अपमान है। भाजपा ने 10 विधायकों का हस्ताक्षरयुक्त पत्र स्पीकर को भेजा। सीसीटीवी फुटेज से अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए सीएम के सुरक्षा प्रभारी

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुरक्षा प्रभारी विमल कुमार मंगलवार को ईडी के दफ्तर में नहीं पहुंचे। मंगलवार को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उन्हें प्रेम प्रकाश के आवास से एके 47 बरामदगी मामले में पूछताछ के लिए जारी समन किया गया था। उन्हें सुबह 11 बजे पूछताछ में शामिल होना था, लेकिन वह नहीं आए। सूत्रों ने बताया कि ईडी को विमल कुमार की ओर से कोई औपचारिक या अनौपचारिक सूचना नहीं मिली कि वह आ रहे हैं या नहीं।

ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम निलंबित

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को सरकार ने निलंबित कर दिया है। इस संबंध में सोमवार देर रात झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि वीरेंद्र राम को ईडी के हिरासत में लिए जाने के कारण अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है। निलंबन की अवधि में वीरेंद्र राम को झारखंड सरकारी सेवक के तहत जीवन निर्वाह भत्ता अनुमन्य होगा। हिरासत से रिहा होने पर वीरेंद्र राम को जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर के पद पर योगदान समर्पित करेंगे।

प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज पिटिशन खारिज

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद चर्चित व्यवसायी प्रेम प्रकाश की ओर दाखिल डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया है। अब आरोप गठन के बिंदु पर अदालत में सुनवाई होगी। इससे पूर्व 25 फरवरी को अदालत ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाइकोर्ट से भी खारिज हो चुकी है। प्रेम प्रकाश, पंकज मिश्रा और बच्चू यादव के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र पूर्व में ही दाखिल कर दिया है। इनमें से पंकज मिश्रा एवं बच्चू यादव के खिलाफ ईडी कोर्ट ने आरोप गठित कर दिया है।

पुलवामा मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, एक जवान शहीद

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में मंगलवार को मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और एक जवान शहीद हो गया। दो आतंकवादियों में से आकिब मुस्ताक भट रविवार को जिले में मारे गए एक कश्मीरी हिंदू संजय शर्मा की हत्या के लिए जिम्मेदार था। पुलिस ने बताया कि भट ने शुरूआत में आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के लिए काम किया था, लेकिन वर्तमान में वह प्रतिरोधी मोर्चा आतंकवादी समूह से जुड़ा हुआ था। हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

पलामू : सड़क हादसे में होने वाली मौत को रोकना बड़ी चुनौती

फरवरी में औसत हर दिन एक व्यक्ति की जान गई है, चौकसी बढ़ी

उपेन्द्र कुमार

मेदिनीनगर। पलामू में सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन हादसों में मरने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। पुलिस हर उपाय कर रही है, लेकिन वो पूरी तरह से कामयाब नहीं हो पा रही है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि सड़क हादसों में होने वाली मौत का आंकड़ा तेजी से बढ़ता जा रहा है। वाहन चेकिंग भी सख्त हुई है। सड़कों पर कई उपाय किए जा रहे हैं। लेकिन मौत रूक नहीं रही है। फरवरी के पहले पखवाड़े में पलामू जैसे इलाके में 17 लोगों की मौत हुई थी। जबकि दूसरे पखवाड़े में 13 से अधिक लोगों की मौत हुई है। फरवरी में औसत हर दिन एक व्यक्ति की जान गई है। पलामू में लगातार सड़क हादसों से डेथ जोन साबित हो रहा है। 300 से ज्यादा ड्राइवरों का नेशनल हाइवे हो या ग्रामीण सड़क लगातार दुर्घटना हो रही है। इन दुर्घटनाओं में मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। 2022 में पलामू में सड़क हादसों में 164 लोगों की मौत हुई थी। 2021 में 154 जबकि 2020 में 163 लोगों की मौत हुई थी। सड़क हादसों में ज्यादातर मरने वाले की उम्र 20 से 25 वर्ष की है। पलामू जैसे इलाके में औसतन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली 10 मौतों में से सात मौत कम उम्र के लोगों की है। 2023 के शुरूआती महीनों में

पलामू में सड़क हादसों के 60 से भी अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 45 से अधिक मौत हुई है। सड़कों पर वाहन चेकिंग सख्ती से की जा रही है और जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सड़क हादसों से होने वाली मौतों को रोकना बड़ी चुनौती है। मामले में जागरुकता अभियान भी चला रहे हैं। नुक्कड़ नाटक हो या स्कूल कॉलेजों में जागरुकता अभियान चलाकर पुलिस लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन करने के लिए अपील कर रही है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस सड़क हादसों को लेकर गंभीर है। ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजना भी तैयार की गई है। ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और सड़कों पर पुलिस की पहरेदारी अधिक बढ़ाई गई। एसपी ने कहा कि वे आम लोगों से भी सड़क हादसों के प्रति जागरूक रहने और सावधान रहने की अपील करते हैं। एसपी ने बताया कि ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर सड़क हादसों को रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। पलामू में दो दर्जन से भी अधिक ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। जहां सड़क हादसों में लगातार लोगों की मौत होती है। हाल के दिनों में ट्रैफिक नियम तोड़ने के मामले में पलामू में फरवरी महीने में अकेले 3700 वाहनों से फाइन वसूला गया है।

नक्सली विपिन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार के नेतृत्व में नक्सली एरिया कमांडर निशांत के सदस्य का एक व्यक्ति विपिन कुमार पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले लेवी को लेकर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सलियों के द्वारा हिमालया कंपनी के कार्य में लगे एक बोलेरो वाहन को जलाया गया था। इस संबंध में मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सली विपिन पासवान भीम चूल्हा की ओर घूम रहा है।

इस गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस एक टीम बनाकर वहां पहुंची और विपिन पासवान को दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि विपिन पढ़ा लिखा इंसान है। वह एक-दो वर्षों से नक्सली एरिया कमांडर निशांत के सदस्य में शामिल होकर अन्य घटनाओं को अंजाम देने का काम करता था। पकड़े गए नक्सली ने अपने साथियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी है जो गुप्त रखा गया है।

सीएम कह चुके थे कि नौजवानों की इच्छानुसार

नियुक्ति प्रक्रिया अपनायेंगे

इसलिए हुई आवश्यकता

विभिन्न मंचों से मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य अलग होने में लंबा समय लगा। राज्य के लोगों के लिए हितकारी नियोजन नीति लाने के उद्देश्य ने सरकार ने कदम बढ़ाया था, जिसे वापस कर दिया गया। स्थानीय युवाओं, भाषाओं एवं लोक-संस्कृति की शर्त देश के विभिन्न राज्यों में लागू हैं। भाषा के सम्बन्ध में कई राज्यों में स्पष्ट नीति है जो नियुक्ति प्रक्रिया का मुख्य आधार भी है। देश के लगभग सभी राज्यों ने अपने युवाओं को अपने यहां नौकरी में अवसर देने के लिए उपयुक्त नियोजन नीति बनाई है लेकिन यह भी सच था कि नयी नीति लाकर नियोजन प्रक्रिया पूरा करने के क्रम में बहुत सारे अभ्यर्थियों की उम्र चली जाती। शिक्षक,पुलिस, कर्मचारी के बहुत सारे पद खाली हैं, ऐसे में राज्य में राज्य के युवाओं के मत को जानने की आवश्यकता महसूस की गयी, जिससे ससमय नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जा सके।

2016 के पहले वाली नियोजन नीति पर सर्वे

73 प्रतिशत युवा पक्ष में कैसे हुआ सर्वे

भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी ने किया सर्वे

7,33,921 लोगों से जानी गई उनकी राय

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में खतियान आधारित नियोजन नीति पर अंतिम निर्णय लेते हुए विधानसभा से इस सम्बन्ध में विधेयक पारित करते हुए आगे के निर्णय के लिए राज्यपाल के पास भेजा था। राज्य सरकार का इस संदर्भ में स्पष्ट मानना था कि 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति एवं पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची का संरक्षण मिल जाने के बाद ही बहाल किया जाए। इन परिस्थितियों में जब राज्यपाल द्वारा राज्य सरकार का प्रस्ताव वापस कर दिया गया। ऐसे में एक तात्कालिक कदम की जरूरत को महसूस करते हुए राज्य के युवाओं से इस सम्बन्ध में राय जानने का प्रयास किया गया। क्योंकि, पूर्व की सरकार के समय लाई गयी 13/11 वाली नियोजन नीति को भी न्यायालय द्वारा रद्द करने का आदेश पारित किया जा चुका था। ऐसे युवाओं का राय जानना था कि क्या तात्कालिक तौर पर पूर्व की नियोजन नीति 2016 के पहले वाली के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार ने भारत सरकार की 'मिनी रत्न' कंपनी को राय लेने का जिम्मा सौंपा। राय के लिए कुल 7,33,921 लोगों तक पहुंच बनाई गई। झारखंड के 73 प्रतिशत युवाओं ने 2016 से पहले वाली नियोजन नीति के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति जताई। उल्लेखनीय है कि विधानसभा के शीत कालीन सत्र के दौरान ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू में आज से बदल जायेंगे कई नियम, बढ़ेंगे दाम

मेदिनीनगर। पलामू में आज से बैंक और पैसे से जुड़े कई नियम बदल जायेंगे। इन नियमों का असर आम आदमी के रोजाना के जीवन पर नजर आयेगा। ये नियम होम लोन, कार लोन की ईएमआई से जुड़े हैं। हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी के दाम भी जारी होते हैं।

बढ़ सकती है लोगों की ईएमआई:-भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में रेपो रेट में बढ़ोतरी की है। इसके बाद कई बैंकों ने एमसीएलआर दरों में बढ़ोतरी की है। इसका सीधा असर लोन और ईएमआई पर पड़ेगा। कर्ज की ब्याज दरें बढ़ सकती हैं और ईएमआई का बोझ आम आदमी को परेशान कर सकता है।

रसोई गैस के दामों में हो सकती है वृद्धि : एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी गैस के दाम हर महीने की शुरूआत में तय होते हैं। हालांकि पिछली बार रसोई गैस सिलेंडर के दाम नहीं बढ़े थे। लेकिन इस बार उम्मीद की जा रही है कि त्योहार के चलते कीमत में इजाफा हो सकता है।

ट्रेनों की समय सारिणी में होगा बदलाव : गर्मियों के आगमन के कारण भारतीय रेलवे समय सारिणी में कुछ बदलाव कर सकता है।

मार्च में 12 दिन बैंक रहेंगें बंद

मार्च में होली और नवरात्रि समेत 12 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसमें साप्ताहिक बैंक अवकाश भी शामिल है। भारत में बैंक महीने के पहले और तीसरे शनिवार को खुले रहते हैं। जबकि दूसरे और चौथे शनिवार को बैंकों में अवकाश रहता है। मार्च में भारतीय रिजर्व बैंक कैलेंडर के मुताबिक निजी और सरकारी बैंक 12 दिन बंद रहेंगे।

इसकी लिस्ट मार्च में जारी हो सकती है। एक मार्च से हजारों पैसेंजर ट्रेनों और 5 हजार मालगाड़ियों के टाइमटेबल में बदलाव किया जा सकता है।

सोशल मीडिया से जुड़े नियम में भी होगा बदलाव : भारत सरकार ने आईटी नियमों में बदलाव किया है। ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अब भारत के नए नियमों का पालन करना होगा। नया नियम धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर लागू होगा। यह नया नियम मार्च में लागू किया जा सकता है। गलत पोस्ट करने पर यूजर्स को जुर्माना भी भरना पड़ सकता है।

भाजपा विधायक ढुल्लू महतो को जमानत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाई कोर्ट से विधायक ढुल्लू महतो को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की अदालत में मंगलवार को केंदुआडीह थाना से जुड़े एक मामले में भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की जमानत याचिका पर हुई। कोर्ट ने मामले में ढुल्लू महतो को जमानत प्रदान कर दी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में केस डायरी की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि मामले के सूचक रामेश्वर तूरी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। ढुल्लू महतो के विरुद्ध धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 132 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में उनके खिलाफ हत्या का प्रयास, रंगदारी मांगने और आर्म्स एक्ट समेत कई धाराएं लगायी गयी है। धनबाद जिला अदालत ने इस केस में ढुल्लू महतो को बेल देने से इंकार कर दिया है, जिसके बाद उन्होंने झारखंड हाई कोर्ट के दरवाजा खटखटाया है।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट (एआई) का इस्तेमाल करना जरूरी : कुंदन

एआई को वरदान के रूप में देखें, अभिशाप के रूप में नहीं

झारखंड सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत

प्रदूषण, शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में बेहतर परिणाम मिलेंगे

विशेष प्रतिनिधि। रांची

विटी रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष कुंदन के लाल ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट (कृत्रिम बुद्धिमता) एक तकनीकी है जो विश्व के कई देश इस्तेमाल कर रहे हैं। आप इसे नकार नहीं सकते। अब यह सरकार पर है कि वह इसका इस्तेमाल किस प्रकार करती है। तकनीकी आ चुकी है। अब आप आंखें बंद कर लें तो आपकी मर्जी। आंखें खुली रखेंगे तो यह तकनीकी आपको दिखेगी, आप महसूस करेंगे कि इसकी क्षमता क्या है। फिर आपको उसके अनुसार चलना पड़ेगा। एआई का इस्तेमाल न करना कहीं से भी बुद्धिमता भरा फैसला नहीं कहा जा सकता।

मूलतः हजारीबाग के रहने वाले कुंदन के लाल यहां मोरहाबादी में चल रहे पर्यावरण मेले में शामिल होने के लिए आए थे। एक विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट) को अभिशाप के रूप में देखने की कोई जरूरत नहीं है। इसे वरदान के रूप में देखने की कोशिश करनी चाहिए। एआई से आप उन हर क्षेत्रों में असाधारण सफलता प्राप्त कर सकते हैं, जो अब तक आपके लिए अबूझ है या जिसे आप नामुमकिन समझते हैं। एआई तमाम समस्याओं का समाधान है और इसे भारत जितनी जल्दी एडाप्ट करेगा, उसके लिए उतना ही बेहतर होगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को एआई के संबंध में उन्होंने एक प्रपोजल दिया है। अभी उस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। झारखंड जैसे राज्य में पानी, ऊर्जा सरीखे कई मसले हैं जिन पर एआई के माध्यम से काफी काम किया जा सकता है। कई क्षेत्र ऐसे हैं, जिन पर ध्यान दिया जाए तो झारखंड काफी आगे निकल जाएगा। जरूरत है कि उस प्रपोजल पर ध्यान दिया जाए। हमने उन्हें एक ऑटोनोमस इंस्टीट्यूट बनाने का भी सुझाव दिया है ताकि जब काम हो तो प्रापर वे में हो। यह पूछे जाने पर कि देश में एआई पर इन्वेस्टमेंट की क्या स्थिति है, उन्होंने निराशा जाहिर करते हुए कहा कि सरकार को एआई में जितना इन्वेंस्टमेंट करना चाहिए था, उतना नहीं हुआ। हम लोग अभी यूरोपीयन कंट्री से काफी पीछे हैं। यहां तक कि चीन भी एशिया का ही एक देश है लेकिन उसने एआई की ताकत को बहुत पहले समझ लिया था और उसने ठीक-ठाक धनराशि इसके ऊपर खर्च कर की है। अमेरिका ने तो भारत के कुल बजट से ज्यादा इस फील्ड में निवेश कर रखा है। अब आप ही सोचें, जितना हमारा कुल बजट है, उससे ज्यादा अमेरिका ने सिर्फ एआई में निवेश कर रखा है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सुनवाई

मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

चीफ जस्टिस ने कहा, हाई कोर्ट जाइये

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति मामले में जमानत के लिए मंगलवार (28 फरवरी) को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उनकी याचिका पर चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पी एस नरसिम्हा की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने मामले को सुनने से इनकार करते हुए सिसोदिया को हाई कोर्ट जाने के लिए कहा है। आप नेता मनीष सिसोदिया फिलहाल सीबीआई की हिरासत में हैं। सीजेआई ने कहा कि आप सीधे सुप्रीम कोर्ट से जमानत और दूसरी राहत मांग रहे हैं। आपने अर्णब गोस्वामी और विनोद दुआ केस का हवाला दिया पर वह इससे बिल्कुल अलग थे। आपको निचली अदालत से बेल लेनी चाहिए, एफआईआर रद्द करवाने के लिए हाई कोर्ट जाना चाहिए। सिसोदिया की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने कहा

कि मुझे सिर्फ 3 मिनट बोलने दीजिए। मुझे (सिसोदिया को) सिर्फ 2 बार पूछताछ के लिए बुलाया गया। गिरफ्तारी से पहले अरणेश कुमार मामले में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन नहीं हुआ। न मुझ पर सबूत से छेड़छाड़ का आरोप है, न मेरे भागने का अंदेशा था। सीजेआई ने कहा कि ये बातें सही हो सकती हैं, लेकिन सीधे सुप्रीम कोर्ट इसे नहीं सुन सकता। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि मामला दिल्ली का है, इसका मतलब यह नहीं कि आप सीधे सुप्रीम कोर्ट आ जाएं। सिंघवी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट मौलिक अधिकारों का संरक्षक है। सीजेआई ने पूछा कि केस किस धारा में है। सिंघवी ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7 का है। सीजेआई ने कहा कि आप जो भी कह रहे हैं, वह हाई कोर्ट को कहिए। हम नहीं सुनेंगे। सिंघवी ने कहा कि रोस्टर के हिसाब से हाई कोर्ट में जिस जज के पास मामला जाना है, वह एक ट्रिब्यूनल का भी काम देख रहे हैं, वह व्यस्त हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सिसोदिया और जैन का इस्तीफा स्वीकार

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। मनीष सिसोदिया के पास कई विभागों का जिम्मेदारी थी। सत्येंद्र जैन के जेल जाने के बाद उनके विभाग का काम मनीष सिसोदिया ही देख रहे थे।

इसरो का सीई-20 इंजन का परीक्षण हुआ कामयाब

एजेंसी। महेंद्रगिरि(तमिलनाडु)

चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण वाहन के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण को रफ्तार देने वाले सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण सफल रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी। इसरो ने बताया कि 24 फरवरी को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में स्थित इसरो प्रणोदन परिसर के हाई एल्टीट्यूड प्रक्षेपण केंद्र में 25 सेकंड की निर्धारित अवधि के लिए उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण किया गया था। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार (27 फरवरी) को एक बयान जारी कर कहा, ह्वपरीक्षण के दौरान इंजन सभी प्रणोदन मानकों पर खरा उतरा और उसका प्रदर्शन अनुमान के मुताबिक मिला ह्व इसरो ने कहा कि क्रायोजेनिक इंजन के पूरी तरह से एकीकृत उड़ान क्रायोजेनिक चरण को साकार करने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

भारत का तीसरा चंद्र मिशन

चंद्रयान-3 भारत का तीसरा चंद्र अभियान है, जिसके तीन प्रमुख मॉड्यूल में प्रणोदन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल और रोवर शामिल है। मिशन की जटिलता को देखते हुए तीनों मॉड्यूल के बीच रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) संचार लिंक स्थापित करना अहम है। चंद्रयान-3 अभियान का मकसद चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और रोवर के घूम-घूमकर नमूने जुटाने की क्षमता प्रदर्शित करना है। इसरो इसे जून में प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। चंद्रयान-3 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (एलवीएम-3) के जरिये चंद्रमा की ओर रवाना किया जाएगा।

NEWS इन ब्रीफ

होली ब्राइट स्कूल का मना वार्षिकोत्सव

छतरपुर। होली ब्राइट लैण्ड पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया गया । मुख्य अतिथि पूर्व सासंद व भाजपा नेता मनोज कुमार,विशिष्ठ अतिथि छतरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन जयसवाल, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य बिससूत्री उपाध्यक्ष चन्दन सिन्हा,उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा स्कूल के निर्देशक अंजना मिश्रा,समाजसेवी अरबिन्द गुप्ता,सुमन गुप्ता,सुरेश कुमार ने संजुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह स्कूल छतरपुर में शिक्षा का अलख जगा रही है। जिसमें समय-समय पर छात्र-छात्राओं की स्वस्थ्य जाँच की जाती है । नगर अध्यक्ष मोहन जयसवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से छात्र-छात्रओं में पढाई के साथ-साथ जीवन में गीत-संगीत से निखार आता है। वही बिससूत्री उपाध्यक्ष चन्दन सिन्हा ने कहा कि होली ब्राइट लैण्ड पब्लिक स्कूल काफी मेहनत के बाद इस मुकाम पर पंहुचा है। इस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जिला में भी स्कूल का मान सम्मान बढ़ाया है । मौके पर सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, राजेद मिश्रा,यासीन अंसारी,अमलेश यादव,नसरुल्लाह अंसारी,विधायक प्रतिनिधि सांतोष गुप्ता,पंकज गुप्ता सुरेंद्र सिंह,गुलाम अंसारी, इस कार्यक्रम के अहम भूमिका स्कूल के तनु कुमारी ने निभाई अंत में छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित और हौसले को बुलंद किया।

सेवानिवृत शिक्षिक के सम्मान में विदाई समारोह

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत हरहेप्पा मध्य विद्यालय स्कूल के प्रांगण में मगंलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल में पदस्थापित शिक्षक फहीम अहमद के सेवानिवृत के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधन व स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा यह विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद लोगों ने सेवानिवृत शिक्षक को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। वही समारोह की अध्यक्षता राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी व संचालन वार्ड पार्षद देवनाथ यादव ने किया। श्री अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकारी नौकरी में योगदान,तबादला व सेवा निवृती एक आम प्रक्रिया होती है। जिससे हर सरकारी मुलाजिम को एक दिन गुजरना पड़ता है। वही पार्षद देवनाथ यादव ने शिक्षक के द्वारा किए गए कार्यों को सराहते हुए कहा कि इनकी जितनी भी तारीफ की जाये। वह कम ही होगा। वही सम्मान से अभिभूत हुए शिक्षक एमडी अहमद ने कहा कि आप सभी ने मुझे जो यहां प्यार दुलार व सम्मान दिया है। वह आजीवन मेरे दिल में एक धरोहर के रूप में बनी रहेगी। मौके पर सीआरपी कृष्णा कुमार,प्रधानाध्यापक कौशर इकबाल,सुरेंद्र यादव,संजय साव,विनय कुमार,रविरंजन यादव,दिनेश कुमार,संतोष सिंह, बसीर आलम,सीता राम सहित कई लोग मौजूद थे।

पांच दिवसीय श्री शतचण्डी महायज्ञ का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

पांडू। प्रखंड के ग्राम कुटमू में पांच दिवसीय श्री शतचण्डी महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। आज मंगलवार को बड़े ही धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस यज्ञ का आयोजन देवी माँ की प्राण प्रतिष्ठा के लिए किया गया है। पांडू के प्रतिष्ठित और जाने-माने आचार्य पं मिथिलेश पाण्डेय के द्वारा इस महायज्ञ को संपन्न कराया जा रहा हैं। इन्होंने बताया कि बुधवार को

जलाधिवास एवं अन्नाधिवास , गुरुवार को पुष्पाधिवास एवं मधुराधिवास होगा। वहीं शुक्रवार को शय्याधिवास, नगर भ्रमण एवं देवी जी की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। शनिवार को यज्ञ की पूणार्हुति की जायेगी। साथ ही भंडारा एवं ब्राह्मण भोजन एवं संत महात्माओं की विदाई का कार्यक्रम सम्पन्न कराया जायेगा। इस महायज्ञ में प्रमुख यजमान के रूप में विजय चन्द्रवंशी, रामनाथ साहू, संजय साहू, अजय गुप्ता एवं मनोज कुमार साहू नें प्रधान कलश उठाया। मौके पर विद्युत उपभोगता संघ अध्यक्ष भाई गोविंद सिंह पांडू पंचायत मुखिया पति अभिनाश सिंह उर्फ सिंटू सिंह कूटमु मुखिया प्रतिनिधि अरबिंद पाल पांडू, पूर्व प्रमुख अनूप गुप्ता, राजेश गुप्ता, रामनाथ प्रसाद, अशोक गुप्ता, मनोज साव, रमेश प्रसाद विजय चन्द्रवंशी आदि मौजूद थे।

शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सहायक शिक्षक गौरी शंकर चौबे का सेवानिवृत्ति के उपरांत उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन हुसैनाबाद मिडिल स्कूल के प्रागंण में किया गया । समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह ने किया। बतौर सम्मानित अतिथि डीडीओ सुनील कुमार,एचएम सुरेंद्र कुमार सिंह, डीडीओ हैदरनगर, श्रीराम सिंह, रामध्यान राम एचएम एवं संचालन शिक्षिका सुषमा पांडेय ने किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन कमिटी

के अध्यक्ष रामवृक्ष राम, एच एम कन्हैया प्रसाद शिक्षकों में राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिन्हा, इशरत हुसैन, शिक्षिकाओं में सुषमा पांडेय, पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन एच एम कन्हैया प्रसाद ने किया और सभी आगंतुकों को आभार व्यक्त किया।

पूर्व मुखिया ने स्थानीय विधायक को सौपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। गांधी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह बाघमानवा के पूर्व मुखिया रविंदर नाथ उपाध्याय ने मंगलवार को क्षेत्र में हो रही बिजली विभाग के मनमाने रवैए को लेकर स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा । जिसमे श्री उपाध्याय ने सुखाड़ का दंश झेल रहे विश्रामपुर प्रखंड के गरीब जनता जो की आये दिन निरंतर बिजली विभाग के द्वारा प्रताड़ित होते आ रहे हैं। श्री उपाध्याय ने विधायक को उक्त सभी बातों से अवगत कराते हुए कहा कि बिजली विभाग के द्वारा फ्री कनेक्शन देने के नाम पर एक-एक घर से दो से तीन आधार कार्ड लेकर एक घर में दो से तीन कनेक्शन कर दिया गया है। वर्तमान समय में एक एक कनेक्शन पर 10,000 से 20,000 के हिसाब से बिल भेज कर अवैध पैसे की वसूली की जा रही है। जिस कारण ग्रामीणों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सरकार के प्रति काफी रोष व्याप्त है। इसलिए इस मुद्दे को विधायक से विधानसभा में उठाने का आग्रह किया है। साथ ही इस दिशा में लोगों के अवैध बिल को माफ करते हुए दोषी लोगों पर समुचित कार्रवाई की भी मांग की है।

एनएच 98 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर छह बाइक जब्त

हरिहरगंज। एनएच 98 थाना के पास बने अंतराज्यीय चेकपोस्ट पर मंगलवार को बाइक चेकिंग के दौरान छह बाइक को जब्त किया । प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि पलामू पुलिस द्वारा निरंतर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करते हुए हेलमेट पहनने की अपील की गयी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिंदगी को सलामत रखने और परिवार को खुशहाली के लिए गाड़ी चलाते समय गाइडलाइन का पालन जरूर करें ,छोटी सी लापरवाही बड़ी परेशानी की वजह बन सकती है।

माता शबरी पूजा को लेकर निकली कलश शोभा यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। प्रखंड क्षेत्र के घाघरा पिपरा गांव में माता शिरोमणि शबरी पूजा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। यात्रा गाजे-बाजे के साथ समिति के आयोजक डॉ बलदेव भुइयां, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, जोगी भुइयां, कुल्हिया पंचायत मुखिया नीतू कुमारी, पंसस सतेंद्र भुइयां, पूर्व मुखिया सुनील भुइयां के नेतृत्व तथा पुजारी जगदीश दास उर्फ मुसहरवा बाबा के सानिध्य में निकाली गयी। जिसमें आसपास के गांवों से सैकड़ों महिला- पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा

पूजा स्थल से शुरू होकर कई गांव का भ्रमण करते हुए गिद्धी गांव स्थित बटाने नदी घाट पहुंचा, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर पुनः घाघरा गांव स्थित पूजा स्थल पर स्थापित किया गया। इसके साथ ही माता शबरी की मूर्ति स्थापित की गयी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि माता शबरी के भाव और भक्ति के आगे प्रभू श्री राम भी नतमस्तक हो गए थे। मौके पर राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र भुइयां, रामआशीष भुइयां, कामत भुइयां, नारायण भुइयां, बरढन भुइयां ,किशोर कुमार, हंसराज सिंह,अनिल कुमार, घुरेंद्र भुईयां, बंगाली कुमार, रितेश कुमार, राजू कुमार रवि, सुरेंद्र भुईयां, ऋषि भुईयां, रामनंदन भुईयां, उपेंद्र भुईयां, पुटुन भुईयां, दिलीप कुमार आदि कलश शोभा यात्रा में शामिल हुए।

विस क्षेत्रों में री सर्वे पर सरकार गंभीर नहीं : कमलेश

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। स्थानीय विधायक व एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भूमि एवं राजस्व विभाग की प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से मिलकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पांचों अंचलों में भूमि के ऑनलाइन करने में भारी गड़बड़ी को दुरुस्त करने की मांग की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद री सर्वे कराया जायेगा। फिलहाल त्रुटियों को दूर करने के लिए जिला से महीना में दो बार अधिकारी हुसैनाबाद जाकर शिविर लगायेंगे। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है, जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। जबकि प्रभारी मंत्री जोबा मांझी ने चौथी बार भी इस मामले में रटा रटाया जवाब दिया।

विभागीय मंत्री ने उपायुक्त से की बात : विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री को विधायक कमलेश कुमार सिंह के क्षेत्र की समस्या का निदान करने का निर्देश दिया था। विभागीय मंत्री जोबा मांझी ने पलामू के उपायुक्त से इस मामले में दूरभाष पर बात की। उन्होंने विधायक कमलेश कुमार सिंह को बताया कि महीना में दो बार शिविर लगा कर म्यूटेशन समेत अन्य त्रुटि दूर की जायेगी।

कैसे होगा त्वरित निदान : विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद, हैदरनगर, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज व पिपरा में सर्वे के ट्रायल इंट्री को समाप्त कर 2016 तक के रजिस्टर टू से सभी भूमि की इंट्री की जाय, या आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की व्यवस्था कर री सर्वे का काम तत्काल कराया जाय। अगर भूमि संबंधित ऑनलाइन की गड़बड़ियों को दुरुस्त कराने की दिशा में तत्काल विभागीय कार्रवाई नहीं होती है, तो जनता सड़क पर उतर कर राजस्व विभाग का काम काज ठप्प करने को बाध्य होगी।

पानी की बाबत नगर आयुक्त से बात की

विश्रामपुर। राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी ने मगंलवार को विश्रामपुर में प्रेस वार्ता कर नगर परिषद अंतर्गत विभिन्न वार्डो में हो रही लोगों को पानी की समस्याओं के मद्दे नजर सहायक नगर आयुक्त परवेजआलम से तत्काल निष्पादन करने की बात कही है।अन्यथा बाध्य होकर धरना प्रदर्शन के साथ साथ अगर जरूरत पड़ी तो आमरण अनशन की भी चेतावनी दी है।

तेतराई में लगेगी बाबा साहेब की भव्य मूर्ति

पांकी। विधायक डा० शशिभूषण मेहता ने पांकी के तेतराईं स्थित अंबेडकर उच्च विद्यालय परिसर मे स्थापित खंडित मूर्ति को देखने पहुंचे। उन्होंने कहा कि पांकी मे जनभावना के साथ सुनियोजित तरीके से खिलवाड़ करने की नाकाम कोशिश की जा रही है। ऐसे शातिर अपराधियों पर प्रशासनिक नकेल कसने की आवश्यकता है। पांकी के तेतराईं मे संविधान निमार्ता बाबा साहब की मूर्ति तोड़ी गई। यह काफी निंदनीय है। बाबा साहब सवा सौ करोड़ देशवासियों के दिलों मे बसते हैं। एक मूर्ति को तोड़कर शरारती लोगों ने जनभावना को उकसाने का कुत्सित प्रयास किया है। ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। तेतराईं मे पुनः बाबा साहब की मूर्ति पुनर्स्थापित करने के लिए कमेटी से विचार विमर्श कर भव्यता से निर्माण कराया जायेगा।

भगवान राम का प्रेम बेमिसाल उदाहरण है : लवली

पांकी। अखिल भारतीय भुइयां समाज के तत्वावधान में पांकी प्रखंड नवडीहा वन पंचायत के मंगलपुर में धूमधाम से माता शबरी की जयंती मनाई गई। शबरी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पांकी पूर्वी के पूर्व जिला परिषद सदस्या लवली गुप्ता ने पूजा अर्चना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लवली गुप्ता ने कहा कि माता शबरी भगवान राम की परम भक्त थी। वह भगवान के लिए प्रतिदिन आश्रम को साफ रखती थी और प्रतिदिन मीठे बेर चुन चुन कर भगवान राम की प्रतीक्षा करती थी। माता शबरी के निःस्वार्थ प्रेम के कारण ही भगवान राम माता शबरी की कुटिया में पहुंचे और उनके जूठे बेर को खाया और संसार को संदेश दिया कि समाज में कोई बड़ा छोटा नहीं है। आज हम सबों को माता शबरी के गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। तभी समाज में भाईचारा बढ़ेगा व हमारा समाज का सर्वांगीण विकास होगा। माता शबरी हम सबों के लिए प्रेरणादायी है।

एके सिंह कॉलेज के आनंद कुमार बने शिक्षक प्रतिनिधि

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। एके. सिंह कॉलेज, जपला में मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार शिक्षक प्रतिनिधि के पद पर निर्वाचित हुए। मंगलवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के निर्देशानुसार शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें मतदान सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रो. रेखा कुमारी सिंह , पीठासीन पदाधिकारी रवि कुमार तथा सहायक के रूप में लेखापाल ओम प्रकाश सिंह उपस्थित थे। चुनाव में कुल 4 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। डॉ. आनंद कुमार, प्रो. अरूण कुमार सिंह, प्रो. शशिभूषण तथा प्रो. सुदीप कुमार। आज के शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव में प्राचार्य सूर्यमणि सिंह सहित कुल 30 शिक्षकों ने अपना मतदान किया। चुनाव परिणाम आने पर डॉ. आनंद कुमार को कुल 18 मत तथा नजदीकी प्रतिद्वंदी प्रो. शशिभूषण जी को 12 मत मिले। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद प्राचार्य सूर्यमणि सिंह तथा मतदान निर्वाचन पदाधिकारी स.प्रो. रेखा कुमारी सिंह ने विजित शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. डॉ.आनंद कुमार को प्रमाण पत्र प्रदान किया। मौके पर एसीएस.

प्रो.शिवकुमार विश्वकर्मा, नैक को-ऑडिनेटर प्रो. रामसुभग सिंह, नामांकन प्रभारी प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. इन्दिरा सिन्हा, डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रो. शशिभूषण सिंह, पूर्व शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो. डॉ. आलोक रंजन कुमार, प्रो. सुदीप कुमार, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो.अयूब, प्रो.हरेन्द्र नारायण सिंह, प्रो. डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो. प्रशांत कुमार, प्रो.चन्दन कुमार सिंह, प्रो. अभिषेक कुमार, प्रो. अशोक देव, प्रो. डॉ. सुप्रिया जैन, प्रो.राजेश कुमार सिंह, प्रो.अरूण कुमार सिंह, प्रो. राहुल कुमार सिंह, प्रो.रेखा कुमारी सिंह, प्रो.सुनील कुमार सिंह, प्रो.रवि कुमार प्रमुख थे। इस सम्मान समारोह में प्रधान लिपिक मीना गुप्ता, वृन्दा कुमारी, अर्चना कुमारी, अखिलेश कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह,अनिक राज पाल, प्रमोद कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार सिंह, महेंद्र राम, कृष्ण मोहन सिंह, सुनील कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, राजेन्द्र राम, क्षत्रसाल सिंह, अखिलेश्वर सिंह, प्रहलाद पाल, विपिन सिंह,बिन्दा कुमार, वशिष्ठ गिरि आदि उपस्थित थे।

वसूली

मासिक कैंप में 150 बिजली उपभोक्ताओं से दो लाख की वसूली

जल्द से जल्द मीटर कनेक्शन लेना अनिवार्य : कनीय अभियंता

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। स्टेशन रोड स्थित बिट्टू सिंह के मकान में मंगलवार को आयोजित मासिक कैंप में 150 उपभोक्ताओं से 2 लाख बिजली बिल की वसूली की गई। बताया गया कि उपभोक्ताओं ने राज्य सरकार की मौजूदा नीति के अनुसार बकाया बिजली बिल का भुगतान किया। शिविर में मौजूद कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि इस तरीके से शिविर लगा कर बिजली वसूली

करने से इसके प्रति उपभोक्ताओं का रुझान बढ़ा है। मीटर रहित हर उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द मीटर कनेक्शन लेना है। अब बगैर इसके बिजली जलाने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटने और कानूनी कार्रवाई में विभाग जुट गया है। इस शिविर में कैशियर लंकेश कुमार, मानव दिवसकर्मी ललितेश्वर मेहता, रंजय कुमार, मंटू मुंडा,ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह, राजीव सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA

e-Procurement Notice(1st Call)

e-Tender Reference No. RCD/GUMLA/ Date :-

1.	Name of the work	Widening & Strengthening/Reconstruction of Approach Road For Aesthetic Development in Netarhat i.e. Sunrise Points, Netarhat Lake, Koyal Viewpoint Road Length of Road 6.410 Km .
2.	Estimated Cost (Rs.)	Rs. **22,76,47,915.28** (Rs. Twenty Two Crore Seventy Six Lakh Forty Seven Thousand Nine Hundred Fifteen Paise Twenty Eight) Only.
3.	Time of Completion	**09 Months**
4.	Last date/Time for receipt of bids	05-04-2023 Up to 12:00 Noon
5.	Date of Publication of Tender on website	15-03-2023 From 10:30 A.M.
6	Date & Time of Opening of Technical Bid	06-04-2023 , 12:30 pm
7.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Gumla.
8.	Contact no. of e-Procurement officer	06524-222097
9.	Helpline number of e-Procurement cell	0651-2401010

1. Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in SD/-
Executive Engineer,
PR 291502 Road(22-23)#D Road Construction Department, Road Division, Gumla.

GOVERNMENT OF JHARKHAND
SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND
(DEPARTMENT OF ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)
Gate No – 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi
email- sajha9@gmail.com, Phone No- 0651-2961846

Notice No : 33 sajha, Dated : 27/02/2023

Important Notice for Appointment on Contract Basis

Applications are invited in the prescribed form for selection of eligible candidates for appointment on contract basis on various posts under Sports Authority of Jharkhand:-

Sl No.	Name of Post	Remuneration (Fixed)	No. of Post/ Category	Eligibility Details
1.	Librarian	Rs. 55,000.00 (Monthly)	01 (General -01)	1.Minimum Qualification: Master of Library & Information Science (MLIS)/Mater of Information Science (MIS) or equivalent degree from a recognized Institution. 2.Desirable: work experience of minimum 5 Years in any library & Knowledge of Computer Science and Information & Communication Technology
2.	Assistant Librarian	Rs. 50,000.00 (Monthly)	02 (General -01) (ST – 01)	1.Minimum Qualification: Bachelor of Library & Information Science (BLIS) or equivalent degree from a recognized Institution. 2.Desirable: work experience of minimum 5 Years in any library & Knowledge of Computer Science and Information & Communication Technology.
3.	Library Attendant	Rs. 30,000.00 (Monthly)	02 (General -01) (ST – 01)	1.Minimum Qualification: Certificate of Library & Information Science (CLIS) or equivalent degree from a recognized Institution. 2.Desirable: work experience of minimum 1 Years in any library

Term and Codition :

1. The applicant should be an Indian citizen.
2. The age limit of the applicant should not be less than 35 years as on 31.12.2022 for this, only the date mentioned in the matriculation/secondary or equivalent examination certificate will be acceptable.
3. The appointment will be on contract basis initially for 1 years, and in the event of satisfactory service, it can be extended as per the prescribed procedure. The selected applicant cannot make any claim for extension of period.
4. Applicants should send their self-attested application by filling it completely in such a way that on the date 25/03/2023 by 5:00 pm to the Executive Director, Sports Authority of Jharkhand, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, to be received at Ranchi-834008.
5. Applications through e-mail service/by hand etc. will not be accepted. Only Application received by postal Service will be accepted.
6. Filled application in the prescribed form must be enclosed with all enclosures and sealed in an envelope of appropriate size (without folds). The name of the post applied for should be written on the top of the envelope in block letters. Applications received without indicating the open and applied designations will automatically be considered rejected.
7. The prescribed form and terms and conditions for application can be obtained from the office's website. www.sajha.in
8. After Scrutiny Information will be published again later by the office for **Walk-in-Interview.**
9. Sports Authority of Jharkhand (SAJHA) will have all rights to cancel this process without any reason or notice.

Sd/-
Executive Director,
PR 291401 Art Culture Sports and Youth Affairs(22-23)#D Sports Authority of Jharkhand.

प्रमंडलीय आयुक्त ने विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडलीय आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो ने मंगलवार को आयुक्त कार्यालय एवं आयुक्त कार्यालय के विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। आयुक्त श्री टोप्पो आयुक्त कार्यालय के अलावा प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय, आरडीडीई कार्यालय, पंचायती राज कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, पंचायती राज कार्यालय सहित आयुक्त कार्यालय के विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारी-कर्मियो से वहां कार्यरत व्यक्तियों एवं उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। आयुक्त ने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्य दायित्वों के संबंध में जानकारी ली।

आईजी सहित पलामू व गढ़वा के उपायुक्त ने की मुलाकात : आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो से आज मंगलवार को पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पलामू के उप विकास आयुक्त रवि आनंद, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव-सह-पलामू जिला के परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार आदि पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर आयुक्त के सचिव-सह-उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो उपस्थित थे।

गार्ड ऑफ ऑनर : आयुक्त कार्यालय परिसर में आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

दीवार गिरने से 14 वर्षीय बच्चा घायल

मेदिनीनगर। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरी कला निवासी अखूब अंसारी का पुत्र चांदन सारी उम्र 14 वर्ष के उपर 5 इंच का दीवार गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार चांद अंसारी अपने घर के पास कुछ बच्चों के साथ खेल रहा था । तभी अचानक वह 5 इंच के दिवार पर चढ़ गया और दीवार सहित गिर पड़ा। जिसमें उसका बाया पैर की हड्डी टूट गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आयोग ने तीन विषयों के अभ्यर्थियों का डीवी निकाला

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने हाई स्कूल नियुक्ति के लिए तीन विषय जिसमें शारीरिक विज्ञान, नागपुरी और मुंडारी विषय के अभ्यर्थियों को डीवी के लिए बुलाया है। इस सूची में 258 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थियों को 3 मार्च को प्रमाण पत्रों की जांच के लिए पहली और दूसरी पाली में अलग अलग बुलाया गया है। जो अभ्यर्थी 3 मार्च को नहीं आ पाते हैं, उन्हें 6 व 10

मार्च को एक बार पुनः अपने प्रमाण पत्रों की जांच के लिए जेएसएससी के कार्यालय में आ सकते है। प्रमाण पत्रों की जांच के लिए डाउनलोड करें ,प्रपत्र जेएसएससी की ओर से जारी रिजल्ट में बताए गए प्रावधानों के अनुरूप अभ्यर्थियों को जेएसएससी के वेबसाइट से एक प्रपत्र डाउनलोड कर सकते है। वही,पूर्व में जारी किए गए संथाली ,हो, पंचपरगनिया और कुरमाली विषय के अभ्यर्थियों को जिला विकल्प का लिंक दिया गया है। जो एक मार्च से 3 मार्च तक रहेगा। उसके बाद आयोग के द्वारा अंतिम मेधा सूची जारी कर दिया जायेगा।

NEWS इन ब्रीफ

सेवानिवृत्त प्रधान सहायक को दी गयी भावपूर्ण विदाई

मेदिनीनगर। पलामू के जिला नीलाम कार्यालय के प्रधान सहायक रेमेजियुस एक्का 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत्ति हो गये। उनके सेवानिवृत्ति पर समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त अंजनेयुलू दोड्डे ने उनके जीवन में सुख एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति नियुक्ति सामान्य प्रक्रिया है। इन्होंने बेदाग छवि के साथ विभिन्न सरकारी कार्यालयों में रहते हुए बेहतर कार्य किया। उपायुक्त ने कहा कि श्री एक्का अपने जीवन के 31 वर्ष सरकारी सेवा में दिये। इसी तरह अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह,नीलाम पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर,समेत अन्य ने विदाई समारोह में अपनी बातें रखीं। मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी,डीटीओ अनवर हुसैन समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

भाजपा ने जिला कार्यशाला आयोजित किया

मेदिनीनगर। पलामू जिला स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में मंगलवार को भाजपा के महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में बूथ सशक्तिकरण अभियान हेतु जिला कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव के लिए रणनीति को लेकर चर्चा किया गया। लोकसभा और विधानसभा में कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को लोगों के बीच मे पहुंचाने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया। जिला कार्यशाला में पलामू के सांसद वीडी राम भी शामिल हुए। मौके पर पलामू भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, राकेश कुमार सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मंडल अध्यक्षगण उपस्थित थे।

वरदान ट्रस्ट ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

मेदिनीनगर। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम के द्वारा मंगलवार को पोलपोल स्थित महात्मा गांधी स्कूल ,राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल में संयुक्त रूप से' सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया । पलामू जिले में लगातार तेजी से बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं अब सभी को डराने लगी हैं। आंकड़े लगातार भयावह होते जा रहे हैं। ऐसे में हर व्यक्ति को इसके प्रति जागरूक होने की जरूरत है । इसी बात को ध्यान में रखते वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट विगत कई महीनों से लगातार इस तरह के अभियान चला रहा है । ताकि लोग सड़कों पर चलते समय सुरक्षित रह सकें । इस अवसर पर संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा प्राचार्या किंडा तिर्की, दिनेश कुमार शुक्ल, पंकज लोचन, सतबरवा थाना प्रभारी अमित सोनी, रिनू शर्मा और लक्ष्य श्रेष्ठ उपस्थित थे।

स्कॉर्पियो ने खड़े बाइक में मारी टक्कर ,दो घायल

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नावाजयपुर थाना क्षेत्र के पंचकेडिया ग्राम में अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने खड़े बाइक चालक को टक्कर मार दी। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बकोरिया निवासी कृष्णा राम का पुत्र रोशन कुमार उम्र 20 वर्ष, लातेहार थाना क्षेत्र के बेतला पोखरी निवासी परम राम का पुत्र राजूराम शामिल है। परिजनों ने बताया कि ये दोनों व्यक्ति एक बाइक पर सवार होकर किसी के घर नावाजयपुर बारात में शामिल होने गए थे। इसी बीच मंगलवार की सुबह जब वे अपने घर वापस लौट रहे थे । वे किसी काम से पंचकेडिया मोड़ के पास रुके हुए थे। इसी बीच अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी नावाजयपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही नावाजयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार राजा घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद रोशन कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

होलाष्टक शुरू, सभी शुभ कार्य आठ दिनों तक बंद

आठ दिनों तक होलाष्टक के दौरान शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में सभी शुभ कार्यो में अगले 8 दिनों तक पाबन्दी रहेगी। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक शुरू होता है। जो होलिका दहन तक चलता है। सोमवार से होलाष्टक लग रहा है जो 7 मार्च तक चलेंगे। होलाष्टक सुबह से शुरू हो गए और होलिका दहन के दिन यानी 7 मार्च को खत्म होंगे।

अगले 8 दिनों तक सभी शुभ कार्य बंद : पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि अगले 8 दिनों के

होलाष्टक के दौरान शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है। इन 8 दिनों तक कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य नहीं किये जाते हैं। अगर कोई इन दिनों में शुभ कार्य करता है तो उसे मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इस दौरान शुभ या मांगलिक कार्य करने से बचना चाहिए।

क्या है होलाष्टक की मान्यता : होलाष्टक को लेकर लोगों में मान्यता है कि होली से पहले के ये 8 दिन अपशगुन के होते हैं। क्योंकि भक्त प्रह्लाद को इन आठ दिनों में कई यातनाएं दी गयी थीं। होलाष्टक के समय 8 ग्रह उग्र होते हैं। इसी वजह से होलाष्टक के समय में कोई नये कार्य की शुरूआत, नौकरी परिवर्तन, मकान-वाहन की खरीदारी आदि जैसे कार्यों को करने से बचा जाता है।

8 मार्च को होगी होली : होलिका दहन फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को किया जाता है। इस साल फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 7 मार्च को पड़ रही हैं। उसके अगले दिन चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि को रंग वाली होली खेली जाती है। जिसका मतलब है कि इस साल रंग वाली होली 8 मार्च को खेली जायेगी।

ये कार्य होंगे प्रभावित

होलाष्टक में मांगलिक कार्यों को करना वर्जित माना जाता है। पुरोहित ने बताया कि शास्त्रों में कहा गया है कि इन दिनों में 16 संस्कार जैसे नामकरण संस्कार, जनेऊ संस्कार, गृह प्रवेश, विवाह संस्कार जैसे शुभ कार्य नहीं करने चाहिए। साथ ही किसी भी प्रकार का हवन, यज्ञ कर्म भी इन दिनों में नहीं किया जाता है। शास्त्रों में यह भी बताया गया है कि होलाष्टक शुरू होने पर जिन लड़कियों की नयी शादी हुई होती है उन्हें अपने मायके में रहना चाहिए।

45 हेडकांस्टेबल की पदोन्नति का तोहफा, एसपी ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला के 45 हेडकांस्टेबल को पदोन्नति का तोहफा मिला है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को जारी किए गए आदेशों में तत्काल प्रभाव से 45 हेडकांस्टेबलों को एएसआई के पद पर पदोन्नति दी है। एसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पलामू एसपी ने पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनां दी। पलामू एसपी के तरफ से जारी किए गए आदेशों में जिला में कार्यरत 45 हेडकांस्टेबल को परोन्नति दी गई। बता दें कि जिला में हेडकांस्टेबलों को एएसआई पद पर पदोन्नति मिलने के बाद काफी हद तक जांच करने में अधिकारियों की कमी पूरी होगी जायेगी। अभी तक कई मामलों में जांच एएसआई और इससे ऊपर के अधिकारियों को दी जाती है। प्रमोशन मिलने के बाद पुलिस प्रशासन के पास अब और 45 एएसआई रैंक के पुलिस कर्मचारी हो गए । जिससे लंबित जांच में भी तेजी आयेगी। परोन्नति पाने वाले में से शहंशाह सिद्दीकी ,भगवान सिंह ,एनाम अली,प्रेम नारायण रजक, अशोक कुमार, महेंद्र कुमार ,आनंद प्रसाद रजवार सहित एसआई उपस्थित थे।

उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार में समस्याओं को लेकर आये आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में पंडवा के मझिगांव से आये जय सिंह ने उपायुक्त को बताया कि उनके भाई मनोज सिंह का हाथ कट गया है जिसके वजह से भाई को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अतः उन्होंने उपायुक्त से अपने भाई के इलाज में आर्थिक सहयोग करने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से मनोज सिंह को 5 हजार रुपये की मदद की। इसी तरह नावा बाजार के श्रीकांत राम ने डीसी के समक्ष

बताया कि उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, जिसके तहत वो आवास निर्माण करा रहें है। आवास डोर लेवल तक पूर्ण हो गया है अब मेरे गोतिया बंटवारा का हवाला देते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिये हैं। अतः उन्होंने डीसी से आवास निर्माण पूर्ण करवाने हेतु आवश्यक करवाई करने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने पेंशन संबंधित सभी आवेदनों को तत्काल सामाजिक सुरक्षा विभाग को अग्रसारित कर अविलंब रूप से पेंशन प्रारंभ करने हेतु समाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को निर्देशित किया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से पीएम आवास, बैंक खाता, राशन कार्ड, जमीन विवाद, उग्रवादी हिंसा, प्रमाण-पत्र संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। उल्लेखनीय है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण करते हैं।

एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार शहर थाना के एसआई प्रकाश कुमार के नेतृत्व में सोमवार की शाम शहर थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जिन वाहन चालकों के पास हेलमेट और ड्राइवरी लाइसेंस नहीं पाया गया उस वाहन को जब्त कर फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया। मौके पर उपस्थित एसआई प्रकाश कुमार ने बताया कि एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर थाना के द्वारा प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वहां चेकिंग के दौरान वाहनों का कागजात, हेलमेट की जांच पुलिसकर्मियों को करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि वाहन पकड़े जाने पर लोग बहस करने लगते हैं और पैरवी करने लगते हैं। जिससे आये दिन यह चुनौती बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कई व्यक्ति ऐसे होते हैं जो लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। उन्होंने पलामू डीटीओ से आग्रह किया है कि वाहन जांच के समय वे अपने एक अधिकारी को भेजकर ऑन द स्पॉट चालान कटवाये। ऑन द स्पॉट चालान काटने से लोगों को सहूलियत के साथ-साथ समय की बचत होगी। वहीं आम जनता का भी कहना है कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान वाहन पकड़े जाने पर उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिला प्रशासन के द्वारा ऑन द स्पॉट चालान की सुविधा हो ताकि आम जनता को राहत मिलें।

14 मार्च को अधिक संख्या में लोग रांची चलें : शत्रुघ्न

मेदिनीनगर। अनुसूचित जाति अधिकार न्याय रथ राजेन्द्र चौक पर पहुंच कर सभा करने के बाद आज दूसरे दिन अनुसूचित जाति छात्रावास रेड़मा में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद सभा में तब्दील हो गया। उक्त अवसर पर छात्रावास अधीक्षक प्रो० अजय राम,रथ के प्रभारी चंदन सिंह गौतम,महासभा के पलामू जिलाध्यक्ष कृष्णा राम, प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धिनारायण पासवान समेत मुख्य वक्ता अभाअजा महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाते हुए सिंगराकला व सिंगराखूर्द का दौरा कर 14 मार्च को अधिक संख्या में रांची चलने का आह्वान किया। पंडवा कोलियरी मोड़ पर प्रखण्ड अध्यक्ष युगेश्वर राम की अध्यक्षता में रथ का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर महासभा के देवराज राम,मंटू भुइयां,अजय भुइयां,कालेन्द्र पासवान,राणा सिंह चौहान, चन्द्रेश्वर मेहता,अजीत चौहान,अशोक राम,विरेन्द्र राम,मंदीप राम, दिलीप कुमार,जनेश्वर राम, मुकुल रंजन सूर्या समेत भारी संख्या में लोगों ने रथ के साथ चल रहे नेताओं का स्वागत कर 14 मार्च को भारी संख्या में रांची चलने का आह्वान किया। उक्त अवसर पर आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा झारखण्ड के 60 लाख से ज्यादा अनुसूचित जातियों की आबादी के साथ भीषण अन्याय पर बिन्दुवार व्याख्या करते हुए 22 उपजातियों में बंटे अनुसूचित जाति के लोगों को एकजुट होकर रांची चलने का आह्वान किया।

जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

जिले में अवैध माइनिंग किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2023 के बाद अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 39 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही 8 लाख 08 हजार रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया । वहीं कुल 2 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना सीटीआई और

लाइसेंस प्राप्त किए जिले में संचालित क्रेशर को सील करने का भी निर्देश दिया। जिससे जिले में अवैध खनन के साथ-साथ प्रदूषण पर भी नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर अवैध माइनिंग के विरुद्ध छापामारी करने कि बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी किसी तरह के अवैध माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने ओवर लोडिंग कर रहे वाहनों को अविलंब रूप से जब्त करने व जुर्माना वसूलने के बाद ही छोड़ने की बात कही। उन्होंने थाना प्रभारी व सीओ को संयुक्त रूप से बालू का अवैध खनन में रोकने हेतु अपना योगदान देने की बात कही। इसके अतिरिक्त उपायुक्त श्री दोड्डे ने जिला खनन व परिवहन पदाधिकारी को सप्ताह में एक दिन छतरपुर इलाके में छापामारी करने का निर्देश दिये।

बैठक में मौजूद रहें : उपायुक्त श्री दोड्डे के अलावा पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी एनके गुप्ता, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश,वन एवं प्रदूषण विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

पलामू जिला कांग्रेस कमिटी ने उपायुक्त को सौपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा 28 फरवरी को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पलामू उपायुक्त को समस्याओं से अवगत कराया । कार्यक्रम का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया । सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने पदयात्रा करते हुए सभी कांग्रेस जनों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर पलामू उपायुक्त को पलामू की समस्या से अवगत कराकर मांग पत्र सौंपा। मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, कामगार कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह, विनोद तिवारी ,ईश्वरी प्रसाद सिंह, भिकारी राम, तालकेश्वर पासवान ,सुरेश पाठक, सत्येंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, बागेश्वर पांडे ,राजेश चौरसिया ,नफीस खान ,रिजवान खान, शेरखान, राजेंद्र अग्रवाल ,जितेंद्र कमलापुरी ,अशोक पासवान ,विद्या सिंह चेरो ,मुन्ना खान, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, अजय साहू ,अनवर अहमद, सोनू खान, हरसाणी सागर दास, मिंटू खान, अरविंद अग्रवाल, जतरू उरांव ,रामानंद पाठक, रविंद्र कुमार, सत्यनारायण तिवारी ,रूद्र शुक्ला ,परीक्षित दुबे ,रंजीत पासवान ,देवांग शुक्ला ,सौरभ तिवारी ,हर्ष सहानी ,सतीश शुक्ला, मुकेश सिंह, कुसुम देवी, लल्लू सिंह ,सुनील दुबे ,सुरेंद्र शुक्ला, उदय यादव ,रिंकू सिंह सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

परेशानी

पलामू में पानी को लेकर लोगों की परेशानी बढ़ी

नदी में चुआड़ी खोदकर लोग निकाल रहे पीने का पानी

सुबह तीन बजे से ही लोग पानी की तलाश में जाते घर से दूर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम क्षेत्र के कान्दू मुहल्ला वार्ड नंबर 19 के लोगों में गर्मी आते ही जल संकट का डर सताने लगता है। यहां के घरों में लगे हैंडपंप में पानी का लेयर छोड़ देता है । जिससे लोगों को पानी के लिए पलायन करना पड़ता है। यहां के लोगों को जार का पानी खरीद कर पानी पीना पड़ता हैं। बताते चलें कि अभी पूरी गर्मी शुरु भी नहीं हुई है कि अभी से ही वार्ड नंबर 19 के घरों में लगे हैंडपंप के पानी का लेयर नीचे चला गया है। चापाकल हाफने लगे हैं। जिससे लोगों को काफी परेशानियां हो रही है। लोग 3:00 बजे भोर से ही पानी की तलाश में बेलवाटीका या

फिर पप्पू कल से पानी लाने का काम करते हैं। वार्ड नंबर 19 कान्दू मुहल्ला के लोगों का कहना है कि 20 साल पहले पानी सप्लाई का कनेक्शन बिछा था । जिससे मुहल्ले वासियों में खुशी जगी थी कि पानी की परेशानी अब दूर हो जायेगी । लेकिन एक महीने बाद कनेक्शन से पानी किसी कारण से आना बंद हो गया है। इस ओर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं हैं । यह सिर्फ चुनावी मुद्दा बनकर रह गया है। वहीं दूसरी ओर हाउसिंग कॉलोनी में भी पानी का स्तर काफी नीचे चला गया है। जिसकी वजह से यहां के स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। लोग सुबह से ही सप्लाई पानी लेने के लिए नल पर भीड़ लगाये रहते हैं। वही आबादगंज के भी दर्जनों घरों के हैंडपंप का पानी सूख चुका है। लोगों को पीने के पानी के लिए किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं है। लोग सरकार के भरोसे है कि कब टैंकर से पानी की सप्लाई की जायेगी। लोग बाल्टी डब्बा लेकर पानी की चाह में घुमते नजर आते है।यहां के स्थानीय लोग जार का पानी या फिर बोतल का पानी पीकर अपना जीवन बसर कर रहे हैं। आवादगंज के लोगों ने वार्ड पार्षद के नेतृत्व में पानी की मांग को लेकर उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन कर पानी की व्यवस्था कराने की मांग की थी।

चेक डैम में अवैध बालू व पत्थर का किया जा रहा है उपयोग

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी (गढ़वा)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम केतमा गांव में तीन चेक डेम लघु सिचाई प्रमंडल गढ़वा द्वारा पन्याही नाला पर पक्का चेक डेम निर्माण में अवैध बालू व पत्थर फॉरेस्ट से निकालकर काम किया जा रहा है। काम गुणवत्तापूर्ण भी नहीं किया जा रहा है। वहीं विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव व रामप्रवेश गुप्ता ने मंगलवार को निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां लग रहे पत्थर व बालू का खूब विरोध किया। उन्होंने बताया कि हमारे केतमा गांव में विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से 3 चेक डैम बनाए जा रहे हैं। जिसमें संवेदक के द्वारा कोई भी काम नियम संगत नहीं किया जा रहा है। बालु नदी से ही निकालकर उपयोग में ला रहे हैं, जो बालू मिट्टी नुमा है। जिससे डैम निर्माण में मजबूती नहीं हो सकती है। बरसात के एक पानी में चेक डैम पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा। वहीं संवेदक के द्वारा सखुआ का विशाल पेड़ काट दिया गया है। विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव व रामप्रवेश गुप्ता ने बताया कि सरकार पेड़ लगाने व बचाने के लिए अरबों रुपए खर्च कर रही है। वहीं संवेदक के द्वारा पेड़ काट कर नष्ट करने में दम नहीं लिया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव और पमप्रवेश गुप्ता ने बताया कि सरकारी महकमा के मिली भक्त के जांच उपरांत अवैध खनन माफिया पर कर्रवाई की मांग किया है।

घर में लगी आग, सारा सामान जलकर हुआ खाक

गढ़वा। गढ़वा शहर के स्टेप मेन रोड स्थित आर गुप्ता के बगल वाली गली में एक मकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दिया अग्निशमन विभाग तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। आग लगने से घर में रखे सामान सहित अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित पप्पू कुमार ने बताया कि घर में कोई नहीं था। आग कब कैसे लगी इसकी जानकारी मुझे नहीं है। आग लगने से घर में रखे सामग्री सहित अन्य चीजें जलकर खाक हो गई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष केसरी, इंडिया रोटी बैंक के प्रदेश कोऑर्डिनेटर अंजली गुप्ता सहित आदि लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

डीसी से कार्रवाई की मांग

गढ़वा। गढ़वा प्रखंड के बेलचांपा गांव निवासी अंकित कुमार उपाध्याय डीसी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है। डीसी को दिए गए आवेदन में अंकित ने कहा कि बेलचांपा में उनका रैयती जमीन का खाता संख्या 58 प्लॉट संख्या 168 है। जिसमें कुल 7 डिसमिल जमीन है। जमीन पर अंचल हल्का के छह के कर्मचारी और बेलचांपा निवासी रुपेश सिंह मिलकर उक्त जमीन को हड़पना चाहते हैं। आवेदन में उन्होंने कहा कि उक्त जमीन को हम अपने निजी जरूरत को देखते हुए बेचना चाहते हैं। लेकिन कर्मचारी भू माफिया के साथ मिलकर उक्त जमीन को सस्ते दर पर भूमाफिया से बचाने के लिए लगातार परेशान किया जा रहा है। उसने मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की मांग किया है।

80 किलो जावा महुआ नष्ट

धुरकी (गढ़वा)। शराब माफिया के खिलाफ धुरकी पुलिस ने मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक गढ़वा के आदेशानुसार धुरकी प्रखंड के विभिन्न गांव में विशेष अभियान चलाया। वहीं अभियान में अवैध महुआ देसी शराब के विरुध कई जगह छापेमारी की गई। जिसमें ग्राम बीरबल में फुला हुआ महुआ 28 केजी को ध्वस्त किया गया। वहीं धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि प्रखंड में बन रहे देसी शराब पर विशेष अभियान चलाकर प्रखंड के सभी गांव में बन रहे देसी शराब को ध्वस्त करना है। जिससे अपराध गतिविधियां कम होती हैं।

दो पशु तस्कर सहित पिकअप वाहन जब्त

गढ़वा। गढ़वा रंका मुख्य मार्ग पर ओबरा गांव के पास से पुलिस ने मवेशी लदे एक पिक अप को जब्त किया है। वहीं दो पशु तस्कर पिक अप पर सवार थे। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार पशु तस्कर औरंगाबाद थाना क्षेत्र के कुटुंबा गांव निवासी पिंटू शर्मा दाउदनगर थाना क्षेत्र के पिपरी बाग गांव निवासी तबरेज आलम का नाम शामिल है। थाना प्रभारी ने बताया कि सोह गांव के पास से दो पशु तस्कर सहित पिकअप को थाना लाया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों पशु तस्करों को न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

बाइक व स्कूटी की टक्कर में चार गम्भीर

भवनाथपुर (गढ़वा)। खरौंधी मोड़ के समीप एक बाइक व स्कूटी के आमने सामने के टक्कर में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इस घटना में स्कूटी सवार राजेन्द्र प्रसाद सिंह रमना पासवान, बुका निवासी रविकांत कुमार, सोनू कुमार व बाइक चालक राम अगर अगरिया श्री बंशीधर कुमबा के नाम शामील है।

विज्ञान वरदान है या अभिशाप यह आपकी सोच पर निर्भर : मदन

राष्ट्र निर्माण व व्यक्ति निर्माण में विज्ञान का देन अतुलनीय

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। जिसमें समस्त छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुमारम्भ स्कूल के निदेशक मदन केशरी ने महान भारतीय भौतिक वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ सीबी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने सम्बोधन में निदेशक ने कहा कि यह दिवस 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में भारतीय वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन की ओर से विज्ञान जगत को दिए गए अनुपम उपहार रमन प्रभाव (रमन इफेक्ट) के सम्मान में हर वर्ष मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना तथा जन साधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। आज विज्ञान जीवन के हर क्षेत्र में अपनी पैठ बना लिया है। इसके बिना जीवन 2 कठिन और जोखिम भरा है। लोगों के दैनिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले विज्ञान के महत्व के बारे में सुखद सन्देश फैलाने, मानव कल्याण के लिए विज्ञान के क्षेत्र में सभी गतिविधियों, प्रयासों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने, विज्ञान के क्षेत्र में विकास के लिए सभी मुद्दों पर चर्चा करने और नई नई तकनीकों को लागू करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। 2023 में विज्ञान दिवस का थीम है- 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान' आज इस मौके पर स्कूली बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम कराया गया। जिसका विषय- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने हमारे जीवन शैली को बेहतर और आसान बनाया है। प्राचार्य ने कहा कि बच्चे विज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाएं इसके लिए स्कूल निरन्तर सहयोग करेगा। विज्ञान में नई सोच और शोध के लिए हर वर्ष स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चे अपनी कल्पनाओं को एक आकार को साकार कर सकें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विज्ञान के शिक्षक उदय प्रकाश ने कहा कि आज के दिन हमें साइंस के प्रति अपनी सोच को प्रोत्साहित करने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं मुकेश भारती ने दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के बारे में सभी को जागरूक होने पर बल दिया। मंच का संचालन शिक्षक खुर्शीद आलम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनय दुबे, संतोष प्रसाद, अजय कुमार, नीलम केशरी आदि ने महती भूमिका निभाई।

परफेक्ट स्कॉलर स्कूल में विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन

गढ़वा। शहर के टंडवा स्थित परफेक्ट स्कॉलर स्कूल में मंगलवार को विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन सेवा निवृत शिक्षक सुदामा प्रसाद ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। मौके पर स्कूल के निदेशक सुनील कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। विज्ञान प्रर्दशनी में छात्रों के द्वारा 15 स्टॉल लगाये गये थे। जिसमें एक से बढ़कर एक मॉडल लगाया गया था। मौके पर स्कूल के निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि वर्तमान परिवेश में विज्ञान के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इंसान के हर पहलू को आज विज्ञान संचालित कर रहा है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये मॉडल को उपस्थित लोगों ने सराहा और बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुये उनके निरंतर आगे बढ़ने की कामना की। प्रर्दशनी में नेहा कुमारी, स्नेहा कुमारी, काजल कुमारी एवं स्नेहा रानी के द्वारा प्रदूषण से संबंधित बनाये गये मॉडल को पहला स्थान प्रापत हुआ। जबकि अंजली कुमारी एवं खुशी कुमारी द्वारा ड्रीप एरिगेशन से संबंधित मॉडल दूसरे स्थान पर रहा। वहीं आयुष कुमार, शोभित कुमार, करण कुमार, लव-कुश कुमार के द्वारा बनाया गया जल विद्युत शक्ति का मॉडल तीसरे स्थान पर रहा। सभी विजयी प्रतिभागियों को स्कूल की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मंडली में वार्ड पार्षद सबिता देवी, सेवा निवृत प्रधानाध्यापक शंभु लाल शामिल थे। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

एसडीपीओ ने किया नगर उंटारी थाना का इंस्पेक्शन

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने मंगलवार को थाने का इंस्पेक्शन किया। इस दौरान एसडीपीओ ने अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के निष्पादन, अपराधियों की धर-पकड़, सघन गश्ती, वाहन चेकिंग सहित कई आवश्यक विभागीय दिशा-निर्देश थाना प्रभारी व पुलिस पदाधिकारियों को दिया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों का रहन-सहन, पहनावा, खान-पान, क्रिया-कलाप, सिरिस्ता का कार्य, अपराध नियंत्रण के लिए क्या-क्या उपाय किए गए हैं। कौन-कौन कांड किस कारण से लंबित है। पर्याप्त संख्या में कुर्सी-मेज आदि है या नहीं, पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को रहने के लिए आवास कैसा है। थाना भवन व परिसर की साफ-सफाई कैसा है। स्टेशन डायरी, थाने की अन्य पंजी सहित थाना से संबंधित प्रत्येक चीज का इंस्पेक्शन किया। इस दौरान थाना परिसर में बन रहे नए थाना भवन का भी निरीक्षण किया। विभिन्न तरह के रिकाड्र्स का निरीक्षण किया गया। थाना क्षेत्र में अपराध की घटना किस प्रकार घटित हो रही है। उस पर पुलिस क्या कार्रवाई कर रही है। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां पाई गई। जिसे सुधारने का निर्देश थाना प्रभारी व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुअनि कुमार विक्रम सिंह, कुणाल किशोर, विक्की कुमार, अगस्टिन टेटे, राहुल कुमार, सुनील कुमार दास, संजय राज मुंडा, अक्षय कुमार सिंह, सअनि आशुतोष कुमार सिन्हा, कौशल दुबे आदि उपस्थित थे।

चेकिंग अभियान में दर्जनों वाहनों का काटा चालान

चिनिया (गढ़वा)। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार के नेतृत्व में चिनिया के चपकली मोड़ पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर गाड़ियों के जांच किए गए। वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, इंसुरेंस व ऑनर बुक सहित वाहन संबंधित सभी कागजात जांच किए गये। जांच के क्रम में 10 से अधिक टू व्हीलर एवं तीन पहिया वाहन का चालान काटा गया। जिनके विभिन्न प्रकार के कागजात नहीं पाए गए थे। वहीं टू व्हीलर गाड़ियों के चालक बगैर हेलमेट के चलाए जाने पर भी चालान काटे गये। मौके पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं एंटी क्राइम के मद्देनजर जांच अभियान चलाया जा रहा है। जांच अभियान में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर जेएन शर्मा तथा पुलिस बल शामिल थे।

होली त्योहार व शब-ए-बरात को लेकर शांति समिति की बैठक

भवनाथपुर (गढ़वा)। आने वाले होली त्योहार एवं शब-ए-बरात शांतिपूर्ण मनाने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों ने बैठक में हिस्सा लिया। सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव ने कहा की होली पर्व एवं शब ए बरात पर्व शांतिपूर्ण आपसी प्रेम सद्भाव पूर्वक मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा की परस्पर प्रेम भाव पूर्वक शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। कहा कि होली पर्व के दौरान हुड़दंग फैलाने वाले को खैर नहीं, अफवाहों से लोग दूर रहे। किसी तरह के समस्या थाना क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच आए तो प्रशासन को तुरंत सूचित करें। प्रशासन आपके साथ है। होली के दिन पुलिस की टीम नियमित रूप से गश्त करेगी। शांति समिति के बैठक में लोगों ने थाना प्रभारी से होली के तीन दिन पहले शराब पर पूर्ण रूप से बंदी करने की बात कही एवं पुलिस पेट्रोलिंग हर जगह हो इसकी मांग की। दो पहिया वाहन चालकों पर पेनी नजर रखी जाए। कार्यक्रम का संचालन वरुण विहारी यादव ने किया। शांति समिति के बैठक में एएसआई अभिमन्यु सिंह, मुनेश्वर राम विरोधी, फिलिप टोपनो, सीआई इंतिखाब आलम, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, मधुलता कुमारी, सिंदुरिया पंचायत के बीडीसी संजू देवी, उप प्रमुख पिंटू टोपनो,विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानन्द सोनी, चपरी पंचायत मुखिया शैलेश चौबे, भवनाथपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, कैलान पंचायत की मुखिया सुकनी देवी,वैश खा, उमेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष जयप्रकास यादव,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, विनोद सिंह, संजय यादव, के डी चौबे, रामप्रताप यादव, बीडीसी चंदन ठाकुर, शंभू सेठ, दीपक वर्मा, प्रदीप गुप्ता, नेपाल साह, बाला यादव, सूर्यकात कुमार, सुनील यादव, गुप्तेश्वर प्रसाद, अब्दुल अंसारी, अख्तर अंसारी, सालाहुद्दीन अंसारी, शेख सराजूद्दीन, सफीक अंसारी, याकूब अंसारी, शमशेर आलम, सहित कई लोग उपस्थित थे।

मुखिया ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

डंडाई (गढ़वा)। मुखिया धनवंती देवी ने मंगलवार को 85000 रुपये की लागत से कार्यान्वित होने वाली एक योजना का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान उनके द्वारा डंडाई मुख्य बाजार स्थित अंबेडकर चौक परिसर के चारों तरफ पीसीसी सड़क निर्माण कार्य को लेकर शिलान्यास करने का काम किया गया। इससे पहले मुखिया के द्वारा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का काम भी किया गया। उसके बाद शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष भोलाराम, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम, पंचायत सचिव सुदर्शन राम, वार्ड सदस्य श्रीकांत प्रसाद, राजेश मेहता, अशोक राम, रविंद्र राम, प्रमोद कुमार इत्यादि लोगों ने भी अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का काम किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर देशरत्न से नवाजे गए एक शख्स हैं। आम अवाम के लिए समानता का अधिकार देना और समाज आधारित पूरे देश में संवैधानिक आरक्षण बहाल करना भी उनके एक अनुकरणीय कार्यों में शामिल है। ऐसे में उनके प्रतिमा स्थल को साफ सुथरा रखना हम सबों का परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि उसी लिहाज से परिसर के चारों तरफ पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिस कारण स्वतंत्रता दिवस के दिन पंचायत के लोगों को वहां पर झंडोत्तोलन कार्य करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही झंडोत्तोलन कार्य करने में ग्रामीणों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। वही पंचायत सचिव सुदर्शन राम ने ठेकेदार अशोक राम को सप्ताह दिन के अंदर कार्यान्वित योजना के निर्माण कार्य को पूर्ण करा देने की बात कही।

गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूरी, कलश यात्रा आज

मझिआंव (गढ़वा)। मझिआंव नगर पंचायत के चन्द्री में नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में माता की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में एक मार्च से पांच मार्च तक आयोजित। 108कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए बुधवार को 1100कलशों के साथ विशाल व भव्य कलशयात्रा निकाली जायेगी। यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष शिव प्रसाद,कोषाध्यक्ष अशोक चौरसिया, उप कोषाध्यक्ष बेचन राम,युवा मंडल के जिलाध्यक्ष बिरेन्द्र सोनी, पवन कुमार जायसवाल, राहुल कमलापुरी, चंदन कमलापुरी, अरुण सोनी, देवमुनि विश्वकर्मा, अशोक साह दिनेश पाल, टुकु कमलापुरी सहित दर्जनों गायत्री परिजन महायज्ञ की सफलता के लिए पूर्ण समय दान कर रहे हैं। श्री सिंह के निर्देशन में भी भारी संख्या में गायत्री परिजन महायज्ञ की सफलता के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं।

दो प्रेमी युगलों का मामला पहुंचा थाना

दोनों पक्षों की रजामंदी से शिव स्थान पर शादी हुई संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

चिनीयां (गढ़वा)। थाना में को दो प्रेमी युगल का प्रेम प्रसंग का मामला पहुंचने पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर मामले की जानकारी ली। जहां दोनों पक्षों में आपसी सहमति के बाद शादी करने को तैयार हुए। उक्त संदर्भ में बताते चलें कि थाना क्षेत्र के रणपुरा गांव निवासी बनवारी राम की 21वर्षीय पुत्री मीना कुमारी का प्रेम प्रसंग बीते 4 वर्षों से थाना क्षेत्र के ही परसू खाड़ गांव निवासी प्रताप सिंह के 22 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार से चल रहा था। जो लड़का द्वारा शादी से इंकार करने पर पिछले दिनों मीना कुमारी के बड़े भाई राजेश राम ने चिनीयां थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। जिसके आलोक में थाना प्रभारी ने परसू खाड़ गांव निवासी नितेश कुमार को पकड़ कर थाना लाया व पूछताछ की। जहां लड़के ने प्रेम प्रसंग के मामले को स्वीकार किया। जिसके बाद दोनों पक्षों ने आपसी रजामंदी से शादी करने की सहमति बनाकर दोनों को शादी कराने की बात कही। तत्पश्चात खुरी पंचायत के बीडीसी सुगनी देवी व उनके पति दयानंद राम के पहल पर दोनों पक्षों के बीच रनपुरा स्थित शिव मंदिर में परिसर में बीते देर रात पुरोहित दीपक पाठक के द्वारा पूरे हिंदू रीति रिवाज व गाजे बाजे के साथ शादी संपन्न कराई गई। जहां मौके पर पंचायत के बीडीसी पत्ती दयानंद राम के द्वारा शादी समारोह में पहुंचे लोगों के लिए विशेष रूप से जलपान की व्यवस्था की गई। दोनों प्रेमी युगल के लिए शादी जोड़े कपड़े की भी व्यवस्था की गई। मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह, बीडीसी सुगनी देवी, बीटीसी प्रतिनिधि दयानंद राम, मनोज रजक, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी। दिनांक 06.01.2022 को संपन्न जिला परिषद, पलामू के कार्यकारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पलामू जिला अंतर्गत हाट बाजार लेस्लीगंज एवं मनातू के बंदोबस्ती हेतु संम्बंधित अंचलाधिकारी द्वारा डाक की न्यूनतम राशि 100000.00 (एक लाख) रूपये प्रतिवर्ष से अधिक निर्धारित की गयी है।

अत: एतद द्वारा पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

क्र0	हाट/बाजार का नाम	प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र	वर्ष 2022 हेतु डाक की तिथि	समय	डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए)	अग्रधन की राशि (10%)
1	2	3	4	5	6	7
1	लेस्लीगंज हाट	नीलाम्बर पीताम्बरपुर	16.03.2023	01:00 AM बजे से	240500.00	24050.00
2	मनातू हाट	मनातू	17.03.2023		130000.00	13000.00

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 15.03.2023 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या– 7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 291399 District(22-23)D

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(अनु०जनजाति, अनु०जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)

E-mail- dwopalamu2020@gmail.com

प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्श 2022–23 हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वित्तीय वर्श 2022–23 में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. छात्रवृति के लिए आय की अधिसीमा :–

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राएँ, जिनके माता–पिता/अभिभावक की सभी श्रोतों से वार्शिक आय 2.50 लाख रूपये से अधिक नहीं हो। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अन्य कोई छात्रवृति का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

2. आवेदन करने की प्रक्रिया :–

अहर्त्ता प्राप्त छात्रों को वेबसाईट https://ekalyan.cgg.gov.in में दिये गये सभी दिशा निर्देशों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन करना है एवं सभी निम्नांकित वांछित प्रमाण–पत्रों की **Scanned copy (jpeg/jpg में 1mb** तक) वेबसाईट पर अपलोड करेंगें :–

(I) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आय प्रमाण–पत्र **(Income Certificate)** (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति। (दिनांक 01.09.2022 अथवा उस तिथि के बाद से निर्गत आय प्रमाण–पत्र मान्य होगा)।
(ii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत जाति प्रमाण पत्र **(Caste Certificate)** (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र **(Residential Certificate)** (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iv) संस्थान के लेटर हेड में संस्थान द्वारा वर्त्तमान वर्श के लिए निर्गत **Bonafide Certificate (With fee Structure** निर्गत संख्या एवं दिनांक के साथ) की मूल प्रति। (एक पृश्ठ में)
(v) पूर्व की परीक्षा के अंकपत्र (Mark Sheet of previous exam) की अभिप्रमाणित प्रति।
(vi) छात्रवृति की धनराशि PFMS के माध्यम से Aadhr Enabled DBT के द्वारा सुयोग्य छात्र–छात्राओं के खाते में अन्तरित की जाएगी। (बैंक खाता को आधार संख्या से सीडिंग होना अनिवार्य है)।

3. ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

क्रं0	प्रक्रियात्मक कार्यवाही	कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि	कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि
1	शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि	21.02.2023	06.03.2023
2	शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि	10.03.2023	17.03.2023
3	संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि	10.03.2023	18.03.2023

4. कॉलेज/संस्थान का निबंधन :–

केवल AISHE कोड/U-Dise वाले शैक्षणिक संस्थान/कॉलेज पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के लिए पात्र होंगे।

कॉलेज/संस्थानों के द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु affiliation एवं registration का अद्यतन कागजात वेबसाईट पर Upload करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.03.2023 निर्धारित की गई है। जिन कॉलेज/संस्थानों को NAAC/NBA से प्रमाण–पत्र है, वे कॉलेज/संस्थान NAAC/NBA से प्राप्त प्रमाण पत्र भी वेबसाईट पर upload करेंगे।

5. कॉलेज/संस्थान का दायित्व :–

(i) संस्थान अपना पूर्ण विवरण सहित मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपलोड करेंगे।
नोट:– राज्य के अन्दर स्थित संस्थानों को संबंधित जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा User Id एवं Password उपलब्ध कराया जायेगा तथा राज्य के बाहर के संस्थानों को उनके ई–मेल आई0डी0 पर System Generated User Id एवं Password उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य के अन्दर एवं राज्य के बाहर स्थित महाविद्यालय/संस्थान Course Mapping करते हुए Fee Detail भी Update करेंगे जो Student application form में दिखाई देगा, तभी Student Online आवेदन कर सकते हैं।
(ii) संस्थान अपने लेटर हेड में वर्श 2022–23 में अध्ययनरत छात्र/छात्रा की छात्रवृति हेतु Bonafide Certificate निर्गत करेंगे, जिसमें निर्गत संख्या एवं दिनांक अंकित होगा।
(iii) संस्थान प्रधान अपने महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के द्वारा भरे गए Online आवेदन को https://ekalyan.cgg.gov.in के वेबसाईट पर अपने User Id एवं Password के माध्यम से Login कर Online सत्यापित करेंगे। राज्य के अन्दर एवं राज्य के बाहर स्थित महाविद्यालय/संस्थान सत्यापन से पूर्व Fee Detail भी Update करेंगे।
(iv) निबंधित संस्थान यदि अपने User Id एवं Password भूल गए हों तो पोर्टल पर दिए गए लिंक से पुनः User Id एवं Password Recover कर सकते हैं।

6. हेल्प लाईन :–

सिर्फ आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया में यदि कोई कठिनाई हो तो ई–कल्याण के सम्पर्क संख्या–040– 23120591/ 23120592 /23120593 पर सम्पर्क कर सकते हैं, एवं email id helpdeskekalyan@gmail.com ij email कर सकते हैं अथवा https://ekalyan.cgg.gov.in के वेबसाईट के Complaint link पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

7. नोट :–

- पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से निर्गत दिशा–निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाईट https://ekalyan.cgg.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व कृपया उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लिया जाय।
- उपबन्धित बजट राशि की सीमा के अन्तर्गत प्रवेशिकोतर छात्रवृति स्वीकृति हो सकेगी।
- निश्चित समय सीमा की समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार का आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- छात्र/छात्रा को अपना आधार संख्या देना अनिवार्य होगा।
- एक से अधिक आवेदन पत्र भरने पर छात्र/छात्रा का आवेदन पत्र रदद् कर दिया जायेगा।
- ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देने पर आवेदन रदद् कर दिया जायेगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.291426 District(22-23):D

लातेहार खेल स्टेडियम में लगा रोजगार मेला

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
खेल स्टेडियम लातेहार के समीप सोमवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग और जिला नियोजनालय के तत्वावधान मे दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला के उदघाटन जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी व नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर जिप अध्यक्ष ने कहा कि रोजगार मेला की सार्थकता तभी सिद्ध होगी, जब यहां आने वाले बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से फॉर्म भरकर रोजगार लेने की अपील की है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि जिले मे बेरोजगारी की समस्या चरम पर है. यह मेला बेरोजगार युवक व युवतियों के लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने इस मेले का लाभ उठाने की अपील की। वहीं जिला नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा ने मेला को लेकर युवाओ को कई जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कौशल विकास की मृदुला कुमारी ने किया। इस दौरान 225 बेरोजगार युवकों ने रोजगार के लिए आवेदन दिए। इसमें से 70 विद्यार्थियों को रोजगार के लिए चयन किया गया। इस मौके पर राजद प्रदेश सचिव कन्हाई पासवान, रूद्रनारायण सिंह, सुदेश कुमार महतो व आरिफ अंसारी समेत

अरहर की फसल जलकर स्वाहा

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत के हरतुआ गांव में सोमवार देर शाम लगभग एक एकड़ में लगे अरहर की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गयी। भुक्त भोगी किसान हरतुआ निवासी किशुन उरांव पिता बासदेव उरांव नें बताया की सिबलाल उरांव पिता द्वारिका उरांव हरतुआ,तरवाडीह लातेहार निवासी द्वारा महुआ चुनने को लेकर अपने महुवा पेड़ के नीचे खर पतवार को जलाने के लिए आग लगाया गया, जिससे बगल में मेरे एक एकड़ जमीन में लगे अरहर का तैयार फसल जलकर पूरी तरह राख हो गया। वहीं भुक्त भोगी किसान किशुन उरांव नें बताया की आग लगाने वाले द्वारा बर्बाद फसल का मूल्य राशि मांगने पर सिबलाल उरांव एवं इनके परिजनों द्वारा गाली गलौज व धमकी दी जा रहीं हैं साथ ही इनलोगों के द्वारा यह भी कहा गया की थाना पुलिस किया तो ठीक नहीं होगा। हालांकि खबर लिखें या बोले जाने तक इस मामले को लातेहार थाना में शिकायत दर्ज नहीं की गयी थी।

डीसी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

होली के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में आगामी होली पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु समाहरणालय सभागार में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुए एक-एक कर सभी बिंदु पर जानकारी प्राप्त करते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी व थानाध्यक्षों का कर्तव्य होगा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को संपन्न कराएं। उन्होंने पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया,ताकि कोई भी विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो पाए। इसके अलावा उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर दण्डाधिकारी व पुलिस बल के जवानों की तैनाती का निदेश दिया।

एक दूसरे का सम्मान करते हुए पर्व मनाएं : बीडीओ

बरवाडीह। जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर छिपादोहर थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में होली और शब-ए-बरात मनाने को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है जिसमे हम सभी आपसी सद्भाव और भाईचारे बनाए रखते हुई आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व मनाने के दौरान किसी भी तरीके से एक दूसरे के धर्म को नुकसान नहीं पहुंचाने का प्रयास किया जाए. वही थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि होली पर्व आपसी भाई चारगी का पर्व है सभी समुदाय के लोगों को मिलकर मनाना है ,ताकि छिपादोहर का भाई चारगी का संदेश दुसरे जगह पर लोगो को मिले। थाना प्रभारी नेलोगो को सख्त निर्देश दिया है कि होली पर्व में शराब कि सेवन ना करें, केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग से बचे ।उन्होंने कहा की किसी तरह का गलत विडियो व्हाट्सएप के माध्यम से न डाले। जिससे कि सामाजिक माहौल बिगड सकें। उन्होंने कहा किसी भी क्षेत्र में ऐसे लोगों की पहचान होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें.जिससे समय रहते ऐसे लोगो पर कार्रवाई किया जा सके।

वैश्विक कल्याण के लिए विज्ञान जरूरी: एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
विज्ञान दिवस ' के अवसर पर संत. जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडाड़ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस वर्ष के विज्ञान प्रदर्शनी का थीम ' वैश्विक कल्याण के लिए विज्ञान' था। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रुप में महुआडांड़ के एसडीओ नीत निखिल सुरीन और कार्यपालक दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार उपस्थित थे। प्रदर्शनी का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर एसडीओ महोदय ने अपने विचार रखते हुए विज्ञान अन्वेषण और नवाचार पर प्रकाश डाला और कहा कि वर्तमान युग विज्ञान का युग है और विज्ञान के सहायता से ही मानव के जीवन को सरल और खुशहाल बनाया जा सकता है साथ ही समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्क का प्रसार करने पर भी उन्होंने जोर दिया। संपूर्ण महाविद्यालय परिसर में विभिन्न मॉडलों के स्टाल लगे थे। मॉडलो का मूल्यांकन करने के लिए जज के रूप में संत मिखाईल उच्च विद्यालय के शिक्षक मेहताब आलम, कार्मेल हॉस्पिटल की एडमिनिश्ट्रेटर सिस्टर सेसिल, महाविद्यालय के पूर्व छात्र शोएब अख्तर थे। मूल्यांकन टीम के निर्णय के बाद प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस के द्वारा परिणामों का घोषणा किया गया। जिसमें सांइस कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार बॉटनी डिपार्टमेंट , द्वितीय पुरस्कार मैथमेटिक्स डिपार्टमेंट, आर्ट्स कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार राजनीति विज्ञान विभाग, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज में प्रथम पुरस्कार इंग्लिश डिपार्टमेंट को साथ ही सभी विभागों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

पंचायत सचिव का निधन, शोक की लहर

गारू। प्रखंड के कोटाम पंचायत सचिव संत कुमार गुप्ता जो महुआडांड़ चटकपुर के निवासी थे उनका कल निधन हो गया बताते चलें 26 जनवरी को झंडोत्तोलन के बाद घर आने के क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उनका इलाज रांची के अस्पताल में चल रहा था। गुप्ता बहुत ही मिलनसार वह मधुर वाणी के व्यक्ति थे। उनकी आकस्मिक निधन से पूरे गारू में शोक की लहर है प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो सह कर्मचारियों ने उनकी निधन पर परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट की व उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की।

शिव मंदिर से सीलिंग लाइट की चोरी

बरवाडीह। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने बनाया गया शिव मंदिर से तीन चार दिन पूर्व रात्रि में अज्ञात चोरों ने मंदिर में लगे सीलिंग लाइट की चोरी कर ली। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने नवनिर्मित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पूजा अर्चना करने हेतु मंदिर की सजावट व बने मंदिर में नई कई सामान लगाए गए थे। इसी बीच महाशिवरात्रि पर्व के बाद अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में लगाए गए आठ सीलिंग लाइट की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। चिकित्सा प्रभारी ने इसकी लिखित सूचना बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह को देते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग किया है। चिकित्सा प्रभारी ने आशंका व्यक्त किया है कि अगर समय रहते चोरों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो मंदिर की घंटी समेत अन्य सामानों की चोरी हो सकती है।

पंप हाउस की मशीनों का काम शुरू

चंदवा। शहर वासियों के बीच जल्द ही शुद्ध पेयजल की सप्लाई शुरू कर दी जायेगी। इसको लेकर पंप हाऊस में वर्षों से खराब पड़े मशीनों को ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई सुनील कुमार ने बताया कि पंप हाउस स्थित मशीन को ठीक करने का कार्य किया जा रहा है मशीने ठीक होने के बाद शहर वासियों के बीच पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जायेगी। ज्ञात हो कि बीते कुछ समय से पंप हाउस में मोटर खराब हो गए थे जिसके बाद से ही शहर में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी। कई बार इसे ठीक कराने की पहल की गई पर सफल नहीं हो पाई। जनप्रतिनिधियों ने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को पत्राचार कर मोटर को ठीक करते हुए शहर में पानी की सप्लाई शुरू करने की मांग कर चुके हैं। गर्मी से पूर्व पंप ठीक करने की खबर पर शहर वासियों ने राहत की सांस ली है।

नारायण सेवा समिति ने बांटे वस्त्र

बरवाडीह। प्रखंड के चुंगरू पंचायत के ग्राम नावाडीह पेनिया के सुदूरवर्ती क्षेत्र आदिम जनजाति पराहिया टोला में सतबरवा नारायण सेवा समिति द्वारा सैकड़ों गरीब असहाय व्यक्ति के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। ठंड हो या गर्मी गरीब असहाय व्यक्तियों के बीच नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार द्वारा लगातार वस्त्र बांटने का काम कर रहे हैं। निर्दोष कुमार ने बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से अनेकों प्रकार के समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को निजात दिलाना संस्था का मुख्य उद्देश्य हैं। कहा कीइस तरह का सराहनीय काम करने पर अपने आप में गर्व महसूस करता हूं कि गरीब असहाय व्यक्ति के बीच हमें भगवान मदद करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। आज का कपड़ा वितरण करने में नारायण सेवा समिति को वस्त्र व्यवस्था करने में मेदिनीनगर के व्यवसाई खेतान टैक्स टाइल्स द्वारा सैकड़ों वस्त्र उपलब्ध कराया गया था। वितरण कार्यक्रम में पेनिया टोला के ग्रामीण-राजदेव परहिया, बिरेधार परहिया,राजमोहन परहिया, सोहर परहिया,अरविंद परहिया समेत काफी संख्या में ग्रामीण थे।

डीएफओ को जिप सदस्य ने सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
बालूमाथ। जंगली हाथियों के बढ़ते आतंक को देखते हुए बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद् सदस्य प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में मंगलवार को लातेहार वन विभाग के डीएफओ रोशन कुमार को एक आवेदन सौंपक है। आवेदन में बालूमाथ के विभिन्न पंचायतों ग्रामों में हाथियों के द्वारा मचाए जा रहे आतंक एवम पीड़ित ग्रामीणों की समस्या मुआवजा जल्द से जल्द वितरण करने की बात कही गयी है। साथ ही साथ हाथियों को भागने को लेकर रेड जोन एरिया में वन कर्मियों को लगातार निगरानी करने को कहा गया है। इस दौरान जिप सदस्य के अलावे भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ,एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार,विजय यादव,रामकुमार गुप्ता , अखिलेश भोक्ता, रघुनंदन सोनी, बसंत कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

आईएएस राजेश ठाकुर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

लातेहार। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने विचाराधीन जीआर वाद सं 615/ 10 एवं 616 /10 के गवाह भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी राजेश पाठक समेत पांच गवाहों पर गैर जमानती अधिपत्र जारी किया है। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के मनिका प्रखंड में हुए जेट्रोफा पौधारोपण घोटाला कांड की सुनवाई में बार-बार सम्मन करने के बावजूद निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होने पर अदालत ने नाराजगी जताया है। अभियोजन कार्यालय को कई बार इन्हें बुलाने हेतु निर्देश दिया गया। उनके नहीं आने से वर्ष 2010 से विचाराधीन इस मामले का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। मालूम हो करोड़ों रुपये का जेट्रोफा घोटाला प्रकरण में मनिका थाना में दो अलग अलग मुकदमा मनिका थाना कांड संख्या 75/ 10 एवं 76/10 दर्ज किया गया था। जिसमें श्री पाठक जांच अधिकारी थे और तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी थे। श्री पाठक के अलावे तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका कैलाश प्रसाद साहू , पुअनि चंदन सिंह व मिथिलेश कुमार एवं राजेश्वर सिंह के विरुद्ध गिरफ्तारी अधिपत्र जारी किया गया है।

ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
पुलिस ने सदर थाना अंतर्गत लाइन मोहल्ला महुआ चौक से मो. साजिद को तीन पुड़िया में 0.54 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को लगातार सूचना मिल रही थी कि शहर के लाइन मोहल्ला महुआ चौक में अवैध ब्राउन शुगर खरीद बिक्री की जा रही है। सूचना का सत्यापित करते हुए मेरे नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महुआ चौक से मोहम्मद साजिद पिता मोहम्मद खालिद तीन कागज की पुड़िया में 0.54 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, 5 रूपय का नोट जिसमें एलमुनियम का पेपर फोल्ड किया हुआ एक प्लास्टिक का सिगरेट, एक स्क्रीन टच मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने आगे बताया कि मोहम्मद साजिद पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया था। हाल के दिनों में जेल से छूटा और पुनः अवैध कारोबार में लग गया था। अभियान में एसआई कौशल कुमार सिंह व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

देवघर से साइबर अपराधी धराए, जेल

चतरा। पुलिस ने चतरा सदर थाना कांड संख्या 40/2023 के नामजद साइबर अपराधी को देवघर से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 फश्रवरी 2023 सदर थाना निवासी मोहम्मद इफ्तेखार आलम ने लिखित आवेदन देकर खाते से 50 हजार 110 रुपए की ठगी करने की शिकायत की थी, जिसके आलोक में कांड संख्या 40/2023 धारा 420 एवं 66(सी) 66(डी) आईटी एक्ट अंतर्गत कांड दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम के द्वारा देवघर जिले के ग्राम डूमरतर थाना करों से उदय कुमार दास उर्फ सोनू पिता हृदय महरा को गिरफ्तार किया गया। जिसने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से आईटेल कंपनी के एक कीपैड मोबाइल, आधार कार्ड व क्रेडिट कार्ड जब्त किया गया। छापेमारी दल में एसडीपीओ के साथ पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एसआई कौशल कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

शांति बनाएं रखें

होली और शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक

आपसी सौहार्द व भाइचारे के साथ मनाएं त्योहार

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
थाना परिसर सभागार में मंगलवार महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में रंगों का त्योहार होली पर्व और इबादत की रात शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। पर्व को आपसी सौहार्द एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखते मनाने पर चर्चा की गई। साथ आठ मार्च महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड में होने वाले महिलाओं के कार्यक्रम पर चर्चा की गई। एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने कहा, होली पर्व आपसी सौहार्द भाईचारे का प्रतीक है, ध्यान रखना है, साथ ही मुस्लिम समाज का शब-ए-बारात पर्व भी है, सभी लोग पर्व सौहार्द पूर्वक मनाएं, साथ ही किसी तरह का गलत वीडियो वॉटसप में न चलाए, जबरदस्ती रंग न लगाएं खासकर महिलाओं पर रंग जबरदस्ती न फेंके। डीएसपी राजेश कुजूर ने कहा, होली और शब-ए-बरात पर्व ऐसे मनाये कि महुआडांड़ में भाईचारगी का संदेश दूसरे जगह के लोगों तक पहुंचे। पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। शांति भंग करने वालो को चिन्हित कर सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन के लोगों को दें, ताकि समय रहते घटना रोका जा सके, थाना प्रभारी संजय रत्न ने बैठक में शामिल सदस्यों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की। मौके पर दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार, बीडीओ अमरेंग डांग, थाना प्रभारी संजय रत्न, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष भानू प्रसाद, हिन्दू महासभा.महामंत्री संजय जयसवाल, बजरंग दल जिला संयोजक सूरज साहू, मुखिया रेणुका टोप्पो, परवेज आलम, कांग्रेस के अजित पाल कुजूर, रामनरेश ठाकुर, उप मुखिया राजेश कुजूर, वकील अहमद और बिहारी जयसवाल मनीना कुजूर, समेत समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
धर्मपुर स्थित विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मान विजेंद्र शर्मा जी का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगल करने वाले वीर हनुमान के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । उसके उपरांत माता सरस्वती,भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना प्रधानाचार्य श्रीमान अरुण कुमार चौधरी जी,आचार्य विजेंद्र शर्मा जी एवं धर्मेंद्र कुमार जयसवाल जी के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल ठाकुर जी की गरिमामई उपस्थिति रही ।सचिव श्रीमती प्रीति भारती , समिति सदस्य सुधांशु जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन रेनू गुप्ता जी के द्वारा किया गया। अतिथि का परिचय आचार्य सुरेश ठाकुर जी के द्वारा किया गया ।आचार्य वीरेंद्र शर्मा जी को वरिष्ठ आचार्य श्री लाल बहादुर राम और अनुजा दीदी जी ने आचार्य जी को फूलों का हार पहनकर सम्मान देने का कार्य किया। प्रधानाचार्य जी ने पुष्पगुच्छ देकर आचार्य को सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, लातेहार जिला कार्यवाह श्रीमान धर्मेंद्र कुमार जायसवाल जी ने उपहार देकर आचार्य जी का सम्मान किया। आचार्य फूलचंद सिंह ,अभिनय कुंभकर, आलोक जी रेनू गुप्ता जी के द्वारा भावभीनी गीत प्रस्तुत किया गया। जिससे चारों तरफ भावपूर्ण माहौल बन गया।विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव श्रीमती प्रीति भारती जी ने कहा कि विदाई की बेला सामान्यतः दुखद होता है। विदाई के समय पूरा जीवन काल की यादें एक साथ मानस पटल पर आ जाती है उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते।

NEWS इन ब्रीफ

जंगली हाथियों ने घर को उजाड़ा और आनाज कर गये चट

बोलबा। बोलबा प्रखण्ड के अवगा बाजार टोली में जंगली हाथियों ने एक घर को उजाडा और अनाज खा गए। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात के लगभग 10:00 बजे बिछड़े हुए एक हाथी ने गांव पहुंच गया और महावीर प्रधान के घर के खपड़ैल छत को उजाड़ा एवं वहां पर रखें एक बोरी चावल को खा गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर उस हाथी को जंगल की ओर भगाया। इसके बाद जंगली हाथी ने बरटोली गांव में मगरीता बिलुंग के घर को भी उजाड़ दिया। इस दौरान घर में रखे अनाज को खा गया। ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने मुआवजा की मांग वन विभाग से किया है।

निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत

ठेठईटांगर। प्रखंड के कोनपाला में कोनपाला से पाकरीटोली तक बन रहे सड़क सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य में हो रही अनियमितता की शिकायत पर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का कार्य स्थल पहुंचकर उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित आवश्यक बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य में पूरी तरह से अनियमितता बरती जा रही है इसमें बहुत ही घटिया किस्म की सामग्री स्तेमाल की जा रही है, जो बोल्डर स्तेमाल की जा रही है वह भी घटिया किस्म की है रोलर चलने के साथ साथ चूर चूर हो जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि निर्माण कार्य अत्यंत ही गुणवत्ताहीन हो रही है। जिसकी जांच होनी चाहिए एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण होनी चाहिए। मौके पर जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि इतना घटिया काम बर्दाश्त नहीं करेंगे इसकी शिकायत विभाग एवं उपायुक्त से करेंगे एवं जांच की मांग करेंगे।मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि अमृत चिराग तिर्की, दानशील एक्का आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त ने विद्यालय में कंप्यूटर व प्रोजेक्टर देने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए योजनांतर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में किस्को प्रखण्ड में दोना-पत्तल उत्पादन केंद्र में विद्युत कनेक्शन के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल लोहरदगा को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालयों में कम्प्यूटर सिस्टम और प्रोजेक्टर के अधिष्ठापन के प्रस्ताव समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। कुडू में स्ट्रीट लाईट व हाई मास्ट लाईट लगाये जाने के लिए आवश्यक निदेश कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद, लोहरदगा को दिये गये। साथ ही, हाईमास्ट लाईट का परिचालन के लिए ऑटोमेटिक सेंसर व्यवस्था की लाइट लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, इस शर्त को जोड़ते हुए निविदादाताओं को अवगत कराये जाने का निर्देश दिया गया। ताकि लोगों को हर तरह की सुविधा मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सुविधा पर बिजली विभाग ध्यान दिया करें ताकि गर्मी के दिनों में लोगों को काफी परेशान होना पड़ता है। इसके साथ स्कूलों में भी बिजली व्यवस्था सही रूप से होनी चाहिए और कंप्यूटर की भी सुविधा होनी चाहिए ताकि बच्चों को आगे की शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिल सके।

बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला योजना पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल, जिला अभियंता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्य बहिष्कार करेंगे चिकित्सक

लोहरदगा। आईएमए जिलाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने बयान जारी कर कहा कि आगामी 01 मार्च को पूरे राज्य के चिकित्सक अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में एक दिवसीय कार्य बहिष्कार करेंगे। यह निर्णय राँची स्थित आई एम ए भवन करमटोली रांची में आई एम ए और झासा की राज्य कार्यकारिणी इकाई की बैठक में हुई। दिनांक 01.03.23 दिन बुधवार को पूरे राज्य के चिकित्सक एवं चिकित्सा से जुड़े संगठन द्वारा सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर इमरजेंसी सेवा को छोड़ कर अन्य सभी सेवाएं बाधित रहेगी। चिकित्सको की मांगों में सरकार के जनप्रतिनिधियों के द्वारा गढ़वा में चिकित्सको के साथ बदसलूकी, धक्का मुक्की, मारपीट करने का संघ इसका विरोध करती है। दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी एवं कानून सम्मत कार्रवाई की मांग करती है। लोहरदगा-सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध को प्राइवेट नर्सिंग होम के संचालक द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती है। उक्त के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है संघ दोषी व्यक्ति की अविलंब गिरफ्तारी एवं कानून सम्मत कार्रवाई की मांग करती है।

बिजली करंट लगने से मौत

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा

भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव निवासी, छोटे उम्र में सामाजिक चेतना से परिपूर्ण गंदूर महतो के 23 वर्षीय पुत्र विजय कुमार यादव का 11 हजार वोल्टेज तार के चपेट में आने से बीती अर्धरात्रि में मौत हो गई। घटना मसमानो पंचायत सचिवालय के निकट से गुजरी 11 हजार हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आने से घटी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में विवाह कार्यक्रम चल रहा था, इसमें ग्रामीण सम्मिलित हुए थे। रात्रि में विजय यादव पोल से गुजरे 11 हजार हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया। इस दौरान वह गंभीर रूप से झुलस गया। गांव वालों ने आनन-फानन में 108 एंबुलेंस के माध्यम से रात्रि में ही भंडरा सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों में विजय कुमार यादव के बड़े भाई संजय गोप, अक्षय महतो ने बताया कि 1 वर्ष पूर्व थोड़ी सी मानसिक संतुलन बिगड़ी थी, हालांकि उसके बाद से वह अपने दैनिक कार्य ठीक-ठाक से कर रहा था। उसके अंदर सामाजिक चेतना इतनी थी कि गांव के किसी भी लोगों का आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग के अलावे समाज को संगठित करने में उनकी बड़ी भूमिका रहती थी। पढ़ाई में रुचि रखने वाला विजय यादव पूर्व में इंटर कॉमर्स में लोहरदगा जिला टॉपर भी रहा था। इसलिए विजय को निक नेम मास्टर के नाम से भी बुलाते थे। घटना के बाद इसकी सूचना भंडरा थाना पुलिस को दी गई। जहां पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा भंडरा सीएचसी पहुंच मामले की जांच पड़ताल की। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। लोहरदगा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार इस मामले पर कहा कि परिजनों के बयान के आधार पर यूडी का मामला दर्ज कर लिया गया है, पुलिस द्वारा आगे जांच पड़ताल की जा रही है।

तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समापन

सिमडेगा। सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में आयोजित भव्य शिव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न हुआ तीसरे दिन मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा दधि भंजन एवं हवन पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर यारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा और लोगों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। सर्वप्रथम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन संपन्न हुआ अखंड हरिकीर्तन में भाग लेने के लिए टभाडीह, भेलवाडीह, पूरब टोली, सिकरियाटांड, बीरु, फुलवाटाँगर सहित कई गांवों की कीर्तन मंडली अभागन यहां पर हरे राम हरे कृष्ण के धुन के साथ पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय रहा। इसके बाद शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ, मां पार्वती कार्तिक गणेश बजरंगबली और सूर्य नारायण की प्रतिमाओं का नेत्रदान करने के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा करवाया गया।

होली त्योहार और शब-ए-बारात को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

सभी सौहार्द्र के साथ मनाएं त्योहार

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में होली और शब-ए-बारात 2023, को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में शांति समिति के विभिन्न समुदायों के लोग शामिल हुए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बीते दिनों ईद, महाशिवरात्रि, उर्स आदि त्योहार जिला में शांतिपूर्ण रहे हैं। इसमें सभी प्रशासनिक/पुलिस पदाधिकारियों व युवाओं सहित आप लोगों की महत्वपूर्ण योगदान रहा। पूर्ण विश्वास है कि आनेवाले दिनों में भी त्यौहारों में शांति बनी रहेगी। एक दूसरे के परस्पर सहयोग ,सदभाव व सौहार्द्र माहौल के लिए जरूरी है कि हम एक दूसरे के पर्व-त्यौहारों में शामिल हों। होली जहां नव वर्ष के आगमन पर उत्सव का त्यौहार है वहीं, शब-ए-बारात फॉरगिवनेस का है। यह संदेश युवाओं के बीच फैलाने की जरूरत है। त्यौहार एक दूसरे को नुकसान पहुँचाने के लिए नहीं मनाये जाते हैं। जिला में युवा सद्भावना मंच द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। युवा एक मंच पर एक साथ आएं, युवा सद्भावना मंच के गठन का यही तो उद्देश्य था। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी युवा सद्भावना मंच का बेहतर इस्तेमाल कर रहे हैं।बैठक में विभिन्न प्रखण्डों से आये प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रखण्डों से जुड़ी

सघन वाहन जांच अभियान चलाये : एसपी

पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि युवा सद्भावना मंच जिला में बेहतर कार्य कर रही है। युवाओं के लिए उपायुक्त महोदय के प्रयास से कई बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। अभी यहां के छात्र-छात्राओं को होटल मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स के लिए आईएचएम, ब्रांबे, रांची भेजा गया। उस कोर्स करने के बाद उनकी सैलरी 50 हजार रुपए अवश्य होगी। इसके अतिरिक्त दो पहिया वाहन के रिपयेर में प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है जिस पर एक लाख रुपए तक का खर्च प्रति छात्र है लेकिन जिला प्रशासन की ओर से यह कोर्स निःशुल्क कराया जा रहा है। यहां के सभी प्रखण्डों में प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय की स्थापना की गई है। फुटबॉल, क्रिकेट, कुश्ती, पुलिस/आर्मी बहाली के निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा यहां के युवाओं के लिए की गई है। इस जिला में बहुत सी संभावनाएं है जिसका इस्तेमाल यहां के युवाओं को करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्यौहारों में विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाये। इसमें शराब पीकर बाइक चलाने, बाईक पर एक साथ तीन व्यक्तियों का सवारी करना और तेज गति व गलत दिशा में वाहन चलाने वालों की जांच की जाये।

हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर शहर में किया पदयात्रा

सिमडेगा। राष्ट्रीय हिंदू संगठन की ओर से हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर मंगलवार को दिन के 12:00 बजे शहर में पदयात्रा का आयोजन किया गया पद यात्रा की शुरूआत सिमडेगा प्रिंस चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल से शुरू हुई जो कि शहर के मुख्य पथ झूलन सिंह चौक महावीर चौक नीचे बाजार होते हुए पुनः प्रिंस चौक पहुंचकर समापन हुआ इस मौके पर मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष रविकांत सिंह उपस्थित रहे जहां पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हिंदू संगठन का उद्देश्य है कि पूरे देश को हिंदू राष्ट्र घोषित कराने के लिए जन आंदोलन पूरे देश में बड़े और जल्द से जल्द इस देश को राष्ट्रीय स्तर पर हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए क्योंकि सनातन सभ्यता और संस्कृति के अनुसार शुरू से ही यहां पर सबसे प्राचीन हिंदू धर्म है और यहां पर हिंदू समाज के लोगों की बहुलता है ऐसे में इस देश को आजादी के समय भी धर्म के आधार पर विभाजित किया गया था लेकिन बाद में उसे बदल दिया गया।

बीआरसी में बच्चों को दिया गया चश्मा

बोलबा। बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरसी में बच्चों को दिया गया चश्मा इस मौके पर बताया गया कि स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत बोलबा प्रखण्ड के दस विद्यालय के कुल इकसठ बच्चों को चश्मा वितरण किया गया । जिसमें राउम विद्यालय बेलकुबा को एक, राम विद्यालय आवगा को नौ, आरसी प्राथमिक विद्यालय मालसाडा को एक, आरसी मध्य विद्यालय पीडियापोंछ को चौदह,आर सी प्राथमिक विद्यालय खंडनिशानं को एक,कस्तूरबा गांधी विद्यालय बोलबा को सोलह,आर सी बेहरीनबासा को एक, एस एस उच्च विद्यलय बोलबा ग्यारह,आर सी बालिका समसेरा को चार, राम विद्यालय पाकरबहार को तीन चश्मा दिया गया। बताया गया कि प्रखण्ड के कुल दस विद्यालय के इकसठ छात्रों को चश्मा का वितरण किया गया । इस मौके पर मुखिया सुरजन बड़ाईक ने कहा गया कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है।

पुअनि संत कुमार रॉय को दी गयी भावभीनी विदाई

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर लोहरदगा कोर्ट में कार्यरत संत कुमार राय के सेवानिवृत्त होने पर कोर्ट परिसर मे समारोह आयोजित कर बिदाई दिया गया` श्री राय बिहार पुलिस सेवा में फरवरी 1983 को रांची जिला में एएसआई के पद पर अपना योगदान दिया था अपनी सेवा के दौरान इन्होंने 1999 से 2004 तक 5 साल तक सीबीआई में सफलतापूर्वक कार्य किया। इसके बाद उन्होंने जमशेदपुर के बरसोल थाना प्रभारी के रूप में 5 वर्षों तक कार्य किया लोहरदगा के भंडरा प्रखंड में थाना प्रभारी के रूप में बहुत ही इमानदारी पूर्वक 2 वर्षों तक कार्यभार संभाला। इसके पश्चात 2021 से 2022 तक लोहरदगा कोर्ट परिसर में सफलतापूर्वक अवर निरीक्षक का कार्य किया। बिदाई समारोह मे लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा की संत कुमार रॉय एक ईमानदार और पुलिस कर्तव्य का ड्यूटी सराहनीय निभाया है। इनके भविष्य मे जीवन मंगलमय रहे यही प्रार्थना है। मौके पर सभी पुलिस के अधिकारी व जवान मौजूद थे।

हाथी के आगमन से ग्रामीणों में भय का माहौल

सेन्हा-लोहरदगा। झखरा जितिया टोली क्षेत्र में देर रात हाथी के आगमन से ग्रामीणों में भय का माहौल है। सूचना पर प्रशासन के साथ अंचलाधिकारी क्षेत्र में पहुंच कर ग्रामीणों को किया सतर्क। सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत झखरा जितिया टोली क्षेत्र में तीन जंगली हाथीयों का आगमन से ग्रामीणों में भय का महौल बना हुआ है। वही बताया जाता है कि बुटी व जितिया टोली के बीच रास्ते से हाथी को घाघरा थाना क्षेत्र में जाते हुए किसान के द्वारा देखा गया। वहीं हाथी के क्षेत्र में आगमन की सूचना पर अंचलाधिकारी विजय कुमार और पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र का दौरा कर जायजा क्लिय गया। साथ ही क्षेत्र वासियों से सावधानी कायम रखने को लेकर अपील किया गया। साथ ही निर्देश देते हुए कहा गया कि हाथी के नजदीक न जायें और वीडियो या फोटो ग्राफी नही करने के क्लियर कहा गया।

डीडीसी की अगुवाई में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

चेकिंग अभियान चलाने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उप विकास आयुक्त-सह-अपर समाहर्ता समीरा एस की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में सपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जनवरी माह में हुई सड़क दुर्घटना में मृत व घायल की समीक्षा हुई। समीक्षा में पुलिस विभाग को सड़क दुर्घटना कम करने के लिए सघन हेलमेट चेकिंग चलाने, ओवर स्पीडिंग/ओवर लोडिंग/ड्रंक एंड ड्राइविंग करने वालों की नियमित जांच करने का निदेश दिया गया।सड़क दुर्घटनाओं की i-Rad एप/पोर्टल में ऑनलाइन इंट्री कराए जाने का निदेश दिया गया। i-Rad मैनेजर को सभी थानों में प्रशिक्षण दिए जाने का निदेश दिया गया। हिट एण्ड रन मामले में लंबित मामलों का निष्पादन कराये जाने का निदेश दिया

गया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, रांची को एन०एच० 143A और एन०एच० 143 AG में सड़क पर झुकी डाल को कटवाए जाने के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी कार्यालय में समन्वय स्थापित किये जाने का निदेश दिया गया। शंख पुल के पास साइनेज दो सप्ताह के अंदर लगाए जाने का का निदेश दिया गया। सिठियो ग्राम में विद्यालय के पास ब्रेकर के संबंध में आवश्यक निदेश एन०एच०आई को दिए गए। पथ प्रमंडल लोहरदगा को जुरिया होकर बीएस कॉलेज के पास निकलने वाली सड़क में 50 मीटर की दूरी पर रम्बल स्ट्रिप लगाए जाने का निदेश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा मेन रोड लोहरदगा में कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय के पास रम्बल स्ट्रिप लगाए जाने की मांग की गई। स्वास्थ्य विभाग को निदेश दिया गया कि गुड सेमेरिटन के चिन्हित व्यक्तियों को एक सप्ताह में भुगतान कर रिपोर्ट समिति को दी जाय। जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाए जाने का निदेश दिया गया। बैठक में यातायात नियम का उल्लंघन किये जाने पर ऑनलाइन लाइसेंस संस्पेंशन की भी समीक्षा की गई। नगर परिषद लोहरदगा को शहर में नो पार्किंग साइन बोर्ड लगाने,अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाने का भी निदेश दिया गया।हिंडाल्को द्वारा संचालित ट्रक के चालकों कोगति नियंत्रण की जानकारी देने व प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, डीडीएमो, समाजसेवी संजय बर्म्मन, अरुण राम, समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

स्वरोजगार ब्राउस में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम

सरकार वंचितों के लिए कर रही काम

नवीन मेल नेटवर्क। महू (म.प्र.)। युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) प्रशिक्षित करने के लिए तत्पर है। वर्तमान सरकार लगातार अधिकारहीन लोगों और सुविधाओं से वंचित लोगों के कल्याण के लिए काम कर रही है। समरसतायुक्त समाज की स्थापना के लिए आर्थिक सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आर्थिक सशक्तिकरण का आधार है उक्त बातें डॉ। बी। आर। सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ। एल। एस। सोलंकी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम विषय पर सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा खादी और ग्रामोद्योग आयोग, म। प्र। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड,

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं बाबू जगजीवन राम पीठ, ब्राउस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम एवं संगोष्ठी में कही। चर्म पदत्रण संस्था के सचिव श्याम पंडारकर ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना को स्वरोजगार हेतु सबसे बेहतर है। उन्होने कहा कि इस योजना से जुड़ने वाले हितग्राही अपनी गतिविधि को कभी बंद नहीं करते हैं और उससे वे स्वयं और दूसरों को भी रोजगार देने का कार्य अनवरत रूप से करते हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता तथा बाबू जगजीवन राम पीठ के प्रोफेसर डॉ। शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि युवा स्वरोजगार से जुड़ ज्यादा से ज्यादा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का लाभ उठा सकते हैं। विश्वविद्यालय निरंतर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों को रोजगार कर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। खादी ग्रामोद्योग, भोपाल के सहायक निदेशक पराग जैन ने कहा कि पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत युवाओं को उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के लिए वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से क्रमशः विनिर्माण के लिए अधिकतम 50 लाख रुपए तक एवं सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम 20 लाख रुपए तक ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के अंतर्गत वर्गवार शहरी क्षेत्रों में 15 से 25 प्रतिशत तक एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 25 से 35 प्रतिशत तक मार्जिन मनी अनुदान शासन द्वारा दी जाती है। खादी ग्रामोद्योग के सहायक निदेशक राजीव खन्ना ने कहा कि पी। एम। ई। जी। पी। योजना को ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू कर पलायन रोका जा सकता है तथा रोजगार सृजन के नए-नए आयाम विकसित किये जा सकते है।

कुरडेग पुलिस ने किया विधार्थियों को जागरूक

कुरडेग। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कुरडेग थाना के एस आइ श्री रमेश कुमार ने निर्मला उच्च बिधालय के लगभग 300 विधार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सड़क सुरक्षा , साइबर अपराध तथा मानव तस्करी से संबंधी लघु फिल्में दिखाकर जागरूक किया साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतू शपथ भी दिलाई गई मौके पर एसआइ रमेश कुमार ने बिधार्थियों को संवोधित करते हुए कहा कि ओवर स्पीड में वाहन चलाना , वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग सड़क दुर्धटना का कारण बनते हैं उन्होने बिधार्थियों से कहा कि 18 बर्ष के होने से पहले हमें वाहन नही चलाना चाहिए 18 बर्ष के बाद ड्राइभीग लाइसेंस बनवा कर वाहन चलाना चाहिए किसी भी प्रकार के नशे की हालत में वाहन नहीं चलायें वहीं साइबर अपराध के बारे में बताया कि साइबर अपराधी अपराध के नए नए तरीके अपना रहे हैं।

एसटी सीट बढ़ाने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

विधायक भूषण बाड़ा ने व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा में विभिन्न पदों के लिए निकले विज्ञापन में एसटी सीट बढ़ाने की मांग की है। इस सम्बंध में मंगलवार को जिप सदस्य जोसिमा खाखा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा सीता एक्का, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो आदि ने डीसी आर रॉनिटा को ज्ञापन भी सौंपा है। कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा डीसी को सौंपे गए आवेदन में विधायक ने कहा है कि व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा के विज्ञापन संख्या -01/2023 के तहत विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया है। जिसमे कुल 10(दस) पदों पर अनुसेवक (ग्रुप-डी) के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। लेकिन विज्ञापन में सामान्य जाति के लिए कुल 08 सीट आरक्षित रखा गया है। वहीं अनुसूचित जनजाति के लिए सिर्फ 02 सीट आरक्षित रखा गया है। जबकि सिमडेगा जिला आदिवासी बहुल जिला है। सरकार द्वारा भी ग्रुप-सी एवं ग्रुप-डी के पदों की नौकरी में आदिवासी - मूलवासी को ही प्राथमिता देने का प्रावधान किया गया है। लेकिन व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा में निकाले गए विज्ञापन में अनुसूचित जनजातियों के लिए लागू आरक्षण रोस्टर का अनुपालन नहीं किया गया है। जिसको ध्यान में रखते हुए व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा के विज्ञापन संख्या -01/2023 को रदद् कर पुनः विज्ञापन में संशोधित करते हुए अनुसूचित जनजाति के लिए सीट बढ़ाने की बात कही है। उन्होंने आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उच्च न्यायालय, रांची झारखण्ड को भी दिया है। इधर आवेदन देते हुए जोसिमा खाखा ने कहा कि जिला स्तरीय नियुक्ति में ज्यादा सीट एसटी कोटे के लिए ही रखा जाना चाहिए था। पर ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस पर संसोधित करते हुए नए सिरे से विज्ञापन निकाल रिक्त पदों पर बहाली किया जाये।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा

बजट में टेक्नोलॉजी के साथ मानव स्पर्श को प्राथमिकता

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ने हर बजट में प्रौद्योगिकी की मदद से देशवासियों के जीवन यापन को सरल बनाने पर जोर दिया है और इस बार के बजट में प्रौद्योगिकी के साथ ही मानव स्पर्श को प्राथमिकता दिया गया है। मोदी ने अगले वित्त वर्ष के आम बजट पर किये गये प्रावधानों और उपायों पर वेबीनार की कड़ी के आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर टेक्नालॉजी से जीवनयापन में सरलता विषय पर वेबीनार को संबोधित करते हुये कहा कि 21वीं सदी का बदलता हुआ भारत, अपने नागरिकों को टेक्नालॉजी की ताकत से लगातार सशक्त कर रहा है। बीते

वर्षों में हर बजट में टेक्नालॉजी की मदद से देशवासियों के जीवन यापन को सरल बनाने पर जोर दिया गया है। इस बार के बजट में भी प्रौद्योगिकी लेकिन साथ-साथ मानव स्पर्श को प्राथमिकता देने दी गयी है। उन्होंने कहा एक जमाना था जब हमारे देश में सरकार की प्राथमिकताओं में बहुत ज्यादा विरोधाभास नजर आता था। समाज का एक वर्ग ऐसा था, जो चाहता था कि उनके जीवन में हर कदम पर सरकार का कोई न कोई हस्तक्षेप हो, सरकार का प्रभाव हो, यानी सरकार उनके लिए कुछ न कुछ करे। लेकिन पहले की सरकारों के समय इस वर्ग ने हमेशा अभाव ही महसूस किया। अभाव में जिंदगी जूझने में ही निकल जाती थी। समाज में ऐसे लोगों का भी वर्ग था, यह दूसरे प्रकार का था। जो स्वयं के सामर्थ्य से आगे बढ़ना चाहता था, लेकिन पहले की सरकारों के समय ये वर्ग भी हमेशा दबाव, सरकारी दखल भांति-भांति की रूकावटें डगर-डगर पर महसूस करता रहा। हमारी सरकार के बीते कुछ वर्षों के प्रयासों से अब ये स्थिति बदलने लगी है। आज सरकार की नीतियों और निर्णयों का सकारात्मक प्रभाव हर उस जगह दिखने लगा है जहां इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। मोदी ने कहा उनका प्रयास हर गरीब और वंचित के जीवन को आसान बना रहा है, उनके सरल जीवन यापन को बढ़ा रहा है। लोगों के जीवन में सरकार का दखल और दबाव भी कम हो गया है।

फरीदाबाद निगम में 50 करोड़ का घोटाला

चंडीगढ़। हरियाणा के फरीदाबाद नगर निगम में हुए 50 करोड़ के घोटाले की अब परतें खुलेंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस मामले में हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो को जांच के लिए मंजूरी दे दी है। जल्द ही अउइ इस मामले में 2 महिला सहित 9 अधिकारियों के खिलाफ पूछताछ करेगी। हरियाणा सीएमओ के अनुसार, राज्य के 2 आइएएस सोनम गोयल और अनीता यादव से भी इस मामले में जल्द एसीबी पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो (पहले विजिलेंस ब्यूरो) ने इस मामले में आरोपी अधिकारियों की संलिप्तता को लेकर जांच करने के लिए प्रदेश सरकार से इजाजत मांगी थी। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अब अउइ जल्दी ही इन अधिकारियों को जांच में शामिल कर पूछताछ की जा सकती है, हालांकि इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना

(लापता लवकेश कुमार राम, उम्र–28 वर्ष लगभग)

मेराल थाना दैनिकी सनहा सं0–12/23, दिनांक–22.02.2023 में लापता लवकेश कुमार राम, उम्र–28 वर्ष लगभग, पिता–हरिहर राम, ग्राम–गेरुआ, पो0–देवगाना, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाला है। जो दिनांक–18.02.2023 को रात्री में 10:30 बजे घर पर बिना किसी को बताये कहीं चला गया है। उक्त लापता का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता लवकेश कुमार राम के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलियाः–

रंग–गोरा, लम्बाई–05 फीट 04 इंच,
पहनावा–काला रंग का ईनर एवं
कमीज हल्का सफेद जिसमें हरा रंग की धारी है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 291453 Police(22-23)#D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा स्थगन संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के निविदा आमंत्रण संख्या– **281/2022-23/RWD/GARHWA,** दिनांक– **09.02.2023, PR NO.-289832** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/GARHWA/36/SRPKG-01/2022-23** की निविदा को परिणाम विपत्र (Bill of Quantity) पर अनुमोदन प्राप्त नहीं होने के कारण स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291471 (Rural Work Department) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा स्थगन संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **राँची** के निविदा आमंत्रण संख्या– **278/2022-23/RWD/RANCHI,** दिनांक– **09.02.2023, PR NO.- 289826** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/RANCHI/47/SRPKG-01/2022-23, RWD/RANCHI/48/ SRPKG-02/2022-23, RWD/RANCHI/49/SRPKG-03/2022-23, RWD/RANCHI/50/SRPKG-04/ 2022-23** एवं **RWD/RANCHI/51/SRPKG-05/2022-23** की निविदा को परिणाम विपत्र (Bill of Quantity) पर अनुमोदन प्राप्त नहीं होने के कारण स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR291463 (Rural Work Department)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎ 06562-240100 (का0)

पत्रांकः–129/ मेदिनीनगर, दिनांकः– 25.02.2023/

निविदा रद्द संबंधी सूचना

इस कार्यालय का पत्रांक–883, दिनांक–22.10.2022 के द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**WRD/MID/MEDININAGAR/F2-14/2022-23** जिसका **PR No.-280753 Water Resource (2022-23) D** है, निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 291440 (Water Resource)22-23*D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

-: आवश्यक सूचना :-

लातेहार जिला अंतर्गत हेरहंज थाना कांड सं0–34/17, दिनांक–16.10.2017,धारा–147/148/149/353/324/307 भा0द0वि0, 27 आर्म्स एक्ट एवं 13 यू0ए0पी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त रौशन जी उर्फ रौशन उरांव उर्फ दशरथ उरांव पे0 स्व0 धनु उरॉव सा0 सुईयाटांड थाना टंडवा, जिला चतरा के विरूद्व अनुसंधान के क्रम में उक्त काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त प्राथमिकी अभियुक्त के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

क्रम	अभियुक्त का नाम एवं पता
1.	रौशन जी उर्फ रौशन उरांव उर्फ दशरथ उरांव पे0 स्व0 धनु उरॉव सा0 सुईयाटांड, थाना टंडवा, जिला चतरा

ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लातेहार।

PR.NO.291406 Police(22-23):D

NAGAR PANCHAYAT, SHRI BANSHIDHAR NAGAR

Nagar Panchayat Office, Shri Banshidhar Mandir road, Shri Banshidhar Nagar, District- Garhwa. Jharkhand - 822121
Phone No.: 7763988693 email ID: npnagaruntari@gmail.com
(NIT No. 10/2022-23)

Reference No.- ULB/NIT/SHRI BANSHIDHAR NAGAR SEPTAGE/TENDER/1910/2022/ 109 Date: 23-02-2023

Short Term Tender Notice, IMPORTANT INFORMATION

1 Name of Work	Construction and Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 6 cum/day at Shri Banshidhar Nagar town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years
2 Estimated Cost (INR)	Construction Cost: ₹1,36,52,734/- Operation & Maintenance Cost: ₹87,57,955/- Total: ₹2,24,10,689/-
3 Bid Security (INR)	₹2,24,000/- (Rupees)
4 Cost of Bid Document (INR)	₹10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable
5 Time of Completion	1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP
6 Date of e-publication of tender	23-02-2023, 14:00 Hrs
7 Document downloading start Date	23-02-2023, 16:00 Hrs
8 Start date for seeking clarification	23-02-2023, 16:00 Hrs
9 End date for seeking clarification	28-02-2023, 17:00 Hrs
10 Pre bid meeting date, Time & Venue	27-02-2023, 14:00 Hrs at Chamber of Office of Executive Officer, Nagar Panchayat Office,Shri Banshidhar Nagar Mandir road, Shri Banshidhar Nagar, Distt. Garhwa, Jharkhand – 822121.
11 Bid submission end date	11-03-2023, 17:00 Hrs
12 Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document	13-03-2023, 16:00 Hrs
13 Bid opening date (online)	14-03-2023, 16:00 Hrs

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in other details can be seen in the bidding documents.
*Bid security 1% of Bid amount.

जानकारी के लिये के बेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in, www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in/Other/Notifications.aspx एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 291461 Urban Development(22-23)#D

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
TRANSMISSION ZONE-IV, DALTONGANJ

e- Short Tender Notice

e-NIT No.398/PR/JUSNL/2022–23

e-Tender in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following works :-

Name of Work	Annual job contract for hiring of Highly skilled/ skilled/ITI trained and Unskilled khalasi/ supporting staff for operational work of Grid sub station Daltonganj, Latehar, Garhwa road, Japla, Meral, Bhagodih and newly commissioned 400/220/132 KV Grid substation Latehar under Transmission Zone-IV, Daltonganj for the period from 01.04.2023 to 31.03.2024.
Period of Work	01.04.2023 to 31.03.2024.
Tender fee (Non-refundable)	**Rs.11,800.00/- only** (in the form of DD) in favour of "**Accounts Officer, Transmission Zone -IV, Daltonganj payable at Daltonganj**".
Earnest Money Deposit (EMD)	**Rs.3,36,700.00/-** only (in form of DD) in favour of "**Accounts Officer, Transmission Zone -IV, Daltonganj payable at Daltonganj**".
Start Date and time of downloading of tender documents	**02.03.2023 at 02:00 PM**
Start Date and time of upload of BID	**02.03.2023 at 03:00 PM**
End date and time of upload of BID	**16.03.2023 upto 03:00 PM**
Last date of submission of hard copy of bid, tender cost and EMD in the office of General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar (Daltonganj)	**16.03.2023 upto 05:00 PM**
BID Opening date for Technical Part(Part-I)	**17.03.2023 at 12:30 PM**
BID Opening date for price part	**Will be communicated later on**
Tender Inviting Authority and address for communication	**General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, New transmission colony, Bypass road, Sudna, Daltonganj, Pin Code – 822101 (Jharkhand).**

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact **9771850485** for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
4. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 291478 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (22-23)_D

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर।

पुनर्वास पदाधिकारी का कार्यालय
उत्तरी कोयल परियोजना, मेदिनीनगर, पलामू।

अतिआवश्यक सूचना

कनहर सिंचाई परियोजना, अमवार (उत्तरप्रदेश) के डूब क्षेत्र में पड़ने वाले ग्रामों के विस्थापित रैयतों को झारखण्ड पुनर्वास नीति 2012 के अनुसार मानवीय सुविधाओं का भुगतान किया जाना है। जिनके नामों की सूची संलग्न है वैसे विस्थापित रैयतों को सूचित किया जाता है कि वे आवेदन पत्र के साथ विस्थापितों/मृत विस्थापितों के आश्रितों का अंचल द्वारा सत्यापित वंशावली प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, संयुक्त बैंक खाता सं0, आधार कार्ड एवं दो रंगीन फोटो आदि कागजात इस कार्यालय को उपलब्ध कराई जाय ताकि विस्थापितों का विकास पुस्तिका तैयार कर उन्हें पुनर्वास से संबंधित मानवीय सुविधाओं का भुगतान यथाशीघ्र किया जा सके।

इसे आवश्यक समझा जाय।

कनहर सिंचाई, अमवार परियोजना के अन्तर्गत कुल 04 ग्रामों में प्रभावित/विस्थापित परिवारों की सूची :–

ग्राम–भुमफोर

क्र0सं0	प्रभावित परिवार के मुखिया का नाम	पिता/पति का नाम
1	2	3
1	रामकेस गोड़	लक्ष्मण गोड़
2	मेवालाल गोड़	रामकेश गोड़
3	सागर गोड़	रामकेश गोड
4	मनुलाल गोड़	रामकेश गोड
5	बुलटु गोड़	लक्ष्मण गोड़
6	लखन गोड़	बुलटु गोड़
7	मखन गोड़	बुलटु गोड़
8	रामसिंह गोड़	बुलटु गोड़
9	धनसिंह गोड़	बुलटु गोड़
10	भरोसा गोड़	लक्ष्मण गोड़
11	हिरालाल गोड़	भरोसा गोड़
12	अनित गोड़	भरोसा गोड़
13	रामरतन गोड़	भरोसा गोड़
14	सुखराज गोड़	सोनसाय गोड़
15	रामविचार गोड़	सुखराज गोड़
16	राजाराम गोड़	रामविचार गोड़
17	बासमति कुँवर	बिरेन्द्र गोड़
18	महेन्द्र गोड़	सुखराज गोड़
19	नागेन्द्र गोड़	सुखराज गोड
20	जगसाय गोड़	सुखराज गोड
21	उदराज गोड़	सोनसाय गोड़
22	नरेश गोड़	उदराज गोड़
23	रमेश गोड़	उदराज गोड़
24	सुनेश्वर यादव	चरकु महतो
25	मदन कुमार यादव	सुनेश्वर यादव
26	देवी दयाल यादव	चरकु महतो
27	रमेश यादव	देवी दयाल यादव
28	सुर्यमान यादव	देवी दयाल यादव
29	कमलेश कुमार यादव	देवी दयाल यादव
30	जगदीश यादव	डोमन यादव
31	बंबई यादव उर्फ चलितर यादव	डोमन यादव
32	महावीर यादव	रामधनी यादव
33	सुग्रीव यादव	बेचू महतो
34	कलावती देवी	सूर्यदेव महतो

ग्राम–फेफसा

क्र0सं0	प्रभावित परिवार के मुखिया का नाम	पिता/पति का नाम
1	2	3
1	पानपति कुवंर	रामप्यारे गोड़
2	चंद्रीका गोड़	रामप्यारे गोड़
3	रामविचार गोड़	रघुनंदन गोड़
4	विजय सिंह गोड़	जमुना गोड़
5	अमरजित गोड़	रामखेलावन गोड़
6	सुशील गोड़	जमुना गोड़
7	जयनाथ गोड़	जमुना गोड़
8	जयकुमार गोड़	जमुना गोड़
9	मुनिया कुंवर	रामखेलावन गोड़
10	अमरनाथ गोड़	रामखेलावन गोड़
11	मनिय देवी	अमर सिंह गोड़
12	मोहीप गोड़	बंधु गोड़
13	रामकेश्वर गोड़	हरिकिशुन गोड़
14	राजेश्वर गोड़	हरिकिशुन गोड़
15	बसमतिया देवी	रामवृक्ष गोड़
16	रामजीत गोड़	बन्धु गोड़

ग्राम–शुरू

क्र0सं0	प्रभावित परिवार के मुखिया का नाम	पिता/पति का नाम
1	2	3
1	मो0 मरगुब अंसारी	दिलवर अली
2	गुलाम मुस्तफा अंसारी	मो0 मरगुब अली
3	मो0 मतलुब अंसारी	दिलवर अली
4	मो0 ऐजाज अंसारी	मो0 मतलुब अंसारी
5	मंजुर आलम	मो0 मतलुब अंसारी
6	नुरजहाँ खातुन	मो0 मतलुब अंसारी
7	अब्दुल तालीब अंसारी	दिलवर अली
8	अलीराजा अंसारी	अब्दुल तालीब अंसारी
9	जन्नत हुसैन	गफुर मियां
10	अमीर हमजा अंसारी	जन्नत हुसैन अंसारी
11	अब्दुल मजीद अंसारी	जन्नत हुसैन अंसारी
12	सरफराज अहमद	जन्नत हुसैन अंसारी
13	अब्दुल समद अंसारी	जन्नत हुसैन अंसारी
14	खुर्षीद अंसारी	जन्नत हुसैन अंसारी
15	मो0 अयुब अंसारी	दिलवर अली
16	सदाकत अंसारी	मो0 अयुब अंसारी
17	सबाब अंसारी	मो0 अयुब अंसारी
18	मो0 नसरूल्लाह अंसारी	गफुर मियां
19	मो0 ईम्तेयाज अंसारी	नसरुल्लाह अंसारी
20	अलताफ अंसारी	नसरूल्लाह अंसारी
21	मो0 मुमताज अंसारी	नसरूल्लाह अंसारी
22	अब्दुल मोतलीब अंसारी	दिलवर अली
23	अब्दुल मनान अंसारी	अब्दुल मोतलीब अंसारी
24	मो0 ईमरान अंसारी	अब्दुल मोतलीब अंसारी
25	हैदर अंसारी	अब्दुल मोतलीब अंसारी
26	सबाना बीबी	अब्दुल मोतलीब अंसारी
27	अमीन अंसारी	सदीक मियां
28	इस्लामुदिन अंसारी	सुलेमान अंसारी
29	अब्दुल हाकिम अंसारी	इस्लामुदिन अंसारी
30	नैमुन बीवी	इस्लामुदिन अंसारी
31	शिवषंकर साव	जयमाल साह
32	नरेश साव	रामकेश साह
33	सुरेश साव	रामकेश साव
34	गिरिवर साव	रामेश्वर साव
35	प्रदीप साव	रामेष्वर साव
36	दिलीप कुमार	राम केष्वर साव
37	लालेश्वरी देवी	स्व0 सीपाही सिंह
38	बागेश्वर सिंह	विशुनदेव सिंह
39	कामेश्वर सिंह	विशुनदेव सिंह
40	सिद्धेष्वर सिंह	विशुनदेव सिंह
41	सुदामा परहिया	रामदास परहिया
42	शिवनारायण परहिया	रामदास परहिया
43	अमेरिका परहिया	रामदास परहिया
44	नारायण परहिया	रामधनी परहिया
45	प्रमेश्वर परहिया	रामधनी परहिया
46	रामअवतार परहिया	हीरालाल परहिया
47	धर्मदेव परहिया	हीरालाल परहिया
48	गणेष परहिया	छलु परहिया
49	धर्मजित परहिया	छलु परहिया
50	चरीतर परहिया	लमहर परहिया
51	सुखमनिया देवी	लमहर परहिया
52	बोड़ारी कोरवा	रूपण कोरवा
53	हीरासहाय परहिया	कनखु परहिया

ग्राम–परासपानी कला

क्र0सं0	प्रभावित परिवार के मुखिया का नाम	पिता/पति का नाम
1	2	3
1	सुखदेव परहिया	करीमन परहिया
2	कोका कोरवा	महादेव कोरवा
3	रमेशर कोरवा	महादेव कोरवा
4	महेन्द्र कोरवा	स्व0 बंषी कोरवा
5	सकेन्द्र कोरवा	स्व0 बंषी कोरवा
6	सुरेन्द्र कोरवा	स्व0 बंषी कोरवा
7	जितेन्द्र कोरवा	स्व0 कल्लु कोरवा
8	बिरेन्द्र कोरवा	स्व0 कल्लु कोरवा
9	रविन्द्र कोरवा	स्व0 कल्लु कोरवा
10	प्रदीप कोरवा	जगदेव कोरवा
11	देवसाय कोरवा	जगमोहन कोरवा
12	धर्मदेव कोरवा	जगमोहन कोरवा

पुनर्वास पदाधिकारी
उत्तरी कोयल परियोजना,

PR.NO.291464 District(22-23):D

सदन की मर्यादा

झारखंड में बजट सत्र की शुरूआत हो चुकी है। इसे लेकर सभी दलों में मगजमारी जारी है। ऐसा देखा जाता है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष अपनी बातों को रखने की बजाय एक दूसरे को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। यह गलत परम्परा है। इससे बचते हुए लोकउपयोगी और जनकल्याण की बातों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। तभी हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। ऐसा देखा जा रहा है कि हंगामा करने और नहीं करने वाले दोनों यह जरूर जानते हैं कि यह गलत परम्परा है। पक्ष और विपक्ष के अपने-अपने तर्क हैं। इन तर्कों की पाठशाला में सभी एक दूसरे को नीचा दिखाने से बाज नहीं आते हैं। अगर तर्कों पर बात हो,तो यह ठीक है। यह जानना और समझना जरूरी है कि बजट सत्र कई मायने में महत्वपूर्ण होते हैं। इसमें पूरे राज्य की अर्थव्यवस्था की रूपरेखा बनती है। साथ ही सालभर के विकास कार्यों की रूपरेखा भी तय होती है। इस सत्र में कई विधेयकों के पेश होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इन महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा हो जाये तो राज्यपाल को आपत्ति करने की जरूरत महसूस नहीं होगी। बहुत दिनों बाद लंबे सत्र का आयोजन किया जा रहा है। विधायक जरूरी बातों को सदन के सामने रखेगें। ऐसे में सकारात्मक तरीके से शामिल होना जरूरी है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के साथ झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की जमकर तारीफ की और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने झारखंड के शहीदों को नमन किया। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा भाषण अंग्रेजी में दिया। राज्यपाल ने कहा कि रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का विस्तार किया जायेगा। इसके अलावा धनबाद, गुमला और लोहरदगा में नये समाहरणालय के निर्माण की भी बात उन्होंने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास में आप अपनी भूमिका निभायें। बहरहाल यह सही है कि राज्य सरकार ने जितना काम कोविड रोकथाम, कोविड अनुकूल व्यवहार और अस्पताल प्रबंधन के लिए किया उतना ही काम गरीबों की रोजी रोटी, बच्चों की शिक्षा, युवाओं के रोजगार, विकास के काम और जन कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए भी किया है। यह दीगर बात है कि यहां के आलाअधिकारी विकास योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में असफल साबित होते दिख रहे हैं। यह समझना जरूरी है कि लोकतंत्र की सार्थकता जनता का, जनता के लिए और जनता के द्वारा शासन में निहित है। अब यह अधिकारियों का नैतिक कर्तव्य बनता है कि वह सरकार के कामों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। बहरहाल सदन से काफी उम्मीदें हैं। आशा है सदन की मर्यादा की रक्षा होगी।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की जमकर तारीफ की और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने झारखंड के शहीदों को नमन किया। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा भाषण अंग्रेजी में दिया।

क्या कश्मीर में बदलते हालात जंग की आहट है?

ललित गर्ग

लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराने लगे हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर के पुलवामा के अचन गांव में एक कश्मीरी पंडित की हत्या ने अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं। सवाल अनेक हैं लेकिन एक ज्वलंत सवाल है कि क्या कश्मीरी पंडितों की हत्याओं के सिलसिले का कभी अंत हो पायेगा? क्या अचन गांव में एक और कश्मीरी पंडित की हत्या भी अखबारों और टीवी चैनलों की सुर्खियां बनकर ही रह जायेगा? क्या कश्मीर घाटी का अमन-चैन वापस लौटेगा? कश्मीर पहले की तरह धरती का स्वर्ग नजर आयेगा? इन सवालों का जवाब सिर्फ कश्मीर की जनता ही नहीं, बल्कि देश के साथ पूरी दुनिया भी जानने को उत्सुक है। यह सही है कि घाटी में सुरक्षा बलों और सैन्य ठिकानों पर हमले अब काफी कम हो गये हैं, लेकिन आम नागरिकों और खासकर कश्मीरी पंडितों और प्रवासी कामगारों की सुरक्षा से जुड़े सवाल अब भी अहम एवं कायम हैं। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। वैसे तो कश्मीर अनेक बार जंग का मैदान बनी है, लेकिन इस बार चुनाव का मैदान है। बुलट की जगह है बैलेट। जंग कोई भी हो खतरा तो उठाना ही पड़ता है। जंग कैसी भी हो, लड़ता पूरा राष्ट्र है। भारत की इज्जत और प्रतिष्ठा है कश्मीर, नाक है। कितनी कीमत चुका दी, चुका रहे हैं। वहां राजनीतिज्ञों की माँग है- स्वायत्तता। जनता ही माँग है- शांति। दोनों चाहते हैं वहां लोकतंत्र लौटे। दोनों को इन्तजार है नतीजों का। इधर पूरे राष्ट्र व विश्व को भी इन्तजार है नतीजों का। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक लाने का, बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो मोदी का जादू रहा है। लेकिन उससे पहले कश्मीरी पंडितों के पलायन को रोकना ज्यादा जरूरी है। उनकी जीवन-रक्षा ज्यादा मूल्यवान है। अब ताजा घटना में मारे गये कश्मीरी पंडित का परिवार भी पलायन की सोच रहा है। सरकार पंडितों पर खतरे से अनजान नहीं है। इन्हें लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया जा रहा है। इसे रोक पाने में सरकार को विशेष सफलता मिलती नहीं दिख रही है। लक्षित हमलों में अक्तूबर 2021 से अब तक पांच पंडितों की हत्या की जा चुकी है। इनमें से चार ऐसे थे, जिन्होंने 1990 में आतंक के भयावह दौर में भी घाटी से पलायन नहीं किया था। अचन गांव के साठ पंडित परिवारों में से उनसठ तभी पलायन कर गए थे। मारे गये व्यक्ति को पुलिस ने जान पर खतरे के बारे में पहले ही आगाह कर दिया था, जिसके बाद वे पिछले तीन-चार महीने से अपने काम पर नहीं जा रहे थे। घर के पास सुरक्षा के लिए पुलिस की भी तैनाती थी। इस सारे एहतियात के बावजूद उनकी हत्या हो जाने से लगता है कि आतंकियों के पास स्थानीय समर्थन है, जो उन्हें लक्ष्य की गतिविधियों की खबर देता था। इन आतंकी गिरोहों के पास ज्यादा मजबूत खुफियातंत्र है। इन हत्याओं से आम पंडितों और प्रवासी कामगारों को यह लगना स्वाभाविक है कि सरकार उनकी सुरक्षा में विफल है और वे फिर पलायन की सोच सकते हैं। पर यह आतंक को खाद-पानी देने जैसा होगा। आतंक के पोषक और उनके आका भी यही चाहते हैं कि डर कर घाटी में बचे-खुचे पंडित भी पलायन कर जाएं और दशकों पहले घर-बार छोड़ कर भाग चुके पंडित घर वापसी के बारे में कतई न सोचें। यह तो जीत की ओर बढ़ते कदमों के पीछे हटने जैसे हालात है। सरकार घर-बार छोड़कर भाग चुके पंडितों की घाटी में वापसी चाहती है। पर वे लोग, जिन्होंने नब्बे के दशक में आतंक के दौर में भी घाटी नहीं छोड़ा, अब चुन-चुन कर मारे जा रहे हैं तो जम्मू या देश के अन्य हिस्सों में रह रहे पंडितों को वापसी के लिए कैसे मनाया जा सकता है। असुरक्षा की भावना अब भी उतनी ही है, जितनी पहले थी। हमारे लिए कश्मीर सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा मात्र नहीं है, यह हमारी शान है, इससे हमारा भावनात्मक एवं राष्ट्रीय जुड़ाव है। पुलवामा में सैनिकों पर हो या अमरनाथ यात्रियों पर, दिमाग में कौंध रहे सवाल और बड़े होकर उमड़ने लगते हैं। यह सही है कि आतंकी घटनाएं पूरी दुनिया के लिए चुनौती बनी हुई हैं, लेकिन क्या हम कश्मीर में इसे जड़ से उखाड़ नहीं फेंक सकते? आतंककारी घटनाओं पर देश में होने वाली राजनीति भी इस दिशा में नकारात्मक पहलू माना जा सकता है। सब जानते हैं कि पिछले साढ़े तीन दशक में दिल्ली और कश्मीर की सत्ता पर भाजपा भी काबिज रही है और कांग्रेस भी।

बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान नरसिंह की कथा

भगवान विष्णु का नरसिंह अवतार लेना वैसे तो भगवान विष्णु नरम स्वभाव के और धैर्यवान थे। इसी कारण हर बार वे शांति से और बिना क्रोध के अपने भक्त प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा करते आये थे किंतु अपने छोटे से भक्त पर इस तरह के अत्याचार देखकर धीरे-धीरे उनका क्रोध बढ़ता जा रहा था। एक दिन वह क्रोध का घड़ा फूट गया व भगवान विष्णु के अत्यंत भयानक रूप नरसिंह अवतार का जन्म हुआ। जब हिरण्यकश्यप के द्वारा प्रह्लाद को मारने के सभी प्रयास विफल हो गए तब उसने क्रोध में अपने पुत्र से पूछा कि यदि भगवान विष्णु हर जगह उपस्थित हैं तो क्या वह सामने वाले स्तम्भ में भी है। इस पर प्रह्लाद ने कहा कि श्रीहरि तो हर एक कण में उपस्थित हैं, इसलिये वह सामने वाले स्तम्भ में भी है। यह सुनकर हिरण्यकश्यप को क्रोध आ गया व उसने उस स्तम्भ को तोड़ डाला। स्तम्भ के टूटते ही एक जोरदार दहाड़ सुनाई पड़ी तथा उसमे से भगवान विष्णु अपने नरसिंह अवतार में बाहर निकले। उनका ऊपर का आधा शरीर सिंह का तथा नीचे का आधा शरीर मनुष्य का था। वह जोर-जोर से फुंफकार रहे थे जिस कारण आसपास हाहाकार मच गया। सभी सैनिक उनके इस भयानक रूप को देखकर आतंकित हो उठे। हिरण्यकश्यप का वध नरसिंह अवतार ने हिरण्यकश्यप पर भीषण प्रहार किया तथा उसे खींचकर उसके भवन की दहलीज पर ले गये। उन्होंने हिरण्यकश्यप को अपने जांघों पर बिठा लिया तथा अपने बड़े-बड़े नाखूनों की सहायता से उसका पेट चीरकर आंतड़ियाँ बाहर निकाल दी।

(क्रमशः)

नई सीएसआर निगरानी नीति की जरूरत

डॉ. अजय खेमरिया

भारत दुनिया का इकलौता देश है जहां कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) को कानूनन अनिवार्य बनाया गया है। यह कानून व्यापारिक गतिविधियों से अर्जित धनलाभ में से कुछ भाग को सामाजिक रूप से व्यय करने के प्रावधान करता है। 01 अप्रैल, 2014 से यह कानून लागू है। अब इस कानून और इसके क्रियान्वयन के अनुभवों पर विचार करने की आवश्यकता के नई सीएसआर निगरानी नीति की जरूरत महसूस की जा रही है। यह कानून हमारे हजारों साल पुराने जीवन दर्शन की बुनियाद पर खड़ा है। यह ऐसी बुनियाद है जहां दान और परोपकार का उद्देश्य समाज के वास्तविक जरूरतमन्दों के लिए विकास और उत्कर्ष के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए होता रहा है। यह कानून सिर्फ भारतीय कंपनियों पर ही लागू नहीं होता है बल्कि उन सभी विदेशी कंपनियों के पर लागू होता है जो भारत में कार्य करती हैं। कानून के अनुसार, एक कंपनी को जिसका सालाना नेटवर्थ 500 करोड़ों रुपये या सालाना इनकम 1000 करोड़ रुपये या वार्षिक मुनाफा 5 करोड़ रुपये का हो तो उसको सीएसआर पर खर्च करना जरूरी होता है। यह खर्च कंपनी के तीन साल के औसत लाभ का कम से कम दो प्रतिशत होना जरूरी है। 2014 से 2021 की अवधि में इस कानून के तहत 126938 करोड़ रुपये धन एकत्रित हुआ। यह रकम शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत विकास, पोषण, ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में खर्च की गई। इसमें नीतिगत बदलाव की आवश्यकता इसलिए महसूस की जा रही है क्योंकि देश में इस राशि का वितरण आसमान है। तुलनात्मक रूप में ज्यादा वास्तविक जरूरतमंद क्षेत्रों के लिए इससे कोई खास फायदा नहीं मिल पा रहा है। बेशक कानून इस राशि के व्यय के लिए औद्योगिक इकाइयों के स्थानीय क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है लेकिन यह भी तथ्य है कि भारत में समग्र विकास की गति भौगोलिक रूप से बहुत असमान है। महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा जैसे राज्य विकास के लगभग सभी संकेतकों पर उत्तर भारत के अन्य राज्यों से अभी भी अग्रणी हैं। सीएसआर के तहत खर्च के आंकड़े इस असमान विकास को कम करने के स्थान पर बढ़ाते नजर आ रहे हैं। अब तक व्यय की गई कुल सीएसआर राशि में 40 फीसदी तो केवल सात राज्यों में ही खर्च हुई है। इसमें पैन इंडिया यानी एक साथ हुए देशव्यापी आवंटन को भी जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा 60 फीसदी हो जाता जाता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 4023 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र में 18605 करोड़ रुपये ,गुजरात में 6221 करोड़ रुपये ,कर्नाटक में 7160 करोड़ रुपये , तमिलनाडु में 5437 करोड़ रुपये ,आंध्र प्रदेश में 5100 करोड़ रुपये एवं तेलंगाना में 2500 करोड़ रुपये सीएसआर के तहत 2014 से अब तक व्यय किये गये हैं। यह ऐसे राज्य हैं जहां औद्योगिक विकास के साथ मानवीय दृष्टि से भी जीवन स्तर समेत अन्य संकेतक देश के अन्य राज्यों से बेहतर हैं। इन राज्यों की कुल आबादी भी खर्च के अनुपात में समान नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा या पूर्वोत्तर के राज्यों में आधारभूत विकास से लेकर सामाजिक रूप से निवेश की आवश्यकता अत्यधिक है। तथ्य यह है कि 22 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में गुजरात की तुलना में आधा यानी 3288 करोड़ का फंड ही मिल सका। इसी तरह बिहार में तो यह आंकड़ा मात्र 691 करोड़ ही हो पाया है। कमोबेश मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 1149, छत्तीसगढ़ में 1385, पश्चिम बंगाल में 2487 और झारखंड में 873 करोड़ रहा। सरकार ने कुछ संशोधन कर इस खर्च में रिसर्च और डेवलपमेंट को भी जोड़ा है लेकिन अभी इस दिशा में कोई ठोस काम दिखाई नही दे रहा है। एक और विसंगति यह है कि बड़े घरानों ने अपने प्रभाव वाले एनजीओ एवं ट्रस्ट खड़े कर लिए हैं। यह ट्रस्ट यूनिवर्सिटीज, अस्पताल और कौशल विकास केंद्र संचालित करते हैं। यह एक तरह से केवल धन का डायवर्जन भर है। बेहतर होगा सरकार सीएसआर के लिए कुछ बड़े बुनियादी बदलाव सुनिश्चित करे। मसलन कुल धन का 75 फीसदी तो अभी तक शिक्षा ,स्वास्थ्य और गरीबी पर खर्च हुआ है। इन तीनों क्षेत्रों में सभी सरकारें पिछले 75 साल से पानी की तरह पैसा खर्च कर रही हैं। सीएसआर की राशि का इन क्षेत्रों में व्यय किया जाना असल में दोहराव भर लगता है। अच्छा होगा कि एक नियामक निकाय सीएसआर के लिए खड़ा किया जाय। देशभर की सीएसआर राशि एक स्थान पर संकलित हो। इस राशि के खर्च के लिए एक विशेषज्ञ पैनल हो। हर जिले में एक कौशल विकास केंद्र बनाया जाय। बड़ी कंपनियां यहां खर्च करें। इसी तर्ज पर फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल जैसे प्रयोग अमल में लाए जा सकते हैं।

01 अप्रैल, 2014 से यह कानून लागू है। अब इस कानून और इसके क्रियान्वयन के अनुभवों पर विचार करने की आवश्यकता के नई सीएसआर निगरानी नीति की जरूरत महसूस की जा रही है।

राजनीति

फोटो की दुनिया

ट्वीट-ट्वीट

Rohini Acharya
@RohiniAcharya2

अगर प्रधान मंत्री मोदी जी के नजरों में रेलवे में मुनाफा देना गुनाह है तो हमें ऐसा गुनाह कबूल है..

90 हजार करोड़ का फायदा लालू जी के रेल मंत्री रहते गुनाह लग रहा है तो वो शौक से देश की जांच एजेंसी के बल पर फर्जी मुकदमा कर सकते हैं..

जब जब बिहार लड़ता है
तब तब दिल्ली डरता है.

फेसबुक वॉल से

Raj Kumar Singh
19 h ·

बोर्ड परीक्षाएँ चल रही हैं. यदि आपको रास्ते में छात्रों का वाहन, कार, बाइक, साइकिल ख़राब दिखे, कोई छात्र परेशान दिखे तो पूछ लें, हो सकता है वो परीक्षा केंद्र जाने के लिए परेशान हो. कुछ भूल गया हो? उसे केंद्र तक पहुँचा दें. बच्चे पहली बार इस तनाव से गुजरते हैं. ख़ास तौर से हाई स्कूल के. आपकी मदद उनके लिए बड़ा संबल होगा. आपको भी अच्छा लगेगा.

चिंता का सबब बनती जा रही आत्महत्या की प्रवृत्ति

योगेश कुमार गोयल

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2021 में भारत में विभिन्न कारणों से आत्महत्याओं के मामलों को लेकर जो रिपोर्ट जारी की, वह बेहद डरावनी है। दरअसल देश में आत्महत्या के मामलों में हर साल बढ़ोतरी हो रही है और रिपोर्ट के मुताबिक हर रोज देशभर में 450 व्यक्ति आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या के ये आंकड़े डराने वाले इसलिए भी हैं क्योंकि जहां वर्ष 2021 में पूरे देश में हुए करीब 4.22 लाख सड़क हादसों में कुल 1.73 लाख लोगों की मौत हुई, वहीं कम से कम 164033 लोगों ने तो आत्महत्या करके ही अपनी जीवनलीला समाप्त कर डाली। समाज विज्ञान के जानकारों के अनुसार बढ़ती महंगाई तथा आम आदमी की लगातार घटती कमाई आत्महत्या के मामले बढ़ने का प्रमुख कारण है। दरअसल कमाई कम होने या रोजगार नहीं होने के कारण लोगों में तनाव बहुत बढ़ गया है, जिससे बहुत से मामलों में पारिवारिक क्लेश पैदा होता है और परिणामस्वरूप आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। वर्ष 2016 में जहां आत्महत्या के कुल 1064033 मामले दर्ज हुए थे और 2017 में 1.29 लाख लोगों ने आत्महत्या की थी, वहीं 2017 से 2021 तक ये मामले 26 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 1.64 लाख से भी ज्यादा हो गये। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई रास्ता नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्रायः विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं। आत्महत्या करने वालों में करीब 64 फीसदी यानी 1.05 लाख लोग ऐसे हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम थी। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक बीते वर्ष देश में कुल 164033 लोगों ने आत्महत्या की, जिनमें से 118979 पुरुष, 45026 महिलाएं और 28 ट्रांसजेंडर थे। आत्महत्या करने वाली आधी से भी ज्यादा 23178 गृहिणियां थी जबकि 5693 छात्राओं और 4246 दैनिक वेतनभोगी महिलाओं ने आत्महत्या की। गृहिणियों द्वारा आत्महत्या के सर्वाधिक मामले तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में क्रमशः 3221, 3055, 2861 दर्ज किए गए, जो गृहिणियों द्वारा की गई आत्महत्या के मामलों का क्रमशः 13.9, 13.2 और 12.3 फीसदी है। आत्महत्या के मामलों में महिला पीड़ितों का अनुपात दहेज जैसे विवाह संबंधी मुद्दों, नपुंसकता और बांझपन में अधिक देखा गया। पेशेवर समूहों में स्वरोजगार करने वालों में भी आत्महत्या के मामले करीब 16.73 फीसदी बढ़े हैं। देश में 2020 में आत्महत्या के कुल 153052 मामले दर्ज हुए थे और 2021 में आत्महत्या की दर में 7.2 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 33.2 फीसदी लोगों ने पारिवारिक समस्याओं के कारण जबकि 18.6 फीसदी ने बीमारी के कारण मौत को गले लगाया। आत्महत्या के अन्य मुख्य कारणों में 6.4 फीसदी मादक पदार्थों का सेवन और शराब की लत, 4.8 फीसदी विवाह संबंधी मुद्दे, 4.6 फीसदी प्रेम प्रसंग, 3.9 फीसदी दिवालियापन या कर्ज, 2.2 फीसदी बेरोजगारी, 1.6 फीसदी पेशेवर कैरियर की समस्या, 1.1 फीसदी गरीबी और 1 फीसदी परीक्षा में असफलता शामिल रहे। आत्महत्या करने वालों में 18-30 वर्ष से कम आयु वर्ग के 34.5 फीसदी और 30-45 वर्ष से कम आयु के 31.7 फीसदी लोग शामिल हैं जबकि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में 3233 आत्महत्याएं पारिवारिक समस्याओं के कारण, 1495 प्रेम संबंध और 1408 बीमारी के कारण हुई। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की सर्वाधिक प्रवृत्ति महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में देखी गई है। केवल इन पांच राज्यों में ही देशभर में आत्महत्या के कुल मामलों में से 50.4 फीसदी मामले दर्ज हुए जबकि 49.6 फीसदी मामले 23 अन्य राज्यों और 8 केन्द्रशासित प्रदेशों में सामने आये। पिछले एक साल में उपरोक्त पांच राज्यों में क्रमशः 22207, 18925, 14965, 13500, 13056 लोगों ने आत्महत्या की, जो कुल मामलों का क्रमशः 13.5, 11.5, 9.1, 8.2 और 8 फीसदी है। प्रति एक लाख की आबादी पर आत्महत्या के मामलों की राष्ट्रीय दर हालांकि 12 रही लेकिन कुछ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में स्थिति बेहद चिंताजनक है।

दरअसल कमाई कम होने या रोजगार नहीं होने के कारण लोगों में तनाव बहुत बढ़ गया है, जिससे बहुत से मामलों में पारिवारिक क्लेश पैदा होता है और परिणामस्वरूप आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं।

दुनियादारी

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

इंटरव्यू के दौरान भूलकर भी न करें ये गलतियां, सिलेक्शन न होने के लिए बॉडी लैंग्वेज बन सकता है कारण

जॉब के लिए इंटरव्यू के दौरान लोग बॉडी लैंग्वेज से जुड़ी कई गलतियां करते हैं। जिसके कारण इंटरव्यू अच्छा जाने के बाद भी उनका सिलेक्शन नहीं होता है। यहां हम आपको सही बॉडी लैंग्वेज के साथ इंटरव्यू क्रैक करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। अच्छी जॉब की चाहत रखने वाले लोग काफी समय पहले से ही इंटरव्यू की तैयारियां शुरू कर देते हैं। इंटरव्यू से पहले लोग तमाम सवालों की तैयारियां भी करते हैं। इस दौरान लोग इंटरव्यू में अच्छा इंप्रेशन देने के लिए आटउफिट्स को लेकर भी कंफ्यूज हो जाते हैं। इन सारी तैयारियों के अलावा कुछ जरूरी बातें हैं जिनका आपको खास ध्यान रखना चाहिए। कई बार इंटरव्यू अच्छा जाने के बाद भी आप सिलेक्शन से चूक जाते हैं। इस दौरान आपकी बॉडी लैंग्वेज बहुत मायने रखता है। आज हम आपको उन बॉडी लैग्वेज के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको इंटरव्यू के दौरान बिलकुल भी नहीं करनी चाहिए।

ऐसे करें शुरूआत

इंटरव्यू में आपके उठने-बैठने का तरीका, हाव-भाव, आपके हाथ के एक्शन आदि के अलावा आपकी बॉडी लैंग्वेज पर भी खास ध्यान दिया जाता है। इंटरव्यू के लिए जाने के दौरान सामने वाले से हाथ मिलाने के दौरान इस बात का खास ध्यान रखे कि हाथ न तो बहुत हल्के से और न बहुत तेजी से मिलाएं। यदि आपके हाथ गीले हों तो उन्हें पोछकर साफ कर लें। वहीं इंटरव्यू के दौरान सामने वाले से आई कॉन्टैक्ट बनाकर रखें। वहीं हैंडशेक करने के दौरान गर्मजोशी से मिलें। आंखें झुकाकर या कहीं और देखते हुए हैंडशेक करने की गलती न करें।

स्ट्रेट होकर बैठें

इंटरव्यू के दौरान आपको स्ट्रेट होकर बैठना चाहिए। इसके अलावा अगर आप इंटरव्यू लेने वाले के सामने क्रास लेग करके बैठते हैं तो यह आपके इंप्रेशन को खराब कर सकता है। साथ ही यह सामने वाले पर्सन पर भी बुरा प्रभाव डालता है। इसलिए इंटरव्यू के दौरान इस तरह की गलती किए जाने से बचना चाहिए। बता दें कि स्ट्रेट पोस्चर यानि की एकदम सीधे होकर बैठने से आपका सामने वाले पर डिफेंसिव इंप्रेशन जाता है। ढीला-ढाला पोस्चर आपकी खराब बॉडी लैंग्वेज को दिखाता है।

क्रॉस आर्म्स

बॉडी लैंग्वेज से जुड़ी एक क्रॉस आर्म्स होती है। इंटरव्यू देते समय हाथों को सीधे अपनी थाई पर रखकर बैठें। इस दौरान न तो हाथों को क्रॉस करें और न ही हाथ जेब में डालें। अगर आप हाथ क्रॉस कर-के बैठते हैं तो यह आपके एरोगेंस को दिखाता है। जिससे इंटरव्यू में खराब इंप्रेशन पड़ता है। कई लोग टेबल के ऊपर हाथ रखकर बात करते हैं। ऐसा भी करने से बचना चाहिए। बता दें कि जब तक हाथ से कोई बहुत जरूरी बात न समझानी हो, तब तक हाथों को इधर-उधर न करें। इसके अलावा बार-बार अपने हाथों को बालों पर न फिराएं।

फेस टच

कई लोगों की बार-बार अपने चेहरे, बालों या कपड़ों को टच करने की आदत होती है। यदि आप किसी इंटरव्यू के दौरान भी ऐसी हरकत करतें है, तो यह सामने वाले को आपके खराब इंप्रेशन को दिखाता है। क्योंकि ये आदतें नेगेटिव बॉडी लैंग्वेज जेस्चर में आती हैं। इसलिए इंटरव्यू के दौरान भूलकर भी ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए। आपकी बॉडी लैंग्वेज से जुड़ी इस तरह की कई गलतियां इंटरव्यू में असफल होने का कारण भी बन सकती हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

बीटेक इन इलेक्ट्रिकल व कंप्यूटर इंजीनियरिंग में ऐसे बनाएं करियर

जिन छात्रों को इलेक्ट्रानिक्स और कंप्यूटर दोनों में रूचि है। वह इंजीनियरिंग में अपना करियर बना सकते हैं। इसमें आपकी रुचि के हिसाब से कई कोर्स मिल जाएंगे। हालांकि इन कोर्सों में एडमिशन लेने से पहले छात्रों को प्रवेश परीक्षा देनी होती है। इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने के बाद छात्रों के सामने करियर को लेकर चिंता बढ़ जाती है। वहीं जो स्टूडेंट 12वीं के बाद इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। उनके लिए इंजीनियरिंग में ढेरों स्पेशलाइजड कोर्स है। आपको बता दें कि इंजीनियरिंग में 2 प्रकार की बैचलर डिग्री होती है। जिनमें से एक बीई, बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग और दूसरा बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी यानी बीटेक है। वहीं जिन स्टूडेंट्स को इलेक्ट्रानिक्स और कंप्यूटर दोनों में रूचि है। उनके करियर के लिए इंजीनियरिंग का ऑप्शन सबसे बेस्ट है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बीटेक इंलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग कोर्स के बारे में पूरी जानकारी देंगे। इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग की एक ब्रांच इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस है। जिसके जरिए कंप्यूटर के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को विकसित करने का काम किया जाता है। इस सब्जेक्ट के जरिए दोनों विषयों को अलग-अलग किया गया है। ताकि जिस स्टूडेंट को जिस सब्जेक्ट में इंट्रेस्ट हो, वह उसमें अपना करियर बना सके। बता दें कि इस कोर्स को करने के बाद आप एक आकर्षक सैलरी पर नौकरी कर सकते हैं।

कोर्स

बीटेक इन इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक का कोर्स 4 साल का होता है। 12वीं पास स्टूडेंड संबंधित सब्जेक्ट में डिप्लोमा कर सकते हैं। हालांकि इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए स्टूडेंट को परीक्षा देनी होती है। कोर्स को आसान बनाने के लिए इसे सेमेस्टर सिस्टम में लागू किया गया है। इस दौरान स्टूडेंट को कोर्स पढ़ाने के अलावा थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल भी करवाया जाता है। कोर्स की पढ़ाई के दौरान उन्हें काफी कुछ सिखाया जाता है। जिससे कि छात्रों को करियर की शुरूआत में किसी तरह की दिक्कत न आए।

योग्यता

इसके लिए स्टूडेंट का 12वीं पास होना जरूरी है।
स्टूडेंट ने साइंस स्ट्रीम से पढ़ाई की हो।
पीसीएम के मुख्य सब्जेक्टों के बारे में जानकारी होनी चाहिए।
स्टूडेंट के कम से कम 50 प्रतिशत नंबर होने चाहिए।
वहीं रिजर्व कैटेगिरी के पास 45 प्रतिशत अंक योग्यता
स्टूडेंट की उम्र 17 से 23 साल के बीच होनी चाहिए।

एडमिशन

बीटेक में इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स करने के लिए स्टूडेंट को प्रवेश परीक्षा देनी होती है। इनमें से सबसे अहम ख प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस और जेईई एडवांस है। वहीं अन्य संस्थान और राज्य अपने स्तर पर भी कई तरह की प्रवेश परीक्षा करवाते हैं। जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं- हखएए, श्कळएएए, रफ्टखएएळ, डएट आदि। इन परीक्षाओं में पास होने के बाद ही स्टूडेंट इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। एडमिशन एग्जाम के बाद सीट अलॉटमेंट के लिए काउंसलिंग और कुछ जगह इंटरव्यू का भी प्रोसेस होता है।

कॉलेज और फीस

करुणा प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान, तमिलनाडु - 7.24 लाख
एसआरएम प्रौद्योगिकी संस्थान, तमिलनाडु - 10.1 लाख
एसआरएम इंजीनियरिंग कॉलेज, तमिलनाडु - 10.1 लाख
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश - 2.02 लाख
अमृता विश्व विद्यापीठम अमृतपुरी परिसर, केरल - 4 लाख
रेवा विश्वविद्यालय, कर्नाटक - 9 लाख

अन्य ऑप्शन

इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद आगे की भी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। वहीं यह कोर्स पूरा होने के बाद आप एक पेशेवर के तौर पर अच्छी सैलरी पर भी काम कर सकते हैं। बता दें कि इस कोर्स के बाद छात्र सीनियर डेवलपर, स्पलाई चेन एग्जिक्यूटिव और मैनेजर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, कंप्यूटर इंजीनियर और रिजनल मैनेजर आदि के पदों पर काम कर सकते हैं। शुरूआती दौर में इस फील्ड में आप सालाना 2 से 7 लाख रुपए महीने कमा सकते है। वहीं एक्सपीरियंस के आधार पर आपकी सैलरी भी बढ़ती जाती है।

सौर प्रेक्षणों के रिकॉर्ड डिजिटाइज्ड होने से खुले अनुसंधान के नये द्वार

शोधकर्ताओं का कहना है कि फोटोग्राफिक प्लेटों/फिल्मों पर लिये गए 100 से अधिक वर्षों के सौर प्रेक्षणों का डिजिटल रिकॉर्ड दुनियाभर के वैज्ञानिकों को सौर परिवर्तनशीलता और जलवायु पर इसके प्रभाव के अध्ययन को मजबूती प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। भारतीय शोधकर्ताओं ने सौर धब्बों के प्रेक्षणों के दुनिया के सबसे लंबे और समरूप रिकॉर्ड को डिजिटाइज किया है। इस अध्ययन के दौरान, सौर प्रेक्षणों से संबंधित आंकड़े सबसे पुरानी खगोलीय वेधशालाओं में शामिल भारतीय ताराभौतिकी संस्थान (आईआईए), बेंगलुरु के फील्ड स्टेशन कोडैकानल सौर वेधशाला (कोसो) से प्राप्त किये गए हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि फोटोग्राफिक प्लेटों/फिल्मों पर लिये गए 100 से अधिक वर्षों के सौर प्रेक्षणों का डिजिटल रिकॉर्ड दुनियाभर के वैज्ञानिकों को सौर परिवर्तनशीलता और जलवायु पर इसके प्रभाव के अध्ययन को मजबूती प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। जलवायु को प्रभावित करने वाली सौर परिवर्तनशीलता के अध्ययन और महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष अन्वेषण परियोजनाओं को आकार देने में भी सौर प्रेक्षणों के डिजिटलीकरण को एक सहायक पहल के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि इन प्रेक्षणों को पूरी समयावधि में एक ही सेटअप के साथ लिया गया है, जो इस डेटा को अनूठे और दीर्घकालिक सौर परिवर्तनशीलता के अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त बनाता है। शोधकर्ताओं का कहना है - 'लगभग 115 वर्षों (1904-2017) को कवर करने वाली अद्यतन सौर-धब्बा क्षेत्रों की यह श्रृंखला शोध- समुदाय के लिए उपलब्ध करायी जा रही है, जो सूर्य की दीर्घकालिक परिवर्तनशीलता का अध्ययन करने के लिए एक अनूठा स्रोत होगी।' विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि ये ऐतिहासिक प्रेक्षण वैज्ञानिकों को अपने निकटतम तारे के आरंभिक चरण के व्यवहार को समझने में सक्षम बना सकते हैं, जिसके आधार पर, वे इसके भविष्य के संबंध में अनुमान लगा सकते हैं। यही नहीं, इससे सूर्य को समझने की हमारी कोशिशों को बल मिलेगा, और अंतरिक्ष अन्वेषण की भावी योजनाओं को आकार देने में भी मदद मिल सकती है, क्योंकि सूर्य; अंतरिक्ष की मौसमी परिस्थितियों को निर्धारित करने वाला एक प्रमुख कारक है। शोधकर्ताओं में शामिल, आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज (एरीज), नैनीताल, उत्तराखंड के निदेशक दीपंकर बनर्जी ने कहा, हाथ से खींची गई तस्वीरों और तस्वीरों से डेटा प्राप्त करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जा रहा है। इस प्रकार, सबसे पुराने, दुर्लभ, एवं निरंतर सौर आंकड़ों का एक संग्रह तैयार किया जा रहा है, जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों के शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी होगा।



दीपंकर बनर्जी के साथ-साथ इस अध्ययन के अन्य पांच शोधकर्ताओं में विभूति कुमार झा, मंजूनाथ हेगड़े, आदित्य प्रियदर्शी, सुदीप मंडल और बी. रवींद्र शामिल हैं। यह अध्ययन शोध पत्रिका फ्रंटियर्स इन एस्ट्रोनॉमी ऐंड स्पेस साइंसेज में प्रकाशित किया गया है।

सूडोकु नवताल- 6625

मध्यम

	9				4			
8	4			6		9		5
5		6	8	2		3		
	1	5	6	3			9	7
3	6			9	7	1	4	
		1		4	8	7		6
9		4		7			2	1
			2				8	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6624 का हल

8	5	4	7	3	2	6	1	9
6	7	1	9	5	4	3	2	8
2	9	3	8	6	1	7	5	4
4	3	9	2	1	7	8	6	5
5	6	2	3	8	9	4	7	1
7	1	8	6	4	5	9	3	2
3	2	6	5	9	8	1	4	7
9	4	7	1	2	6	5	8	3
1	8	5	4	7	3	2	9	6

दैनिक पंचांग

01 मार्च 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कुंभ में	मीन	07.08 बजे से
चंद्र	मिथुन में	मेष	08.39 बजे से
मंगल	वृष में	वृष	10.19 बजे से
बुध	कुंभ में	मिथुन	12.17 बजे से
गुरु	मीन में	कर्क	14.30 बजे से
शुक्र	मीन में	सिंह	16.46 बजे से
शनि	कुंभ में	कन्या	18.58 बजे से
राहु	मेष में	तुला	21.09 बजे से
केतु	तुला में	वृश्चिक	23.24 ब.से
राहुकाल	12.00 से 1.30 बजे तक	धनु	01.40 बजे से
		मकर	03.45 बजे से
		कुंभ	05.31 बजे से

बुधवार 2023 वर्ष का 60 वां दिन
दिशाशूल उत्तर
ऋतु शिशिर।
विक्रम संवत् 2079
शक संवत् 1944
मास फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
तिथि दशमी अहोरात्र।
नक्षत्र मृगशीर्ष 09.52 बजे को समाप्त।
योग प्रीति 17.02 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 17.28 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 08.7 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 07° 46'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871539
जूलियन दिन 2460004.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना सावान
तारीख 08

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7688

1	2	■	3	4	5	■	6	7
8		9	■	10		11	■	
■	12		13	■	14		15	■
16	■	17		18	■	19		20
21	22	■	23		24	■	25	
26		27	■	28		29	■	
■	30		31	■	32		33	■
34	■	35		36	■	37		38
39		■	40			■	41	

बाएँ से दाएँ

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.स्नान करना-3
10.वध करना-3
12.निर्माण-3
14.रूई का पौधा-3
17.आयोग्य-3
19.अंजाम देना-3
21.कत्ल,हत्या-2
23.नौकरानी-3
25.गाने का ढंग, शैली-2
26.मुलायम-3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन-3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, अगुवा-3
35.भीरु,डरपोक-3
37.कथा,गाथा-3
39.वध,मर्डर-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शराब

ऊपर से नीचे

1.क्रिकेट में बनते हैं-2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम-3
7.यमराज,मृत्यु देवता-2
9.नृत्य करना-3
11.अपवित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान-3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.मुखिया, सरदार-3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, खफा होना-3
27.मक्खन-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान-3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ-3
33.एक जाती जो प्राय: डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है-3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शराब-2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

शब्द पहेली -7687 का हल

■	बं	ध	न	■	आ	द	मी
क	द	■	म	■	रा	■	न	ल
त	■	■	क	या	म	त	■	जा
रा	य	ता	■	र	■	र	च	ना
■	■	क	ला	■	आ	स	■	■
प	का	ना	■	मा	■	ना	का	म
ना	■	■	भ	न	क	■	■	न
ह	त्या	■	व	■	स	■	म	न
■	ग	ल	न	■	र	ट	ना	■

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, काम की अधिकता रहेगी, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे।

वृष राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी और कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। कामकाज को लेकर छोटा प्रवास हो सकता है।

मिथुन राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय-धंधा मध्यम रहेगा और कार्यक्षेत्र में बाधाएं आएंगी, लेकिन अपने प्रयासों और कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में प्रगति होगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

सिंह राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक दृष्टि से स्थिति मजबूत होगी, लेकिन पारिवारिक समस्याएं आएंगी। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

कन्या राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। लेकिन कारोबार विस्तार की योजनाएं बना रहे हैं।

तुला राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है।

वृश्चिक राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा और कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधे में लाभ और नौकरी में आय में वृद्धि के योग रहेंगे, लेकिन नए कार्यों में शीघ्रता से बचें, वरना नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मकर राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में स्थितियां चुनौतीपूर्ण रह सकती हैं। नौकरी-व्यवस्था में उन्नति या वेतन वृद्धि का मामला टल सकता है।

कुंभ राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

मीन राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा। कार्यभार की अधिकता से परिश्रम अधिक करना पड़ेगा और भागदौड़ भी रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

75 हजार पुलिसकर्मियों व 42 हजार शिक्षकों की होगी बहाली

एजेंसी। पटना

बिहार विधानसभा में आज साल 2023-24 का बजट पेश किया गया। बिहार के वित्तमंत्री विजय चौधरी ने बजट पेश किया, बजट 2023 में युवाओं के लिए एक से बढ़कर एक सौगात है। बजट पेश करने के दौरान जो शुरूआती बिंदू सामने आए हैं, उसके तहत पुलिसकर्मियों और शिक्षकों की बहाली की बात कही गई है। करीब 75 हजार पदों पर पुलिसकर्मियों की बहाली का बजट पेश किया गया है। साथ ही स्कूलों में करीब 42 हजार पदों पर शिक्षकों की बहाली होगी। गौरतलब है कि बजट के शुरूआती घोषणाओं में ही युवाओं के लिए खुशखबरी की बात सामने आई। वैसे कुछ दिन पहले पुलिस दिवस के अवसर पर सीएम ने इसके संकेत भी दिए थे। उन्होंने कहा था कि बिहार में पुलिस विभाग में संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसी के मद्देनजर आज बजट पेश करने के दौरान करीब 75 हजार पदों पर पुलिसकर्मियों की बहाली का तोहफा युवाओं को दिया गया है। रोजगार और नौकरी बिहार का बड़ा मुद्दा रहा है और नई सरकार बनने के बाद भारी संख्या में बहाली निकालने की बात कही गई थी। बजट में पुलिसकर्मियों की बहाली की घोषणा से रोजगार उपलब्ध कराने की कवायद शुरू होती दिख रही है।

शिक्षक बहाली की हुई घोषणा

पुलिसकर्मियों की बहाली के साथ ही बजट में शिक्षकों की बहाली की भी स्वीकृति दी गई है। विजय चौधरी ने बजट पेश करने के दौरान कहा, सरकार 42 हजार शिक्षकों की भर्ती करेगी। इसमें प्राइमरी स्कूलों में प्रधान शिक्षकों के करीब 40,546 पदों का सृजन किया जाएगा। इस तरह से देखा जाए तो युवाओं को 10 लाख नौकरी देने के वादे पर बजट में अमल करने का प्रयास किया गया है। बजट में युवाओं को प्राथमिकता दी गई है। सूबे में 32 प्रतिशत युवा शक्ति है, सरकार ने बजट में इन युवाओं के विभिन्न प्रकार से रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा रखा है।

बिहार सरकार का नारा महिला सशक्तिकरण

वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि जीविका योजना के तहत महिलाओं को सामाजिक स्तर पर

सशक्त किया जा रहा है। अभी तक कुल 10.45 लाख स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। एक करोड़ 30 लाख परिवारों की महिलाओं को इन समूहों से जोड़ा गया है। 62 अस्पतालों में दीदी की रसोई, अनुसूचित जाति/जनजाति, आवासीय विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में 14 दीदी की रसोई का संचालन जीविका दीदियों द्वारा किया जा रहा है।

NEWS इन ब्रीफ

काबुल में आईएसकेपी के सैन्य प्रमुख की हत्या

काबुल। इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) के खुफिया और सैन्य प्रमुख काबुल में एक अभियान के दौरान मारे गए, मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया- एक अलग ऑपरेशन में, अफगान तालिबान प्रशासन ने उच्च पदस्थ आईएसकेपी अधिकारी को गिरफ्तार किया, जिसे आतंकवादी संगठन के उपमहाद्वीप प्रमुख के रूप में काम करने के लिए जाना जाता है। ऑपरेशन के विवरण के अनुसार, काबुल के खैर खाना, शहरक-ए-जाकिरीन की पहली गली में सेल के खिलाफ रात भर के ऑपरेशन में दाएश के दो सदस्य मारे गए।

स्कूल के पास हुई गोलीबारी में दो लोग गंभीर रूप से घायल

बर्लिन। उत्तर पश्चिम जर्मनी के ब्राम्शे में एक स्कूल के पास हुई गोलीबारी में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने संदिग्ध शूटर को गिरफ्तार कर लिया है और लोगों को अब कोई खतरा नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के हवाले से पुलिस ने कहा कि स्कूल भी अफेक्टेड नहीं हुआ है।

किन गैंग जी20 बैठक में भाग लेने के लिए भारत आएंगे

नई दिल्ली। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग दिल्ली में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए इस सप्ताह के अंत में भारत आएंगे, चीनी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। किन के भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से जी20 बैठक के इतर मिलने की उम्मीद है, रिपोर्टरें के अनुसार, जहां वह सीमा मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं और मामले को हल करने के लिए राजनयिक और सैन्य स्तरों पर वार्ता के परिणामों की समीक्षा कर सकते हैं।

ईरानी सशस्त्र बलों ने बड़े पैमाने पर वायु रक्षा युद्धाभ्यास शुरू किया

तेहरान। ईरान के सशस्त्र बलों ने मंगलवार को देश के संवेदनशील जगहों की रक्षा करने की अपनी तैयारियों को दिखाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर वायु रक्षा युद्धाभ्यास शुरू किया, ईरानी मीडिया ने यह जानकारी दी। आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने युद्धाभ्यास के प्रवक्ता अब्बास फराजपुर का हवाला देते हुए बताया- ईरानी सेना और इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्डस कॉर्प्स (आईआरजीसी) के बलों ने मोडाफियन अस्मान-ए वेलायत 1401 ड्रिल में हिस्सा लिया, जो ईरानी हवाई क्षेत्र के दो-तिहाई हिस्से में है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के हवाले से फराजपुर ने कहा कि यह वायु रक्षा प्रणालियों की गतिशीलता और एक निष्क्रिय रक्षा परिध्श्य में परिचालन बलों की प्रतिक्रिया की गति का परीक्षण करेगा।

प्रयागराज हत्याकांड

मृतक की पत्नी ने बताया अपनी जान को खतरा

एजेंसी। प्रयागराज

उमेश पाल की विधवा जया पाल ने आरोप लगाया कि 2005 के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उनके पति की प्रयागराज में 24 फरवरी को उनके घर के पास गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद से उन्हें फोन पर धमकियां मिल रही हैं। एक चौंकाने वाले घटनाक्रम में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मृतक उमेश का पूर्व सांसद अतीक अहमद के पुत्रों में से एक हत्या के आरोपी के साथ दोस्ताना संबंध में दशार्या गया है। वीडियो में दिखाया गया है कि सपा विधायक और राजू पाल की विधवा पूजा पाल जया पाल को अतीक के बेटे का अपने घर में मनोरंजन करने के लिए फटकार लगा रही हैं। वीडियो में पूजा कह रही हैं, मैंने आपको कई बार चेतावनी दी थी, लेकिन जब भी वह आपके घर आया, तो आपने उसे पराठे खिलाए, जबकि अन्य महिलाएं उन्हें आगे बोलने से रोकने की कोशिश करती हैं। जया ने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलना चाहती हैं और उन्हें कुछ जानकारी देना चाहती हैं। जया ने कहा, मुझे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है लेकिन सरकार को अब मेरे पति के हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। मैं मुख्यमंत्री से मिलना चाहती हो क्योंकि मैं उन्हें कुछ जानकारी देना चाहती हूं। जया ने कहा कि उसने अधिकारियों को धमकियों के बारे में सूचित किया है। मेरे परिवार और मुझे सुरक्षा दी जानी चाहिए। उमेश पाल की मां शांति पाल ने भी आरोप लगाया कि अतीक अहमद और उनके परिजन उनके बेटे की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। शांति पाल भी अपने बेटे की हत्या की गवाह है। उमेश पर जब हमलावरों ने फायरिंग की, तो वह अपने घर के गेट पर मौजूद थीं।

तोशखाना केस

पाक कोर्ट से इमरान के खिलाफ वारंट जारी

एजेंसी। इस्लामाबाद

इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने मंगलवार को तोशखाना मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। जियो न्यूज ने बताया कि मामले की सुनवाई करने वाले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने फैसले की घोषणा की। इससे पहले मंगलवार को आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी) और बैंकिंग अदालत ने न्यायिक परिसर में पेश होने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री को अंतरिम जमानत दे दी थी।

पूर्व प्रधानमंत्री को उनके खिलाफ दायर निषिद्ध धन और आतंकवाद के मामलों में जमानत मिली। एटीसी जज राजा जवाद ने आतंकी मामले की सुनवाई की और 100,000 रुपये के जमानत बांड जमा करने पर 9 मार्च तक खान को जमानत दे दी। इस बीच, न्यायाधीश रक्षंदा शाहीन ने निषिद्ध धन मामले में खान की जमानत की पुष्टि की। खान को कई मामलों की सुनवाई में शामिल होने के लिए मंगलवार को तीन अदालतों में पेश होना था। जियो न्यूज ने बताया कि इनमें बैंकिंग अदालत में प्रतिबंधित धन का मामला, आतंकवाद विरोधी मामला और तोशखाना और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। तोशखाना मामले में खान को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद पार्टी कार्यकताओं के सड़कों पर उतरने और राज्य की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के बाद इस्लामाबाद पुलिस ने खान सहित पीटीआई नेताओं के खिलाफ आतंकी मामले दर्ज किए थे।

बीजिंग ने डिजिटल चीन निर्माण योजना शुरू की

बीजिंग। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी और राज्य परिषद ने सोमवार को डिजिटल चीन निर्माण योजना जारी की और विभिन्न क्षेत्रों तथा विभागों को उसे लागू करने की मांग की। इस योजना में बताया गया कि डिजिटल चीन का निर्माण डिजिटल युग में चीनी स्टाइल वाले आधुनिकीकरण बढ़ाने का अहम इंजन है, जो प्रतिस्पर्धा में देश का नया लाभ स्थापित करने का महत्वपूर्ण स्तंभ है। डिजिटल चीन के निर्माण में तेजी लाना चीनी राष्ट्र के महान पुनरुत्थान के लिए बहुत बड़ा महत्व है। इस योजना के अनुसार वर्ष 2025 तक डिजिटल चीन के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति प्राप्त होगी। डिजिटल बुनियादी संस्थापनों को कुशलता से जोड़ा जाएगा, डिजिटल अर्थव्यवस्था विकास की गुणवत्ता व लाभ में बड़ा इजाफा होगा और डिजिटल तकनीकों के सृजन में महत्वपूर्ण विकास प्राप्त होगा। वर्ष 2035 तक डिजिटल विकास का स्तर विश्व में अग्रसर बनेगा।

हाय-तौबा न करें, गाड़ी पलट भी सकती है: राठौर

एजेंसी। लखनऊ

योगी सरकार में मंत्री जेपीएस राठौर ने प्रयागराज में हुए गोलीकांड को लेकर अपराधियों को खुली चेतावनी दी है। उन्होंने कहा: मैं अपराधियों से कहना चाहता हूं कि अगर पकड़े जाएं तो बहुत हाय-तौबा न करें, क्योंकि गाड़ी पलट भी सकती है। मुख्यमंत्री ने सदन में ही कहा था कि मिट्टी में मिला देंगे। अब इसकी शुरूआत हो चुकी है। योगी सरकार में मंत्री राठौर ने स्पष्ट कहा, किसी भी तरह के अपराध और

अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। वे बोले, आपने देखा प्रयागराज में क्या हुआ। सभी अपराधी डरे हुए हैं। विपक्ष के आरोपों पर जेपीएस राठौर ने कहा, विपक्ष का काम आरोप लगाना है। मैं कहता हूं कि हर तरह का अपराध कम हुआ है।

दोषी किसी भी पार्टी का होगा, बख्शा नहीं जाएगा

इस घटना को अंजाम देने वालों में शामिल सदाकत खान की भाजपा नेता के पति के साथ फोटो को लेकर मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। सख्त से सख्त सजा मिलेगी। दोषी किसी भी पार्टी का होगा, वो भी बख्शा नहीं जाएगा। सदाकत खान एलएलबी का स्टूडेंट है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम हॉस्टल में रहता है। सदाकत के कमरे में ही शूटरों की मीटिंग हुई थी। प्लानिंग की एक-एक डिटेल यहीं तैयार हुई थी। सदाकत को गिरफ्तार किया जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में सदाकत ने बताया कि साबरमती जेल में बंद अतीक ने उमेश पाल की हत्या की साजिश रची। उसके कहने पर दो लोग बरेली जेल में बंद अशरफ से मिलने पहुंचे थे। जहां शूटरों का नाम और हत्या का पूरा प्लान तैयार हुआ। बताया जा रहा है कि यूपी एसटीएफ ने बरेली जेल में अशरफ से मिलने वालों का ब्यौरा मांगा है।

FILMY हलचल

मुझे खुशी है कि शॉर्ट फिल्मों के लिए एक व्यापक दर्शक वर्ग है : रसिका

अभिनेत्री रसिका दुग्गल को कई टीवी शो, वेब सीरीज और फिल्मों में उनके प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। अब वह एक शॉर्ट फिल्म 'द ब्रोकन टेबल' में अभिनय कर रही हैं। इस फिल्म

में नसीरुद्दीन शाह गिरि की भूमिका निभा रहे हैं, जो अल्जाइमर रोग से पीड़ित व्यक्ति हैं। रसिका उनकी देखभालकर्ता और एक मनोवैज्ञानिक की भूमिका निभाती है। 'मिजार्पुर' की अभिनेत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि प्यार और स्वीकृति के बारे में यह सरल लेकिन असामान्य कहानी लोगों को पसंद आ रही है। मैं हमेशा शॉर्ट फिल्म फॉर्मेट (प्रारूप) में कहानी कहने के लिए आवश्यक बारीकी को लेकर उत्सुक रहती हूं और मुझे खुशी है कि शॉर्ट फिल्मों के लिए एक व्यापक दर्शक वर्ग है।

पुष्पा 2 की पहली झलक इस तारीख को देखने मिलेगी

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। फिल्म पुष्पा 2 को लेकर बड़ी अपडेट सामने आ रही है। आपको बता दें कि अल्लू अर्जुन ने पुष्पा फिल्म से अपनी अलग पहचान बनाई। अब हर कोई अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 को देखने के लिए उत्सुक है। सबकी निगाहें इस पर टिकी हुई हैं कि पुष्पा 2 कब आएगी। इसका जवाब है अल्लू अर्जुन का बर्थडे। जी हां.. अल्लू अर्जुन इस साल अपना बर्थडे स्पेशल करने वाले हैं। अल्लू अर्जुन अपने जन्मदिन पर पुष्पा 2 की पहली झलक जारी करेंगे।

8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन का जन्मदिन है। पुष्पा 2 का पहला ग्रैंड लुक 8 अप्रैल को कंफर्म किया गया है। लेकिन अगर कोई सवाल है कि पुष्पा 2 फिल्म कब रिलीज जाएगी तो इसका जवाब है, पुष्पा 2 साल 2023 के आखिर तक रिलीज हो सकती है। फिलहाल फिल्म की शूटिंग अंतिम चरण में है। पुष्पा 2 में पुष्पा (आल्लू अर्जुन) और भंवर सिंह शेखावत (फहद फासिल) के बीच संघर्ष जारी रहेगा। रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

रानी मुखर्जी ने 'मिसेज चटर्जी बनाम नॉर्वे' के ट्रेलर की तुलना 'ब्लैक' से की

बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी को अपनी अपकमिंग फिल्म 'मिसेस चटर्जी बनाम नॉर्वे' के ट्रेलर के लिए खूब सराहना मिल रही है। अभिनेत्री इन प्रतिक्रियाओं से खुश हैं और उन्होंने इसकी तुलना 18 साल पहले अपनी फिल्म 'ब्लैक' के लिए मिली सराहना से की है। प्रतिक्रियाओं से अभिभूत, रानी ने कहा, कम से कम कहने के लिए ट्रेलर की प्रतिक्रियाएं बहुत खास और जबरदस्त रही हैं. दुनिया भर से, मेरे प्रशंसकों से, सोशल मीडिया पर ट्रेलर देखने वाले लोगों से, मेरे अपने उद्योग सहयोगियों से, दोस्तों और परिवार से प्यार बरसता देख मैं बहुत विनम्र हूं।

क्यों आशिम अहलूवालिया 'क्लास' बनाने को लेकर उत्साहित थे?



फिल्म निर्देशक और लेखक आशिम अहलूवालिया ने भारतीय दर्शकों के लिए स्पेनिश ड्रामा 'एलीट' को अपनाने और वेब सीरीज 'क्लास' बनाने की चुनौतियों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी जिम्मेदारी मूल कहानी के पात्रों को बनाए रखना है। उन्होंने साझा कियाः क्लास वैश्विक सीरीज 'एलीट' का भारतीय रूपांतरण है, और यह कुछ ऐसा है जिसे लेकर मैं बहुत उत्साहित था। केवल स्थानीय प्रतिलिपि बनाने के बजाय, मैंने स्पैनिश शो का उपयोग इस तरह से किया कि कोई स्रोत उपन्यास का उपयोग पूरी तरह से कुछ नया करने के लिए शुरूआती बिंदु के रूप में करेगा। यह केवल दर्शकों के लिए शो को फिर से बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि कहानी के लिए अद्वितीय परिप्रेक्ष्य और सांस्कृतिक संदर्भ लाने के बारे में भी है।

आयोजन

फोटोग्राफी प्रदर्शनी में प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा

कैमरा सिखाता है, बिना कैमरे के कैसे देखें

नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली

भारतीय जन संचार संस्थान के अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित फोटोग्राफी प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए संस्थान के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने कहा कि फोटोग्राफी दुनिया को देखने का नजरिया सिखाती है। उन्होंने कहा कि कैमरा वह इंस्ट्रूमेंट है, जो सिखाता है कि कैसे बिना कैमरे के देखा जाए। इस अवसर पर डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह, अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग की पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. संगीता प्रणवेन्द्र, प्रो. राकेश गोस्वामी एवं वरिष्ठ फोटो पत्रकार श्री भागीरथ बासनेत सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रो. द्विवेदी ने कहा कि बहुत से फोटोग्राफर सोचते हैं कि वे

अच्छा कैमरा खरीदकर अच्छी तस्वीरें ले सकते हैं। लेकिन कैमरा कितना भी बढ़िया हो, वह कुछ नहीं कर सकता, यदि आपके दिमाग और दिल में कुछ न हो। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छी तस्वीरें वे होती हैं, जो अपनी ताकत और अपना असर वर्षों तक कायम रखती हैं, चाहे उन्हें जितनी भी बार देखा जाए।

इस अवसर पर अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग की पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. संगीता प्रणवेन्द्र ने कहा कि फोटोग्राफी से संबंधित तकनीकी बारीकियों का ज्ञान मिलने से विद्यार्थियों को अपने प्रोफेशन के साथ-साथ एक नई विधा को जानने और समझने का अवसर मिला है। वरिष्ठ फोटो पत्रकार श्री भागीरथ बासनेत द्वारा तीन दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला के बाद अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी का आयोजन किया। श्री भागीरथ ने अपनी कार्यशाला में छात्रों को फोटोग्राफी की बारीकियां और उससे जुड़ी तकनीक सिखाई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने फोटोवॉक के माध्यम से दिल्ली के अनेक रंगों को अपने कैमरे में कैद किया।

विद्यार्थियों को मिला पुरस्कार

फोटोग्राफी प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा क्लिक की गई 150 से अधिक तस्वीरों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा खींची गई तस्वीरों में से सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों को पुरस्कृत भी किया गया। ओपन कैटेगरी में पहला स्थान जीशान अंजुम, दूसरा स्थान ज्योर्तिमय हलदर एवं तीसरा स्थान अनुग्रह प्रवीण को मिला। आकृति भंडारी को स्पेशल मेंशन का अवॉर्ड दिया गया।

एयरपोर्ट से होटल तक पुलिस की घेराबंदी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची में दो और तीन मार्च को होने वाले जी-20 की बैठक को लेकर राजधानी रांची को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात से ही मेहमान रांची आने शुरू हो जाएंगे। इसे देखते हुए रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिसन ब्लू तक के इलाके को मजबूत पुलिस घेरे में तब्दील किया गया है। जी-20 बैठक में शामिल होने वाले अतिथियों के आगमन और प्रस्थान को लेकर एयरपोर्ट के एरिया में विशेष सुरक्षा और गश्ती दल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने निर्देश दिया है कि एयरपोर्ट जाने वाली सड़क के दोनों ओर 10 फीट की दूरी तक न कोई व्यक्ति का समूह और ना ही किसी प्रकार के कोई वाहन खड़े होंगे। एयरपोर्ट की चारदीवारी से सटे क्षेत्र में मांस, मुर्गा मछली की दुकानें हटा दी गई

हैं। रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिसन ब्लू, रेडिसन ब्लू से लेकर बीएनआर होटल तक पुलिस अलर्ट मोड में है। रांची एसएसपी ने बताया कि वैसे तो एक मार्च से अतिथि रांची पहुंचेंगे लेकिन कुछ अतिथि 28 फरवरी को भी रांची पहुंच सकते हैं। ऐसे में अतिथियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए रांची को तीन जोन और 10 सेक्टर में बांट दिया गया है। सभी सेक्टर में मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एयरपोर्ट के चारों ओर पांच किलोमीटर के क्षेत्र में संबंधित थाना प्रभारियों को एक मार्च की सुबह सात बजे से ही सघन गश्ती, पैदल मार्च और मोबाइल पेट्रोलिंग का निर्देश दिया गया है। अतिथियों के रांची में आने से लेकर उनके प्रस्थान तक एक अलग कंट्रोल रूम का निर्माण भी रांची पुलिस के द्वारा किया गया है। होटल रेडिसन ब्लू के पास स्थित पंजाबी भवन को नया नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष में तीन दंडाधिकारी, तीन पुलिस उपाधीक्षक, तीन पुलिस अधीक्षक और 12 पुलिस अवर निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है। कंट्रोल रूम में 24 घंटे अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, खाद पेयजल पदार्थ जांच दल, आकस्मिक चिकित्सा दल की भी व्यवस्था की गई है।

500 मीटर की परिधि में नो फ्लाइंग जोन घोषित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के होटल रेडिशन ब्लू में जी-20 की बैठक दो मार्च को होने वाली है। बैठक में शामिल होने जी-20 देशों के डेलिगेट्स एक मार्च को ही रांची आयेंगे। सभी होटल रेडिसन ब्लू (आवासन सह-सम्मेलन स्थल) और बीएनआर चाणक्या में ठहरेंगे। ऐसे में एसएसपी किशोर कौशल ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से होटल रेडिसन ब्लू और चाणक्या बीएनआर के 500 मीटर की परिधि में नो फ्लाइंग जोन और रेड जोन घोषित कर दिया है। इन दोनों क्षेत्रों के 500 मीटर के दायरे में ड्रोन, पारालाइडिंग, हॉट एयर बलून और अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगा दी गयी है। एसएसपी ने इन दोनों क्षेत्रों को नो फ्लाई जोन और रेड जोन घोषित करने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची से अनुरोध किया था। इस अनुरोध पर उपायुक्त ने उक्त स्थलों को नो फ्लाइंग जोन और रेड जोन घोषित करने का निर्देश दिया। डीसी ने इन क्षेत्रों के आस-पास जी-20 समिट के प्रतिनिधियों के आगमन के एक दिन पहले (28 फरवरी) और प्रस्थान के एक दिन बाद (चार फरवरी) तक नो फ्लाइंग जोन-रेड जोन घोषित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस संबंध में एसडीओ ने आदेश जारी कर दिया है।यह आदेश 28 फरवरी पूर्वाह्न 5 बजे से 4 मार्च रात्रि 10 बजे तक लागू रहेगा। होटल रेडिसन ब्लू और होटल चाणक्या बीएनआर के 500 मीटर की परिधि को नो फ्लाई जोन घोषित किया जाता है।

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची में होने वाले जी-20 देशों की बैठक को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार की रात से ही मेहमान रांची आने शुरू हो जाएंगे। इसे देखते हुए रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिसन ब्लू और बीएनआर चाणक्य तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। जी-20 बैठक में शामिल होने वाले अतिथियों के आगमन और प्रस्थान को लेकर एयरपोर्ट के एरिया में विशेष सुरक्षा और गश्ती दल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। एयरपोर्ट जाने वाली सड़क के दोनों ओर 10 फीट की दूरी तक न कोई व्यक्ति का समूह और ना ही किसी प्रकार के कोई वाहन खड़े होंगे। एयरपोर्ट की चारदीवारी से सटे क्षेत्र में मांस, मुर्गा मछली की दुकानें हटा दी गई है। रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिसन ब्लू और बीएनआर होटल तक पुलिस अलर्ट मोड में है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि वैसे तो एक मार्च से अतिथि रांची पहुंचेंगे, लेकिन कुछ अतिथि 28 फरवरी को भी रांची पहुंच सकते हैं। इसके मद्देनजर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए रांची को तीन जोन और 10 सेक्टर में बांट दिया गया है। सभी सेक्टर में मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एयरपोर्ट के चारों ओर पांच किलोमीटर के क्षेत्र में संबंधित थाना प्रभारियों को एक मार्च की सुबह सात बजे से ही सघन गश्ती, पैदल मार्च और मोबाइल पेट्रोलिंग का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जी-20 देशों के होने वाले बैठक को लेकर अतिथियों के रांची में आने से लेकर उनके प्रस्थान तक एक अलग कंट्रोल रूम का निर्माण भी रांची पुलिस के द्वारा किया गया है। होटल रेडिसन ब्लू के पास स्थित पंजाबी भवन को नया नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।

जी-20 बैठक में रहेगी पुख्ता सुरक्षा

कई डेलिगेट्स तीन को आएंगे पतरातू लेक रिसॉर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत कई डेलीगेट्स तीन मार्च को रामगढ़ जिले के पतरातू लेक रिजॉर्ट पहुंचेंगे। 20 देशों के प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए रामगढ़ जिला प्रशासन ने भी तैयारी कर रखी है। मंगलवार को डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडे ने पतरातू का दौरा किया। डीसी और एसपी ने डेलीगेट्स के आने के मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। सड़क के अगल-बगल किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अविलंब रूप से हटाने का निर्देश दिया। पतरातू लेक रिसॉर्ट के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने डेलीगेट्स के स्वागत के लिए बनाई गई योजना की विस्तार से संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सजग रह कर हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया।

बजट के दूसरे दिन बहंगी लेकर विधानसभा पहुंचे लोबिन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने अपनी ही सरकार के खिलाफ बहंगी लेकर विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार उनकी नहीं सुनते। जनता को यह सरकार भरमा रही है। जल, जंगल जमीन के नाम पर सत्ता में आयी हेमंत सरकार में इसी का दोहन हो रहा है। स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बनायी गई। युवाओं को झांसे में रखा जा रहा है। पैसा कानून का उल्लंघन हो रहा है। 1932 आधारित स्थानीय नीति के नाम पर हेमंत सरकार ने युवाओं को झुनझुना थमने का काम किया है। कहीं कोई काम नहीं हो रहा है। यह पूछे जाने पर की आप तो अकेले हैं, जवाब में कहा कि हम तो एकला चले हैं, हमारा कारवां बढ़ता जायेगा।

फिजियोथेरेपिस्ट के मानदेय का मामला उठा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्य के दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा के तहत फिजियोथेरेपिस्ट के मानदेय में वृद्धि मामले पर कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह सरकार के कार्यों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि दो वर्षों से एक ही तरह का जवाब आना दुखद है। इससे पहले भी विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने यह सवाल किया था और जवाब भी यही था। यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि 2016-17 में इनका मानदेय 10 प्रतिशत बढ़ाया गया था। यह दुख का विषय है कि केंद्र सरकार कई योजनाएं शुरू करती है और बाद

में हाथ खड़े कर देती है। कई केंद्र प्रायोजित योजनाओं को बंद कर दिया गया है और इसका खामियाजा राज्य भुगत रहा है। दीपिका पांडेय सिंह के सवाल पर जवाब में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि मानदेय वृद्धि को लेकर कमिटी बना दी गयी है। रिपोर्ट आते ही मानदेय वृद्धि पर सरकार निर्णय लेगी। मंत्री ने भरोसा दिया कि तीन महीने के भीतर इसपर काम हो जाएगा। भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी में हुई सांप्रदायिक घटना का मामला उठाया। उन्होंने मामले की जांच करने की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा कि आखिर मस्जिद के अंदर पत्थर और पेट्रोल बम कैसे आये। इस दौरान कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने उनकी बयान का विरोध शुरू कर दिया। इससे शशिभूषण गुस्सा हो गये। दोनों के बीच नोक-झोंक होने लगी। स्पीकर ने संसदीय कार्यमंत्री से मामले पर जवाब देने को कहा। मंत्री ने कहा सरकार ने इसपर संज्ञान ले लिया है। सदन में विधायक जेपी पटेल के एक अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि पूर्व की सरकार ने अनुदानित कॉलेज को राशि देने बंद कर दिया था। हेमन्त सरकार ने इसमें वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक कमेटी भी बनाई है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पटेल ने सवाल किया था कि 26 जून, 2022 को शिक्षा विभाग ने झारखंड राज्य वित्त रहित संस्थान (अनुदान) नियमावली 2015 में महंगाई को देखते हुए संशोधन का निर्देश दिया था लेकिन आज तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। आलम यह है कि कार्यरत कर्मचारी घोर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

फिर खुलेंगे बंद हो चुके 4096 सरकारी स्कूल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य के विभिन्न जिलों में मर्जर के दौरान बंद हुए 4096 सरकारी स्कूरल खोले जाएंगे। इसकी सूची उपायुक्तों से मांगी गई है। इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी उपायुक्त को पत्र लिखा है। परियोजना निदेशक ने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2016-17 और उसके बाद विभिन्न जिलों में 4096 विद्यालयों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा द्वारा निर्धारित मानक एक किलोमीटर के दायरे में एक प्राथमिक विद्यालय के स्थान पर एक से अधिक प्राथमिक विद्यालय रहने अथवा एक ही परिसर में एक से अधिक विद्यालय संचालित रहने के कारण प्रशासनिक एवं भौगोलिक रूप से मर्ज कर दिए गए है। इसी तरह ऐसे मध्य विद्यालय जो निर्धारित तीन किमी की परिधि में एक से अधिक विद्यालय रहने और छात्र संख्या जिन विद्यालयों में नगन्य थी, वैसे विभिन्न जिलों के 527 विद्यालयों को अवक्रमित कर प्राथमिक विद्यालय बनाया गया। वैसे विभिन्न जिलों के 527 विद्यालयों को अवक्रमित कर प्राथमिक विद्यालय बनाया गया। विभागीय मंत्री के समक्ष विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया है कि इन मर्जर होने वाले विद्यालयों में से कई ऐसे विद्यालय मर्ज हो गए है, जो भोगोलिक दृष्टिकोण से कठिन क्षेत्र में हैं। ऐसे विद्यालयों में मर्जर हो गया है, जहां मर्ज किए गए विद्यालयों के बच्चों को जाने में अत्याधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मर्ज किए गए विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को दुर्गम क्षेत्रों अथवा राष्ट्रीय/राज्य मार्गों को पार कर विद्यालयों जाना पड़ता है, जिसके कारण विशेष कर छोटे बच्चों एवं छात्राओं कि सुरक्षा प्रभावित होती है। सभी जिलों के उपायुक्त छात्रहित में अपने जिले के वर्ष 2016-17 एवं उसके बाद मर्ज किए गए विद्यालयों की समीक्षा अपने स्तर से एक माह के अंदर कराते हुए यह देख लें कि अगर ऐसा कोई विद्यालय जो पूर्व में मर्ज अथवा अवक्रमित किया गया हो और इस मर्जर के कारण संबंधित विद्यालय के छात्र-छात्रायें को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही हो।

इस सरकार में कोई सुरक्षित नहीं फल-फूल रहा भ्रष्टाचार : विरंची

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बीजेपी विधायक विरंची नारायण ने झारखंड विधानसभा में सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक परंपरा के तहत सरकार की बात को राज्यपाल पढ़ते हैं, मगर सरकार का दावा झूठ का पुलिंदा है। यह सरकार भ्रष्टाचार की पोषक है। इस सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। महिला-डॉक्टर तक निशाने पर आ रहे हैं। बालू की कमी है और इसे राज्य से बाहर भेजा जा रहा है। इसकी विधानसभा कमेटी बनाकर जांच की जाए। विरंची ने कहाः यह सरकार पूजा सिंघल पर एफआईआर तक नहीं करती है। अपराधियों को खुली छूट है। इनकी सरकार के सहयोगी दल के नेता योगेंद्र साव ने कह दिया कि राज्य में विधि-व्यवस्था की स्थिति क्या है। रांची दंगे में अच्छा काम करने वाले एसपी को हटा दिया गया। प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, पूजा सिंहल, वीरेंद्र राम, बच्चू यादव जैसे लोगों को संरक्षण देती है।

गैस तो अब 1200 में मिल रही है...

रांची। कांग्रेस विधायक उमा शंकर अकेला ने बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला किया। कहा कि आज गैस का दाम 1200 हो गया। कहां हैं स्मृति ईरानी? सरसो तेल 230 रुपये प्रति लीटर हो गया। कहां हैं भानु जी? आप और आपकी पार्टी कहां है? आपकी पार्टी ओर आरएसएस के कितने लोग देश के लिए शहादत दिए? कितने शहीद हुए बताएं? हमारी सरकार गरीबों के लिए बहुत अच्छा



काम कर रही है। हेमंत सोरेन की सरकार में 3 साल में जो काम हुआ, वो अब तक नहीं हुआ था।

नैक अधिकारियों के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

रांची। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिएशन काउंसिल (नैक) बेंगलुरु से आ रहे दो सलाहकार डॉ डीके कांबली, डॉ नरेश पांडेय और एक एकेडमिक एक्सपर्ट डॉ श्रीकांत स्वामी के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। तीनों अधिकारी 28 फरवरी की शाम रांची पहुंचेंगे। जबकि राजभवन में नैक रिपोर्ट का विमोचन अब दो मार्च को सुबह 11 बजे होगा। उल्लेखनीय है कि पहले कार्यक्रम एक मार्च को होना था. राज्यपाल के बाहर रहने के कारण कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। तीनों अधिकारी अब एक मार्च को सुबह 11 बजे से आर्यभट्ट सभागार में सभी डीन, विभागाध्यक्षों, कॉलेजों के प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य, प्रोफेसर इंचार्ज, आइक्वेक निदेशक, सदस्यों को संबोधित करेंगे। पूर्व में यह कार्यक्रम 1:30 बजे से होनेवाला था।

पृष्ठ एक के शेष

नियुक्ति प्रक्रिया अपनायेंगे...

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा था कि सरकार की मंशा थी कि राज्य के थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नियुक्ति में राज्य के आदिवासी और मूलवासियों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो लेकिन नौजवान जो चाहेंगे, उसी मंशा के साथ सरकार जायेगी और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान किया जाएगा। वर्तमान सरकार ने स्थानीय भाषाओं एवं लोक-संस्कृति की जानकारी को नियोजन नीति से जोड़ने का प्रयास किया था। साथ ही राज्य में स्थित संस्थान से 10वीं /12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होने की शर्त भी जोड़ी थी, जिसे कुछ लोगों एवं दूसरे राज्य के अभ्यर्थियों के द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गयी थी।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंट...

हम तो बेहद पीछे रह गए हैं। एक सवाल के जवाब में लाल ने बताया कि एआई का इस्तेमाल कर हम पर्यावरण, प्रदूषण आदि पर बढ़िया काम कर सकते हैं। खेती में इसका शानदार इस्तेमाल हो सकता है। हम लोगों ने देखा कि एआई के माध्यम से अमेरिका में किसान किस कदर खेती कर रहे हैं। सारा कुछ बिल्कुल सटीक होता है। यही वजह है कि हमारी तुलना में अमेरिका में बेहद कम किसान खेती करके हमसे भी कई बार ज्यादा पैदावार करते हैं। तकनीकी की ताकत को अगर हम आज नहीं समझेंगे तो फिर कभी नहीं समझ पाएंगे। यह बिल्कुल सही समय है, जब हम एआई में निवेश कर सकते हैं। लाल ने कहा कि एआई के लिए आरएंडडी (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) बेहद जरूरी है। भारत में इस पर काम हो रहा है लेकिन यह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। लोग कहां से कहां पहुंच गए और हम अभी भी निचले पायदान पर खड़े हैं। हम लोग बेहद पीछे हैं। यह पूछे जाने पर कि एआई के इस्तेमाल से भारत जैसे बेरोजगारों से भरे देश में तो और भी स्थिति खराब होगी, लाल ने कहाः हां, इसमें दर्द तो होगा पर आपको फैसला इसी में करना होगा। आपने एक पक्ष देखा कि बेरोजगारी बढ़ जाएगी। आप दूसरे पक्ष को देखें कि हमारी जो नई जेनरेशन तैयार हो रही है, वो अलग-अलग प्रोडक्ट तैयार करके हजारों-लाखों लोगों को नौकरी भी तो देगी। तय आपको करना है कि आधा गिलास पानी है या आधा गिलास खाली है। वैसे भी, तकनीकी जिस तरीके से आगे बढ़ रही है, भारत में जिस तरीके से मल्टीनेशनल कंपनियां काम कर रही हैं, उस हिसाब से एक दौर वो भी आएगा, जब वे एआई पर ज्यादा भरोसा करेंगी। फिर वो मैनपॉवर का इस्तेमाल क्यों करेंगी, यह भी सोचने वाली बात है। यह एक ऐसा दौर है, जिसमें आप अगर अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नहीं चलेंगे तो बहुत पीछे रह जाएंगे।

चीफ जस्टिस ने कहा...

कोर्ट ने कहा कि इसकी चिंता हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस करेंगे, उन्हें बताइए। सिंघवी बोले कि गिरफ्तारी गलत थी। सीजेआई ने कहा कि हम यहीं हैं, लेकिन पहले आप हाई कोर्ट जाइए। हम अभी मामले को नहीं सुन सकते। याचिकाकर्ता वैकल्पिक कानूनी उपाय आजमाएं।

इसरो का सीई-20 इंजन का परीक्षण...

उसे प्रोपेलेंट टैंक, स्टेज स्ट्रक्चर और संबंधित द्रव लाइनों के साथ जोड़ा जाएगा। इससे पहले, साल की शुरूआत में चंद्रयान-3 के लैंडर का तिरुपति स्थित यू आर राव उपग्रह केंद्र में सफल ईएमआई/ईएमसी परीक्षण किया गया था।

डॉक्टर की जनहित याचिका पर सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को जंगल की जमीन और सरकारी जमीन खरीद-बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शाहदेव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को दो सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in,
06562-240100 (का0)

पत्रांकः–128 / मेदिनीनगर, दिनांकः– 25.02.2023 /

निविदा रद्द संबंधी सूचना

इस कार्यालय का पत्रांक–882, दिनांक–22.10.2022 के द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/MEDININAGAR/F2-13/2022-23 जिसका PR No.-280752 Water Resource (2022-23) D है, निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर

PR 291442 Water Resource(22-23).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा

ई–निविदा सूचना सं0–RWD/SD/GARHWA/19/2022-23
CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RWD/SD/GARHWA/19/2022-23, PR 290395 Rural Development (22-23)#D द्वारा प्रकाशित निविदा जो www.jharkhandtenders.gov.in पर Uploaded है, Uploaded SBD के क्रमांक सं0–12, Page-11 Documents Comprising the Bid A. Technical Bid – (Fee/Pre-Qualification/Technical Cover) के क्रम सं0– 4 (a) में आशिक संशोधन करते हुए वर्णित Registration के अलावे BCD, RCD एवं RWD के Registration भी मान्य होगें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02 गढ़वा।

PR.NO.291449 Rural Development(22-23):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, 06562-240100 (का0)

पत्रांकः–131 / मेदिनीनगर, दिनांकः– 25.02.2023 /

निविदा रद्द संबंधी सूचना

इस कार्यालय का पत्रांक–885, दिनांक–22.10.2022 के द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/MEDININAGAR/F2-16/2022-23 जिसका PR No.-280757 Water Resource (2022-23) D है, निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 291438 (Water Resource)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, 06562-240100 (का0)

पत्रांकः–127 / मेदिनीनगर, दिनांकः–25.02.2023 /

निविदा रद्द संबंधी सूचना

इस कार्यालय का पत्रांक–881, दिनांक–22.10.2022 के द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/MEDININAGAR/F2-12/2022-23 जिसका PR No.-280750 Water Resource (2022-23) D है, निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 291445 Water Resource(22-23)D

NEWS इन ब्रीफ

विराट तेज गेंदबाजों को आराम नहीं देते हैं : मोहम्मद सिराज

नई दिल्ली। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने नेट्स में करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली को गेंदबाजी करने के बारे में खुलासा किया। साथ ही कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी करने के बाद आराम नहीं देते हैं। सिराज ने कहा, चेतेश्वर पुजारा टेस्ट क्रिकेट में अच्छे फोकस के साथ खेलते हैं। विराट भाई तेज गेंदबाज को आराम नहीं देते हैं। वह शॉट मारने के तुरंत बाद तैयार हो जाते हैं, मुझे फिर से तैयार होने का समय भी नहीं मिलता है।

आकर्षी को हरा अनुपमा बनीं महिला एकल चैंपियन

पुणे। अनुपमा उपाध्याय ने सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 के गलाकाट फाइनल मुकाबले में मंगलवार को आकर्षी कश्यप को मात देकर पहली बार महिला एकल का खिताब जीत लिया। विश्व जूनियर नंबर तीन अनुपमा ने रोमांचक खिताबी मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आकर्षी को 20-22, 21-17, 24-22 से मात दी।

वानखेड़े स्टेडियम में लगेगी सचिन तेंदुलकर की प्रतिमा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब किसी क्रिकेटर की प्रतिमा मैदान में लगाई जाएगी और यह सम्मान किसी और को नहीं बल्कि महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को मिलेगा। तेंदुलकर के 24 अप्रैल, 2023 को 50वें जन्मदिन यह 50 ओवर के वनडे विश्व कप के अवसर पर एक विशाल आदमकद प्रतिमा मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में स्थापित की जाएगी।

तेंदुलकर ने जाहिर की अपनी प्रतिक्रिया

तेंदुलकर ने कहा, 'अच्छा, यह एक सुखद आश्चर्य है। अध्यक्ष काले और अन्य समिति के सदस्य थोड़ी देर में हमारे साथ आने वाले हैं। हम यहां एक जगह की पहचान करने आए हैं। यह विचार मेरे साथ साझा किया गया था और जैसा कि मैंने कहा यह एक सुखद आश्चर्य है। मेरा करियर यहीं से शुरू हुआ था और यह एक बड़े चक्र के पूरा होने जैसा है।'

उन्होंने कहा, 'यह अविश्वसनीय यादों के साथ एक यात्रा रही है और मेरे क्रिकेटिंग करियर का सबसे अच्छा क्षण यहां आया था जब हमने 2011 में विश्व कप जीता था। वह बहुत समय पहले हुआ था जब (रमाकांत) आचरेकर सर (सचिन के कोच) ने मुझे फटकार लगाई थी। इसके बाद मैं एक गंभीर क्रिकेटर बन गया। पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच मैंने इसी मैदान पर खेला था, इसलिए यह मेरे लिए बहुत खास और शानदार क्षण है।' वानखेड़े स्टेडियम में तेंदुलकर के नाम पर एक स्टैंड है और मैडम तुसाद में उनकी मोम की प्रतिमा 2009 में स्थापित की गई थी, जिससे वह अपने 36 वें जन्मदिन पर संग्रहालय में प्रतिकृति प्राप्त करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष ने कहा, 'यह वानखेड़े स्टेडियम में पहली प्रतिमा होगी, हम तय करेंगे कि इसे कहां रखा जाएगा। वह (तेंदुलकर) भारत रत्न हैं और हर कोई जानता है कि उन्होंने क्रिकेट के लिए क्या किया है। जब वह 50 वर्ष के हो जाएंगे, तो यह एमसीए से सराहना का एक छोटा सा प्रतीक होगा। मैंने उनसे तीन हफ्ते पहले बात की थी और उनकी सहमति प्राप्त हुई थी।'

तेंदुलकर का वानखेड़े स्टेडियम में खेलने का एक अच्छा रिकॉर्ड है। उन्होंने 11 एकदिवसीय मैचों में 41.36 की औसत से 455 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। वास्तव में वह स्थल पर सबसे अधिक सफलता पाने वाले बल्लेबाज हैं, उसके बाद मोहम्मद अजहरुद्दीन और विराट कोहली हैं। तेंदुलकर ने वानखेड़े में 10 टेस्ट में 47.05 की औसत से 847 रन बनाए हैं। इसमें 1996-97 में श्रीलंका के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ 148 रन शामिल हैं।

फीफा पुरस्कार : 2022 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मेसी और पुटेलस

एजेंसी। पेरिस

विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने किलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा को पछाड़ कर फीफा (फुटबॉल संघों का अंतरराष्ट्रीय महासंघ) सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी (2022) का पुरस्कार अपने नाम किया। महिला वर्ग में स्पेन की अलेक्सिया पुटेलस ने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

कतर में एम्बाप्पे की टीम फ्रांस के खिलाफ रोमांचक फाइनल में अर्जेंटीना को विश्व कप का खिताब दिलाने वाले मेसी ने सोमवार रात को आयोजित कार्यक्रम में पिछले 14 साल में सातवीं बार फीफा पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने अपने रिकॉर्ड पांचवें प्रयास में विश्व कप का खिताब जीता था। फीफा के 211 सदस्य देशों के कोच और कप्तान के साथ चुने पत्रकारों और प्रशंसकों की समिति ने इन तीन खिलाड़ियों की अंतिम सूची को चुना था।

फीफा पुरस्कार के मतदान में मेसी को 52 अंक, विश्व कप के गोल्डन बॉल विजेता एम्बाप्पे को 44 और बेंजेमा को 34 अंक मिले। पिछले दो साल में फीफा पुरस्कार जीतने वाले रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो को इस साल के पुरस्कार के लिए 14 खिलाड़ियों की शुरूआती सूची में जगह नहीं मिली थी। मेसी ने इसके साथ ही 16वीं बार पुरुषों की सर्वश्रेष्ठ एकादश में जगह बनाकर रोनाल्डो के साथ साझा किए गए रिकॉर्ड को तोड़ा दिया।

इस टीम में बेल्जियम के थिबाउट कोर्टोइस, मोरक्को के अशरफ हकीमी, पुर्तगाल के जोआओ कैंसेलो, नीदरलैंड के वर्जिल वैन डिज्क, बेल्जियम के केविन डी ब्रुइन, क्रोएशिया के लुका मोड्रिच, ब्राजील के कासेमीरो, नॉर्वे के एर्लिंग हालांड और फ्रांस के एम्बाप्पे तथा बेंजेमा शामिल है। पुटेलस ने अमेरिका की एलेक्स मॉर्गन और इंग्लैंड की बेथ मीड को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता।

दूसरा टेस्ट : न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को हराया

एजेंसी। वेलिंगटन

न्यूजीलैंड ने नील वैगनर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रोमांच और उत्साह से भरे दूसरे टेस्ट में मंगलवार को इंग्लैंड पर एक रन की ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

पहली पारी में 226 रन से पिछड़कर फॉलोऑन मिलने पर न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के सामने 258 रन का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में इंग्लैंड मैच के पांचवें दिन 256 रन पर ऑलआउट हो गयी।

वैगनर ने ब्लैक कैप्स की इस यादगार जीत में चार विकेट लिये, जबकि टीम साउदी को तीन और मैट हेनरी को दो विकेट हासिल हुए।

इंग्लैंड फॉलो ऑन देकर टेस्ट हारने वाली दूसरी टीम है, जबकि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया तीन बार फॉलो ऑन देकर हार का स्वाद चख चुकी है। न्यूजीलैंड टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक रन के अंतर से मैच जीतने वाली दूसरी टीम है।

इंग्लैंड ने दिन की शुरूआत 48/1 के स्कोर से की और पलक झपकते ही तीन विकेट गंवा दिये। युवा प्रतिभावान बल्लेबाज हैरी ब्रूक एक भी गेंद खेले बिना रनआउट हो गये और इंग्लैंड की आधी टीम 80 रन पर ही पवेलियन लौट गयी।

इंग्लैंड को अब भी जीत के लिये 178 रन की जरूरत थी, जिसके बाद रूट और कप्तान बेन स्टोक्स ने मिलकर पारी को संभाला। पहली पारी में शतक जड़ने वाले रूट ने घुटने की चोट से जूझ रहे स्टोक्स के साथ मिलकर छठे विकेट के लिये 121 रन की साझेदारी की।

रूट-स्टोक्स मैच को न्यूजीलैंड से दूर ले जा रहे थे कि तभी वैगनर ने गेंद थामकर मुकाबले का रुख पलट दिया। उन्होंने स्टोक्स और रूट के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड (11) को भी छोटी गेंद पर आउट किया। रूट ने अपनी जुझारू पारी में 113 गेंद पर आठ चौकों और तीन छक्कों के साथ 95 रन बनाये, जबकि स्टोक्स ने 116 गेंद पर छह चौकों के साथ 33 रन की पारी खेली।

इंग्लैंड के आठ विकेट गिरने के बाद बेन फोक्स ने पारी को संभालकर मैच का रोमांच और बढ़ा दिया। उन्होंने 35 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर जैक लीच (31 गेंद, एक रन) के साथ 36 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड जब जीत से सिर्फ सात रन दूर था तब साउदी ने फोक्स का बहुमूल्य विकेट ले लिया। जेम्स एंडरसन ने चौका लगाकर इंग्लैंड को जीत के करीब पहुंचाया मगर न्यूजीलैंड के नायक वैगनर ने एंडरसन को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच आउट करवा कर मेजबान टीम को एक रन की यादगार जीत दिलाई।

न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ दो मैचों की टेस्ट शृंखला 1-1 से बराबर कर ली। उसे अब दो टेस्ट मैचों के लिये श्रीलंका की मेजबानी करनी है।

शुभमन गिल बने जनवरी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी। नई दिल्ली

आईसीसी ने जनवरी महीने के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की घोषणा कर दी है, जिसमें भारतीय युवा सलामी बल्लेबाजी शुभमन गिल ने बाजी मारी है। गिल ने जनवरी महीने में कुल 5 टी20 और 7 वनडे मुकाबले खेले और कुल 643 रन बनाए। पांच टी20 में गिल मात्र 76 रन ही बना पाए, जबकि वनडे में उनका बल्ला खूब चला। उन्होंने वनडे में कुल 567 रन बनाए, जिसमें एक दोहरा शतक, दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। गिल को उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के अवॉर्ड से नवाजा गया। शुभमन गिल ने जनवरी महीने का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बनने के लिए दो अन्य खिलाड़ियों को पछाड़ा, जिनमें उनकी टीम के साथी गेंदबाज मोहम्मद सिराज और न्यूजीलैंड टीम के बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे शामिल है।

संतोष ट्रॉफी की सेमीफाइनलिस्ट टीमें रियाद पहुंची

रियाद। संतोष ट्रॉफी सेमीफाइनलिस्ट पंजाब, सर्विसेज, कर्नाटक और मेघालय की टीमें रियाद पहुंच गई हैं। जहां वे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले के लिए जोर आजमाईश करेंगी। संतोष ट्रॉफी की अरेबियन कहानी रियाद के किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम में शुरू होगी। पंजाब और मेघालय की टीमें पहले सेमीफाइनल में बुधवार, 1 मार्च को आमने-सामने होंगी। उसके बाद दूसरा सेमीफाइनल इसी दिन, कर्नाटक और सर्विसेज के बीच इसी मैदान पर खेला जाएगा। सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमें तीसरे स्थान के लिए किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम में 4 मार्च को आमने-सामने होंगी, जो भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे से शुरू होगा, फाइनल मुकाबला इसी मैदान पर रात 9 बजे खेला जाएगा। सर्विसेज टीम के हेड कोच एमजी रामचंद्रन ने रियाद में उतरने के बाद कहा, पूरी टीम इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित है।

भारतीय महिला टीम को विश्व कप टी 20 में डायरेक्ट एंट्री

एजेंसी। दुबई

भारत दक्षिण अफ्रीका में हुए विश्व कप में अपने समूह में शीर्ष-तीन में रहने के आधार पर बांग्लादेश में होने वाले 2024 आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला टी20 विश्व कप के लिए आठ स्वतः क्वालीफाई करने वाली टीम में से एक है। दक्षिण अफ्रीका में हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप के प्रत्येक (दो) ग्रुप की शीर्ष-तीन टीमों ने स्वतः क्वालीफिकेशन हासिल की। इसके अलावा मेजबान बांग्लादेश और पाकिस्तान की महिला टीम ने भी स्वतः क्वालीफिकेशन हासिल की। बांग्लादेश मेजबान के तौर पर जबकि पाकिस्तान ने क्वालीफाई करने वाली छह टीमों के बाद शीर्ष रैंकिंग की टीम के तौर पर अपनी जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप एक से क्वालीफाई किया, जबकि इंग्लैंड, भारत और वेस्टइंडीज ने ग्रुप दो से क्वालीफाई किया। श्रीलंका और आयरलैंड की टीमें इस टी20 विश्व कप से क्वालीफाई करने में असफल रहीं। श्रीलंका इस समय रैंकिंग में आठवें स्थान पर है जबकि आयरलैंड 10वें स्थान पर है। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि टूर्नामेंट के शेष बचे हुए दो स्थानों के लिए 2024 की शुरूआत में एक वैश्विक क्वालीफायर का आयोजन किया जाएगा।

बॉर्डर-गावास्कर ट्रॉफी

भारत और ऑस्ट्रेलिया की नजरें डब्ल्यूटीसी फाइनल पर

तीसरा टेस्ट मैच आज

एजेंसी। इंदौर

भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में बुधवार को जब यहां होल्कर मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश घरेलू सरजमीं पर लगातार 16वीं सीरीज में जीत के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में अपनी जगह पूरी तरह से पक्की करने की होगी, वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया को चार मैचों की सीरीज में वापसी के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना होगा। भारतीय टीम ने शुरूआती दो मैच जीतकर पहले ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है और इस मैच में टीम के सामने एक बड़ी चुनौती चयन को लेकर है। टीम को खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल और शुभमन गिल में से किसी एक को चुनना होगा। राहुल अब उप-कप्तान नहीं हैं, लेकिन टीम प्रबंधन ने उन पर जबरदस्त विश्वास दिखाया है और ऐसे में उन्हें लय हासिल करने का एक और मौका मिल सकता है।

कोहली के पास रनों का पहाड़ खड़ा करने का मौका

स्पिनरों के दबदबे वाली श्रृंखला में अब तक इकलौता शतक रोहित शर्मा के बल्ले से निकला है। अगर भारतीय टीम को पहले दिन बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है, तो उनके अलावा चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के पास रनों का पहाड़ खड़ा करने का मौका होगा। रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की तिकड़ी गेंद से कमाल का प्रदर्शन करने के अलावा सीरीज में अब तक अधिकांश रन भी बनाए हैं। निचले क्रम में हालांकि उनसे नियमित रूप से रन बनाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है ऐसे में शीर्ष क्रम को यह जिम्मेदारी उठानी होगी। भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने की ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की रणनीति पूरी तरह से विफल रही लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने प्रतिद्वंद्वी स्पिनरों के खिलाफ पारंपरिक तरीका अपनाया और उन्हें इसका फायदा भी मिला। रोहित का फुटवर्क शानदार रहा तो वहीं कोहली भी बल्लेबाजी के दौरान सहज दिखे। अपने 100वें टेस्ट की दूसरी पारी में चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद 31 रन की पारी खेली जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा।

कमान स्टीव स्मिथ के हाथों में होगी

होलकर स्टेडियम में काली और लाल दोनों तरह की मिट्टी की पिच है। पिच क्यूरेटरों ने हालांकि काली मिट्टी की पिच को इस्तेमाल करने का फैसला किया है , जिस पर आमतौर पर लाल मिट्टी की तुलना में टर्न और उछाल कम होगी। नागपुर और दिल्ली में शिकस्त झेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया को अपनी योजना पर काम करने के लिए काफी समय मिला। टीम को हालांकि दिल्ली की हार अधिक खलेगी क्योंकि सिर्फ एक सत्र में खराब प्रदर्शन का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। इंदौर में हालांकि टीम में कई बदलाव के साथ मैदान पर उतरेगी। कप्तान पैट कमिंस के साथ अपनी बीमार मां के साथ रहने के लिए स्वदेश लौट गये है। एश्टन अगर, जोश हेजलवुड और डेविड वॉर्नर भी चोट के कारण स्वदेश लौट आए हैं। ऐसे में टीम की कमान स्टीव स्मिथ के हाथों में होगी।

स्टार्क-कैमरन ग्रीन फिट हैं

भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट लगाने की योजना पूरी तरह से विफल होने के बाद उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज अश्विन और जडेजा के खिलाफ पारंपरिक योजना से बल्लेबाजी करेंगे। इन दोनों गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अक्षर को इन दो टेस्ट मैचों में सिर्फ 26 ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला है। वॉर्नर की गैरमौजूदगी में उस्मान ख्वाजा के साथ ट्रेविस हेड पारी का आगाज कर सकते है। ख्वाजा ने दिल्ली में पहली पारी में 81 रन बनाये थे जबकि दूसरी पारी में हेड ने भारतीय स्पिनरों पर दबाव बनाया था। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी इकाई काफी हद तक स्मिथ और मार्नुस लाबुशेन पर निर्भर है लेकिन यह दोनों बल्लेबाज श्रृंखला में अभी लय में नहीं दिखे है। मिशेल स्टार्क के साथ ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन फिट हैं और दोनों को अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद है। इस बात की संभावना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम नाथन लियोन, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमैन के रूप में तीन विशेषज्ञ स्पिनरों के साथ मैदान में उतरेगी।